चिंतन

अर्थव्यवस्था पर संकट नहीं, चुनौतियां बरकरार

आर्थिकी
सतीश सिंह

भारतीय अर्थव्यवस्था ने एक बार फिर अपनी मजबूती और लचीलापन साबित किया है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार जनवरी-मार्च तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर 7.8 प्रतिशत रही, जिसके परिणामस्वरूप पूरे वित्त वर्ष 2025-26 में आर्थिक विकास दर 7.7 प्रतिशत तक पहुंच गई। वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं, भू-राजनीतिक तनावों, खाड़ी संकट और व्यापारिक चुनौतियों के बीच यह प्रदर्शन न केवल उत्साहवर्धक है, बल्कि भारत को दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में भी बनाए रखता है। भारत का घरेलू उपभोग मजबूत हुआ है। बता दें कि 2025-26 वह साल रहा है, जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारतीय अर्थव्यवस्था को चोट पहुंचाने में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ी। 50 फीसदी टैरिफ तक ट्रंप ने भारत पर लगाया, लेकिन तमाम बाधाओं को पार करते हुए भारतीय अर्थव्यवस्था ने बेहतरीन प्रदर्शन किया है। इन आंकड़ों से संतोष का भाव अवश्य पैदा होता है, लेकिन इसके साथ कुछ महत्वपूर्ण संकेतों को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। चौथी तिमाही में मैन्युफैक्चरिंग क्षेत्र की वृद्धि दर का 12.8 प्रतिशत से घटकर 7.3 प्रतिशत पर आना बताता है कि उत्पादन गतिविधियों में अपेक्षित गति नहीं बनी हुई है। यह स्थिति इसलिए भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि रोजगार सृजन, निर्यात वृद्धि और औद्योगिक विस्तार का आधार यही क्षेत्र माना जाता है। यदि विनिर्माण क्षेत्र की रफ्तार कमजोर पड़ती है तो दीर्घकाल में इसका असर रोजगार और आय वृद्धि पर भी दिखाई दे सकता है। वर्ष 2026 की चुनौतियां और बड़ी हैं। तेल की बढ़ती कीमतें और इस बार कमजोर मानसून किसानों और लोगों की जेब पर असर डाल रहा है। इससे जहां उत्पादन प्रभावित हो सकता है, वहीं सरकारी खजाने पर भी दबाव बढ़ सकता है। ऐसे में सरकार के लिए कई गंभीर चुनौतियां खड़ी हो सकती हैं। आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने इस वित्त वर्ष में जीडीपी पूर्वानुमान में 30 बीपीएस की कटौती कर 6.9% से घटाकर 6.6% तक कर दिया है। यदि खाड़ी संकट जल्द हल नहीं हुआ तो आने वाले समय में यह अनुमान और भी कम हो सकता है। इससे सरकार के सामने रोजगार सृजन, निवेश और विनिर्माण क्षेत्र में संकट पैदा हो सकता है। हालांकि आरबीआई ने अपनी मौद्रिक नीति समीक्षा में नीतिगत दर रेपो को 5.25 प्रतिशत पर बरकरार रखकर संकेत दिया है कि सरकार पैनिक नहीं है और अर्थव्यवस्था दबाव में नहीं है, लेकिन कमजोर मानसून और अर्थव्यवस्था के लिए कई चुनौतियां बरकरार हैं। दूसरी ओर, भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा अगले वित्त वर्ष में विकास दर 6.6 प्रतिशत रहने का अनुमान यह संकेत देता है कि आगे का रास्ता पूरी तरह आसान नहीं है। वैश्विक बाजारों में अनिश्चितता, मांग में उतार-चढ़ाव और निवेश संबंधी चुनौतियां अभी भी मौजूद हैं। ऐसे में सरकार और उद्योग जगत दोनों को विकास की गति बनाए रखने के लिए अतिरिक्त प्रयास करने होंगे। कुल मिलाकर मौजूदा आंकड़े यह स्पष्ट करते हैं कि भारतीय अर्थव्यवस्था किसी संकट में नहीं है और उसकी बुनियाद मजबूत बनी हुई है, लेकिन केवल ऊंची विकास दर ही पर्याप्त नहीं है। वास्तविक सफलता तब मानी जाएगी, जब आर्थिक वृद्धि के साथ रोजगार, आय, निवेश और जीवन स्तर में भी व्यापक सुधार दिखाई दे। इसलिए उपलब्धियों का स्वागत करते हुए चुनौतियों के प्रति सजग रहना ही समय की मांग है।

मुश्किलों के बीच सुधार के भी संकेत

सेवा क्षेत्र की गतिविधियों में तेजी, औद्योगिक उत्पादन में सुधार, पूंजीगत वस्तुओं की मांग में वृद्धि, जीएसटी संग्रह में स्थिरता और कंपनियों के बेहतर मुनाफे इस बात की ओर संकेत करते हैं कि अर्थव्यवस्था में मांग और उत्पादन दोनों स्तरों पर गति बनी हुई है। फिर भी यह सुधार पूरी तरह जोखिम-मुक्त नहीं है। घरेलू और बाहरी दोनों मोर्चों पर मौजूद चुनौतियां ताकीद करती हैं कि विकास की मौजूदा रफ्तार को स्थायी बनाने के लिए सतर्क नीति, संतुलित खर्च और लागत नियंत्रण जरूरी है। मई में भारत के सेवा क्षेत्र ने उल्लेखनीय प्रदर्शन किया। एचएसबीसी इंडिया सर्विसेज पीएमआई बिजनेस एक्टिविटी इंडेक्स अप्रैल के 58 .8 से बढ़कर मई में 59 .8 पर पहुंच गया, जो पिछले 6 महीनों का उच्चतम स्तर है।

वैश्विक अनिश्चितताओं, महंगाई के दबाव, आपूर्ति शृंखला की बाधाओं और भू-राजनीतिक तनावों के बीच भारतीय अर्थव्यवस्था से कुछ उत्साहजनक संकेत मिल रहे हैं। सेवा क्षेत्र की गतिविधियों में तेजी, औद्योगिक उत्पादन में सुधार, पूंजीगत वस्तुओं की मांग में वृद्धि, जीएसटी संग्रह में स्थिरता और कंपनियों के बेहतर मुनाफे इस बात की ओर संकेत करते हैं कि अर्थव्यवस्था में मांग और उत्पादन दोनों स्तरों पर गति बनी हुई है। फिर भी यह सुधार पूरी तरह जोखिम-मुक्त नहीं है।

घरेलू और बाहरी दोनों मोर्चों पर मौजूद चुनौतियां ताकीद करती हैं कि विकास की मौजूदा रफ्तार को स्थायी बनाने के लिए सतर्क नीति, संतुलित खर्च और लागत नियंत्रण जरूरी है। मई में भारत के सेवा क्षेत्र ने उल्लेखनीय प्रदर्शन किया। एचएसबीसी इंडिया सर्विसेज पीएमआई बिजनेस एक्टिविटी इंडेक्स अप्रैल के 58.8 से बढ़कर मई में 59.8 पर पहुंच गया, जो पिछले 6 महीनों का उच्चतम स्तर है। पीएमआई में 50 से ऊपर का स्तर विस्तार का संकेत है। यह आंकड़ा बताता है कि सेवा क्षेत्र में कारोबार, मांग और उत्पादन की गतिविधियां मजबूत बनी हुई हैं। यह वृद्धि केवल घरेलू मांग तक सीमित नहीं रही, बल्कि भारत से उपलब्ध कराई जाने वाली सेवाओं की विदेशी मांग में भी सुधार दिखा। अप्रैल में आई गिरावट के बाद अंतरराष्ट्रीय ऑर्डरों में फिर से बढ़ोतरी दर्ज होना सकारात्मक संकेत है। सेवा क्षेत्र की मजबूती कई कारणों से महत्वपूर्ण है। भारत की अर्थव्यवस्था में सेवा क्षेत्र का बड़ा योगदान है और रोजगार सृजन से लेकर निर्यात आय तक इसके असर व्यापक हैं। मई में माल ढुलाई, डिजिटल समाधान, ई-कॉमर्स, मनोरंजन और सूचना प्रौद्योगिकी जैसी सेवाओं की मांग बढ़ी। इसका सीधा असर कंपनियों की कारोबारी गतिविधियों पर पड़ा और कई कंपनियों ने कर्मचारियों की संख्या में वृद्धि भी की। रोजगार के मोर्चे पर यह संकेत आश्वस्त करने वाला है, क्योंकि विकास तभी व्यापक माना जाता है जब उसका लाभ रोजगार और आय वृद्धि के रूप में आम लोगों तक पहुंचे। हालांकि, रोजगार वृद्धि में मामूली वृद्धि देखी गई है, क्योंकि 7 प्रतिशत से कम कंपनियों ने नई भर्ती की सूचना दी, जबकि अधिकांश कंपनियों ने अपने कर्मचारियों की संख्या में कोई बदलाव नहीं किया। इसका अर्थ यह है कि रोजगार सृजन का रुझान सकारात्मक जरूर है, पर उसे संतोषजनक नहीं माना सकता। भारत जैसे बड़े श्रम-प्रधान देश में केवल सेवा क्षेत्र की चुनिंदा कंपनियों की भर्ती पर्याप्त नहीं है। रोजगार वृद्धि को टिकाऊ बनाने के लिए विनिर्माण, निर्माण, कृषि-आधारित उद्योगों और छोटे उद्यमों में भी मांग और निवेश का विस्तार जरूरी है। औद्योगिक मोर्चे पर भी कुछ बेहतर संकेत दिखाई दे रहे हैं। अप्रैल में औद्योगिक उत्पादन सूचकांक यानी आईआईपी की वृद्धि दर 4.9 प्रतिशत रही, जबकि मार्च में यह 3.2 प्रतिशत थी। इस सुधार में सबसे बड़ा योगदान विनिर्माण क्षेत्र का रहा, जिसकी वृद्धि दर अप्रैल में 6.2 प्रतिशत तक पहुंच गई। बिजली और गैस क्षेत्र में भी वृद्धि दर्ज की गई। यह संकेत देता है कि उत्पादन गतिविधियां धीरे-धीरे रफ्तार पकड़ रही हैं। उपभोक्ता वस्तुओं की मांग में सुधार और पूंजीगत वस्तुओं की वृद्धि दर का 16 प्रतिशत तक पहुंचना खास तौर पर महत्वपूर्ण है। पूंजीगत वस्तुओं की

मांग बढ़ना इस बात का संकेत है कि कंपनियां भविष्य की मांग को लेकर कुछ हद तक आश्वस्त हैं और वे विस्तार की तैयारी कर रही हैं। फिर भी, मौजूदा सकारात्मक संकेत को स्थायी नहीं माना जा सकता है। एक-दो महीनों के बेहतर आंकड़े से किसी बड़े निष्कर्ष पर नहीं पहुंचा जा सकता। राजकोषीय मोर्चे पर भी कुछ सकारात्मक संकेत हैं। वित्त वर्ष 2026 में कई मंत्रालयों और विभागों का खर्च संशोधित अनुमान से कम रहा, जिससे कुल व्यय में कमी आई और राजकोषीय घाटा संशोधित अनुमान से घट गया। वित्तीय अनुशासन की दृष्टि से यह अच्छा संकेत है, क्योंकि नियंत्रित घाटा सरकार को भविष्य में विकासोन्मुख खर्च के लिए अधिक गुंजाइश दे सकता है। जीएसटी संग्रह में वृद्धि भी मांग और आर्थिक गतिविधियों की स्थिरता का संकेत देती है। जीएसटी संग्रह का बढ़ना यह बताता है कि खपत और लेन-देन का दायरा बना हुआ है। लेकिन जीएसटी संग्रह की वृद्धि दर को भी महंगाई और अनुपालन सुधार के संदर्भ में देखना चाहिए। अगर संग्रह में वृद्धि वास्तविक खपत और उत्पादन वृद्धि से आ रही है, तो यह अर्थव्यवस्था के लिए स्वस्थ संकेत है; पर यदि इसका बड़ा हिस्सा कीमतों की वृद्धि से जुड़ा है, तो आम उपभोक्ता पर दबाव भी बढ़ सकता है। कॉर्पोरेट जगत के नतीजे भी अर्थव्यवस्था की मिश्रित लेकिन आशावादी तस्वीर पेश करते हैं। बैंकों ने मजबूत ऋण वृद्धि और बेहतर मार्जिन के सहारे अच्छे परिणाम दिए। ऑटोमोबाइल कंपनियों को मांग और वॉल्यूम का लाभ मिला। वहीं तेल, धातु और कुछ सरकारी कंपनियों का प्रदर्शन मिश्रित रहा। इससे स्पष्ट है कि अर्थव्यवस्था में सुधार का स्वरूप समान नहीं है। कुछ क्षेत्र तेज बढ़ रहे हैं, जबकि कुछ क्षेत्र लागत, कीमत और वैश्विक परिस्थितियों से प्रभावित हैं। सबसे बड़ी चुनौती महंगाई और लागत दबाव की है। सेवा क्षेत्र की कंपनियों ने खाद्य पदार्थों, ईंधन, गैस, मजदूरी और कच्चे माल पर अधिक खर्च की बात कही है। पश्चिम एशिया में तनाव, कच्चे तेल की कीमतों की अनिश्चितता, वैश्विक व्यापार नीतियों में उतार-चढ़ाव और मौसम संबंधी जोखिम से महंगाई में और भी इजाफ़ा हो सकता है। खाद्य महंगाई का सीधा असर आम परिवारों की रसोई और उपभोग क्षमता पर पड़ता है। यदि मानसून कमजोर रहता है या अल नीनो जैसी जलवायु परिस्थितियां कृषि उत्पादन को प्रभावित करती हैं, तो खाद्य कीमतों पर दबाव बढ़ सकता है। निर्यात क्षेत्र भी चिंता का विषय है। रुपये में कमजोरी के बावजूद भारत का माल निर्यात अपेक्षित गति नहीं पकड़ पा रहा। सामान्यतः कमजोर रुपया निर्यात को प्रतिस्पर्धी बनाता है, लेकिन जब वैश्विक मांग ही कमजोर हो तो इसका लाभ सीमित रह जाता है।

विकसित अर्थव्यवस्थाओं में सुस्ती, व्यापारिक संरक्षणवाद और भू-राजनीतिक तनाव भारतीय निर्यातकों के लिए बाधा बन सकते हैं। ऐसे में केवल मुद्रा विनिमय दर पर निर्भर रहने के बजाय उत्पादकता, गुणवत्ता, लॉजिस्टिक्स और बाजार विविधीकरण पर अधिक ध्यान देने की जरूरत है। निष्कर्षतः भारतीय अर्थव्यवस्था फिलहाल कठिनाइयों के बीच सुधार के संकेत दे रही है। सेवा क्षेत्र की मजबूती, औद्योगिक उत्पादन में सुधार, पूंजीगत वस्तुओं की मांग, बेहतर कॉर्पोरेट नतीजे और राजकोषीय घाटे में कमी सकारात्मक संकेत हैं, लेकिन इन संकेतों को आत्मसंतोष का आधार नहीं बनाया जा सकता। महंगाई, कमजोर वैश्विक मांग, निर्यात की सुस्ती, मौसम संबंधी जोखिम और लागत दबाव अभी भी गंभीर चुनौतियां हैं। ऐसे में सरकार को चाहिए कि वह विकास की गति को बनाए रखते हुए महंगाई पर नियंत्रण रखे, निवेश को प्रोत्साहित करे, रोजगार को व्यापक बनाए और बाहरी झटकों से अर्थव्यवस्था को बचाने की क्षमता बढ़ाने पर जोर दे।

(लेखक वरिष्ठ आर्थिक स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

मुद्दा
रवि शंकर

पेट्रोल और डीजल जीएसटी से बाहर क्यों

देश में पेट्रोल और डीजल की लगातार बढ़ती कीमतों ने आम लोगों की चिंता बढ़ा दी है। खासकर मध्यम वर्ग और रोज कमाने-खाने वाले लोगों में इसे लेकर चिंता बढ़ती जा रही है। बताया जा रहा है कि पश्चिम एशिया में जारी तनाव और युद्ध जैसे हालात के कारण कच्चे तेल के आयात पर असर पड़ा है। इसी वजह से तेल कंपनियां बढ़ी हुई लागत का बोझ धीरे-धीरे उपभोक्ताओं पर डाल रही हैं। बता दें कि पिछले 15 दिनों में यह चौथी बार है जब पेट्रोल-डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी की गई। कीमतों में बढ़ोतरी से आम लोगों, यात्रियों और परिवहन क्षेत्र पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ बढ़ गया है। पेट्रोल और डीजल के दाम बढ़ने से सिर्फ वाहन चालकों की ही नहीं, बल्कि रोजमर्रा की जरूरत की चीजों की कीमतों पर भी असर पड़ रहा है। वही देश के कई हिस्सों में इस समय कृषि कार्य, फसल परिवहन और आगामी बुवाई की तैयारियां चल रही हैं, जहां डीजल का व्यापक उपयोग होता है। ऐसे समय में डीजल की कीमतों में लगातार वृद्धि किसानों के लिए गंभीर संकट पैदा कर रही है। खेती की लागत बढ़ने से पहले से आर्थिक दबाव झेल रहा किसान और अधिक कर्ज के बोझ तले दबेगा। वर्तमान में देश के कई राज्यों और शहरों में पेट्रोल का दाम 100 रुपये प्रति लीटर के आंकड़े को पार कर चुका है। ऐसे में एक बार फिर पेट्रोल और डीजल को जीएसटी के दायरे में लाने की मांग तेज हो गई है। माना जा रहा है कि अगर ऐसा होता है तो ईंधन की कीमतों में बड़ी गिरावट देखने को मिल सकती है और लोगों को सीधी राहत मिलेगी। दरअसल, पेट्रोल की असल कीमत और उपभोक्ता द्वारा चुकाई जाने वाली कीमत में बड़ा अंतर टैक्स की वजह से है। मौजूदा समय में दिल्ली में बिकने वाले पेट्रोल की असली (बेस) कीमत सिर्फ 66.29 रुपये प्रति लीटर है। लेकिन इस पर केंद्र सरकार 11.90 रुपये प्रति लीटर का भारी-भरकम उत्पाद शुल्क वसूलती है। इसके बाद राज्य सरकार (दिल्ली सरकार) इस पर 16.03 रुपये का वैट लगा देती है। इसके अलावा, पेट्रोल पंप डीलर को प्रति लीटर 4.42 रुपये का कमीशन मिलता है। इन सभी शुल्कों को मिलाकर एक लीटर पेट्रोल के लिए उपभोक्ता को 100 रुपये से ज्यादा चुकाने पड़ते हैं। यानी, लगभग 28 से 30 रुपये सिर्फ टैक्स के रूप में जनता की जेब से जा रहे हैं। वर्तमान समय में पेट्रोल पर वास्तविक मूल्य के मुकाबले करीब 42 प्रतिशत और डीजल पर लगभग 32 प्रतिशत तक टैक्स लगाया जा रहा है। अलग-अलग राज्यों में वैट की दरें अलग होने के कारण पेट्रोल-डीजल की कीमतों में बड़ा अंतर देखने को मिलता है। तेलंगाना में पेट्रोल सबसे महंगा है क्योंकि वहां पेट्रोल पर करीब 35.2 प्रतिशत वैट लगाया जाता है। वहीं अंडमान-निकोबार में पेट्रोल और डीजल पर केवल एक प्रतिशत वैट होने के कारण वहां ईंधन सबसे सस्ता बताया गया है। अगर केंद्र और राज्य सरकारें अपने मौजूदा टैक्स (एक्साइज और वैट) को हटाकर ईंधन को जीएसटी के तहत लाती हैं, तो कीमतों में ऐतिहासिक कटौती हो सकती है। मान लीजिए कि डीलर का कमीशन जस का तस रहता है और तेल पर 18 फीसदी की दर से जीएसटी लगाया जाता है, तो 66.29 रुपये के मूल दाम पर केवल 11.93 रुपये का टैक्स बनेगा। इस नए गणित के हिसाब से दिल्ली में पेट्रोल की कीमत घटकर 78.22 रुपये प्रति लीटर रह जाएगी। इसका सीधा अर्थ है कि ग्राहकों को प्रति लीटर लगभग 22 रुपये की भारी बचत होगी। गौरतलब है कि 2017 में जब जीएसटी लागू किया गया था, तो वन नेशन वन टैक्स की बात कही गई थी और कहा गया था कि देश में हर चीज पर एक समान टैक्स होगा और एक समान रेट होगा, लेकिन पेट्रोल-डीजल पर सभी राज्य मनमानी करते हुए अपने अपने हिसाब से वैट वसूल रहे हैं। इसके कारण हर राज्य में पेट्रोल-डीजल की दरें अलग-अलग हैं। इससे वन नेशन वन टैक्स की अवधारणा पर भी कुठाराघात हो रहा है। ये उत्पाद केंद्र और राज्य सरकारों के लिए राजस्व का प्रमुख स्रोत हैं। राज्यों को डर है कि जीएसटी के तहत इन उत्पादों को लाने से उनकी कर नीति, मूल्य निर्धारण और खपत को प्रभावित करने की क्षमता पर असर पड़ेगा। कई राज्यों का मानना है कि पेट्रोल और डीजल पर वैट उनकी आर्थिक स्थिरता के लिए महत्वपूर्ण है। जीएसटी में शामिल होने पर वे इस स्वायत्तता को खो सकते हैं। पेट्रोल और डीजल को जीएसटी के दायरे में लाने के लिए राज्यों की सहमति और कर दर पर एकरूपता जरूरी है। हालांकि पेट्रोल और डीजल को जीएसटी के तहत लाने का फैसला केंद्र और राज्य सरकारों की सहमति पर निर्भर करेगा, क्योंकि इससे राज्यों की टैक्स आय पर बड़ा असर पड़ सकता है, क्योंकि इससे टैक्स से होने वाली बड़ी कमाई प्रभावित होगी।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

सत्य के प्रति जागने में ही है 'जीवन की महत्ता'

संकलित
दर्शन

प्रत्येक व्यक्ति का इस जगत में आना एक संयोग है और यह संयोग परमात्मा की कृपा की देन है, लेकिन संसार में सभी के आने का संयोग कुछ पाने के लिए है, खोने के लिए नहीं। इसलिए कि खोना आसान है, परंतु पाना बहुत ही कठिन है। संसार में प्रायः लोग सोने वाले हैं, जागने वाले कम। जागने वाले ही कुछ पाते हैं और सोने वाले सब कुछ खो देते हैं। जागने वाले ही इस संसार में जीवित हैं और सोने वाले मृत। सच्चाई के लिए जागना ही है, जड़ता का त्याग। जड़ता के त्याग के बिना पशुता की स्थिति से उबरना संभव नहीं है। जड़ता सुषुप्ति की अवस्था है और जड़ता का त्याग जागृतावस्था। जागृतावस्था में जीवन के उत्थान, विकास, महानता प्राप्ति का संयोग है और सुषुप्तावस्था में मृत्यु, पतन, अवनति, निंदा, दुखभरी स्थिति है। जागने में भलाई है और सोने में बुराई है। यह पतन की ओर ले जाने वाला है। व्यक्ति जन्म के समय न कुछ लेकर आता और न ही मृत्यु के समय कुछ लेकर जाता है। झूठ बोलकर की गई सारी कमाई यहीं रह जाती हैं, लेकिन सत्य की कमाई सदा साथ रहती है। त्याग, प्रेम, सत्य, जिम्मेदारी के प्रति जागना ही जीवन में सत्कर्म है और यह सत्कर्म ही पुण्य की कमाई है, जो कभी नष्ट नहीं हो सकती। परमात्मा तो सिर्फ सत्य मार्ग पर चलने वाले का साथ देता है और कुमार्गगामी को दंड भी देता है। सत्य के प्रति सजगता ही चेतना का ऊर्ध्वमुखी होना होता है। इसके विपरीत असत्य के प्रति चेतना की जागृति विनाश, पतन का मूल है।

ईश्वर ने मेरे भाग्य में क्या लिखा है



संकलित
प्रेरणा

एक बार स्वामी विवेकानद जी अपने आश्रम में एक छोटे पालतू कुत्ते के साथ टहल रहे थे। तभी अचानक एक युवक उनके आश्रम में आया और उनके पैरों में झुक गया और कहने लगा- स्वामीजी मैं अपनी जिंदगी से बड़ा परेशान हूँ। मैं प्रतिदिन पुरुषार्थ करता हूँ लेकिन आज तक मैं सफलता प्राप्त नहीं कर पाया। पता नहीं ईश्वर ने मेरे भाग्य में क्या लिखा है, जो इतना पढ़ा-लिखा होने के बावजूद भी मैं नाकामयाब हूँ। युवक की परेशानी को स्वामीजी ने तुरंत समझ लिया। उन्होंने युवक से कहा- भाई! थोड़ा मेरे इस कुत्ते को कहीं दूर तक सैर करा दो। उसके बाद मैं तुम्हारे प्रश्नों का उत्तर दूंगा। उनकी इस बात पर युवक को थोड़ा अजीब लगा लेकिन दोबारा उसने कोई प्रश्न नहीं किया और कुत्ते को दौड़ाते हुए आगे निकल पड़ा। कुत्ते को सैर कराने के बाद, जब एक युवक आश्रम में पहुंचा तो वह देखा कि युवक का चेहरा तेज है लेकिन उसका छोटा कुत्ता थक के जोर-जोर से हांफ रहा था। स्वामीजी ने पूछा- भाई, मेरा कुत्ता इतना कैसे थक गया? तुम तो बड़े शांत दिख रहे हो। क्या तुम्हें थकावट नहीं हुई? युवक ने कहा- स्वामीजी, मैं धीरे-धीरे आराम से चल रहा था, लेकिन मेरा कुत्ता अशांत था। सभी जानवरों के पीछे दौड़ता था, इसीलिए बहुत थक गया था। तब विवेकानंद ने कहा- भाई, तुम्हारे प्रश्नों का उत्तर तो यही है! तुम्हारा लक्ष्य तुम्हारे आसपास है, लेकिन तुम उससे दूर चलते हो। अन्य लोगों के पीछे दौड़ते रहते हो और तुम जो चाहते हो वह दूर हो जाता है। युवक ने विवेकानंद के उत्तर से संतुष्ट होकर अपनी गलती को सुधारने का निर्णय लिया। अतः अपने लक्ष्य पर ध्यान रखो और भटकाने वाली सोच से दूरी बनाओ।

अंतर्मन



आज की पाती

पर्यावरण संरक्षण : आज का संकल्प, कल का भविष्य

धरती केवल मिट्टी, जल, वायु और पेड़ों का समूह नहीं है। यह मानव सभ्यता की जननी है, जीवन की धड़कन है और आने वाली पीढ़ियों की सबसे बड़ी धरोहर है। जब भी सुबह का सूरज पर्वतों की चोटियों को सुनहरी आभा से भर देता है, जब नदियों का निर्मल जल कल-कल करता हुआ बहता है, जब खेतों में हरियाली लहराती है और पक्षियों का मधुर कलरव वातावरण में संगीत घोल देता है, तब प्रकृति अपनी सुंदरता का परिचय देती है। किंतु आज यही प्रकृति मानव की अंधाधुंध महत्वाकांक्षाओं और स्वार्थपूर्ण गतिविधियों के कारण कराह रही है। बढ़ता प्रदूषण, कटते जंगल, सूखती नदियां, पिघलते हिमनद, बढ़ता तापमान और असंतुलित मौसम मानव को चेतावनी दे रहे हैं कि यदि अभी नहीं संभले, तो आने वाला भविष्य अत्यंत भयावह हो सकता है। - चेतन वर्मा, धमतरी

ट्रेंड

विकास गति मजबूत

भारत की डिजिटल अवसंरचना यात्रा उल्लेखनीय गति पकड़ रही है। एयरटेल ने भारत में लगभग 3 लाख करोड़ रुपये का निवेश करने और 5 गीगावाट डेटा सेंटर क्षमता विकसित करने की घोषणा की है।
- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

नमो ऑक्सीजन पार्क

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर, केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव की गरिमामयी उपस्थिति में, मेगा वृक्षारोपण अभियान का उद्घाटन किया गया और दिल्लीवासियों को 18 नमो ऑक्सीजन पार्क समर्पित किए गए दिल्ली के सभी निवासियों से आग्रह है कि वे 'मां के नाम एक पेड़' अभियान में शामिल हों।
- रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली

ड्रग्स के खिलाफ लड़ाई

अगर ड्रग माफिया ने अपनी हरकतें नहीं सुधारीं, तो वे धूल में मिल जाएंगे। हमारी सरकार पिछले साढ़े तीन वर्षों से ड्रग्स के खिलाफ निर्णायक लड़ाई लड़ रही है। पीआईटी-एनडीपीएस अधिनियम को सख्ती से लागू करके ड्रग तस्करों के नेटवर्क पर लगातार प्रहार किए जा रहे हैं।
-सुखविंदर सिंह सुक्खू, सीएम, हिमाचल प्रदेश

सड़कों पर उतरें

अखबारों में खबरें लीक करना अरबों-खरबों का कारोबार है। इस रैकेट में बड़े लोग शामिल हैं। जब तक आप सड़कों पर उतर कर सरकार को कार्रवाई करने के लिए मजबूर नहीं करेंगे, यह रैकेट नहीं रुकेगा।
-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, नई दिल्ली

करंट अफेयर

पूर्व प्रिंस एंड्रयू ने तीन कॉटेज किराए पर देकर पैसा कमाया



ब्रिटेन की सार्वजनिक व्यय पर निगरानी रखने वाली संस्था की शुक्रवार को जारी शाही परिवार की संपत्तियों की एक रिपोर्ट के मुताबिक, पूर्व प्रिंस एंड्रयू ने शाही संपदा में तीन कॉटेज किराये पर देकर पैसा कमाया, जहां वह दो दशक तक बिना किराए के रहे थे। इसमें यह भी बताया गया है कि उनकी बेटिया, प्रिंसेस बीट्राइस और प्रिंसेस यूजनी, किराए वाली महल की संपत्ति में रहती हैं, जिसका भुगतान उनके पिता के बड़े भाई महाराजा चार्ल्स तृतीय करते हैं। 'नेशनल ऑडिट ऑफिस' की रिपोर्ट में कहा गया है कि एंड्रयू माउंटबेटन-विंडसर को विंडसर कैसल के पास अपने घर, रॉयल लॉज एस्टेट में कॉटेज को 20 साल से अधिक समय तक किराए पर देने से आय प्राप्त हुई। साल 2003 में किए गए रॉयल लॉज के एक पट्टे से पता चलता है कि उन्होंने संपत्ति के लिए सिर्फ एक मामूली रकम अदा दी, जिसे /"पेपरकॉर्न रेंट/" के नाम से जाना जाता है। इस परिसर में 30 कमरों वाली एक हवेली और आठ कॉटेज शामिल हैं जिनमें से तीन को किसी और को किराये पर देने की अनुमति थी। रिपोर्ट में आय की रिपोर्ट शामिल नहीं की गई थी। संसद की लोक लेखा समिति की पूर्व प्रमुख और हाउस ऑफ लॉर्ड्स में लेबर पार्टी की सदस्य मारग्रेट होज ने इस चूक को चिंताजनक बताया।

ऑफ बीट

एआई में अत्यधिक पानी का इस्तेमाल हो सकता है

कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के बढ़ते उपयोग से ऊर्जा और प्राकृतिक संसाधनों पर पड़ने वाले दबाव को लेकर संयुक्त राष्ट्र (यूएन) की एक नई रिपोर्ट ने गंभीर चेतावनी जारी की गई है। रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2030 तक एआई से जुड़ी प्रणालियां दुनिया की कुल बिजली खपत का लगभग तीन प्रतिशत हिस्सा उपयोग कर सकती हैं, जबकि डेटा केंद्रों की शीतलन जरूरतों के लिए इस्तेमाल होने वाला पानी वैश्विक आबादी की वार्षिक पेयजल आवश्यकता से भी अधिक हो सकता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि एआई की बढ़ती क्षमता और लोकप्रियता के साथ उसके पर्यावरणीय प्रभाव भी तेजी से बढ़ रहे हैं। अक्सर यह तर्क दिया जाता है कि एआई मॉडल समय के साथ अधिक दक्ष और कम ऊर्जा खपत वाले हो जाएंगे, जिससे उनकी पर्यावरणीय लागत घटेगी। हालांकि, रिपोर्ट का निष्कर्ष है कि यह धारणा भ्रामक हो सकती है। रिपोर्ट में 'जेवॉन्स पैराडॉक्स' का उल्लेख किया गया है, जिसके अनुसार किसी तकनीक की दक्षता बढ़ने पर संसाधनों की कुल खपत कम होने के बजाय बढ़ सकती है। यह सिद्धांत 19वीं सदी के अर्थशास्त्री विलियम स्टेनली जेवॉन्स के अवलोकन पर आधारित है, जिन्होंने पाया था कि कोयले के उपयोग की दक्षता बढ़ने के बावजूद उसकी कुल मांग और खपत में वृद्धि हुई थी।

अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-42422221 पर या सीधे मेल से aapkepatra.haribhoomi@gmail.com पर भेज सकते हैं।

असफल होने पर आपको निराशा का सामना करना पड़ सकता है।
मगर प्रयास छोड़ देने पर आप की असफलता सुनिश्चित है।
– बेवेरली सिल्स

अनदेखी की आग

कोई हादसा एक मामूली कोताही का नतीजा हो सकता है, लेकिन अगर वह गलती बनी रहती है या उससे सबक लेकर भविष्य में सावधानी बरतने और बचाव के जरूरी इंतजाम नहीं किए जाते हैं, तो उन्हें आपराधिक लापरवाही से कम नहीं माना जा सकता। दिल्ली में मालवीय नगर के एक होटल में दो दिन पहले आग लगने से इक्कीस लोगों की जान चली गई। इसके अलावा, बिहार के मुजफ्फरपुर के एक अस्पताल के सघन चिकित्सा कक्ष सहित देश के अलग-अलग हिस्सों से कई जगहों पर रिहाइशी इमारतों में आग लगने की घटनाएं सामने आई। जहां तक मालवीय नगर की घटना का सवाल है, तो यह संभव है कि वहां अचानक लगी आग पूरी इमारत में फैल गई। मगर इतने लोगों के मारे जाने के बाद अब जो तथ्य उजागर हो रहे हैं, उससे यही साबित होता है कि इस हादसे की समूची भूमिका पहले से तैयार थी और इसमें इमारत के मालिक से लेकर सरकार के संबंधित महकमों के अधिकारियों की भी जिम्मेदारी थी।

सवाल है कि अगर होटल के पास दिल्ली अग्निशमन विभाग की ओर से जारी किया जाने वाला अग्नि सुरक्षा अनापत्ति प्रमाणपत्र नहीं था, तो इसके लिए कौन जिम्मेदार है। फिर छह कमरों के लाइसेंस पर अगर पच्चीस कमरे अवैध रूप से बना कर कारोबार संचालित किया जा रहा था, तो यह किसकी अनदेखी से संभव हुआ? धोखाधड़ी करके इमारत के भूतल पर एक पूरी रेस्तरां चलाई जा रही थी, तो क्या यह कोई छिपी गतिविधि थी? जिस इमारत में अलग-अलग कारणों से हर समय खासी संख्या में लोगों के मौजूद होने की स्थिति थी, वहां आग लगने या अन्य किसी आपात स्थिति में बचने के लिए बाहर निकलने का रास्ता बाधित क्यों था? इलेक्ट्रानिक लाक प्रणाली से जोखिम की आशंका होने के बावजूद मुख्य दरवाजे के खुलने-बंद होने की डिजिटल व्यवस्था की अनुमति किसने दी थी? सच यह है कि इमारत में जो हादसा सामने आया, वह सिर्फ कमाई की अदम्य भूख में सुरक्षा इंतजामों के अनिवार्य पहलू को लेकर एक आपराधिक लापरवाही और सरकार के संबंधित महकमों की ओर से की गई अफसोसनाक अनदेखी का नतीजा है।

दरअसल, नियमों को ताक पर रख कर चलाई जाने वाली व्यावसायिक गतिविधियों के केंद्र के संचालक तभी ऐसा कर पाते हैं, जब पुलिस या अनिवार्य व्यवस्थागत इंतजामों की समय-समय पर जांच और निगरानी करने वाले अधिकारी उन्हें अप्रत्यक्ष रूप से ऐसा करने की छूट देते हैं। इसके पीछे अवैध लेनदेन पर आधारित सांठगांठ हो सकती है! विडंबना यह है कि जो लोग इस तरह के भ्रष्टाचार में लिप्त होते हैं, उन्हें इस बात की शायद कोई फिक्र नहीं होती कि उनकी ऐसी हरकतों का अंजाम कितना त्रासद हो सकता है। अगर कोई मामला तूल पकड़ लेता है, तो सरकार और पुलिस की ओर से आनन-फानन में फौरी तौर पर कानूनी कार्रवाई के लिए अतिरिक्त सक्रियता दिखती है। मगर ऐसे हादसों की जांच के नतीजे, कानूनी कार्रवाई और सजा की हालत यह है कि वह शायद ही किसी सबक के लिए उदाहरण साबित होती है। जरूरत इस बात की है कि खासतौर पर ज्यादा लोगों के जमा होने वाली इमारतों में आग लगने या किसी भी अन्य वजह से जोखिम पैदा होने की आशंका वाली जगहों के सुरक्षा इंतजामों को लेकर कोई समझौता न हो। साथ ही नियमों की अनदेखी करने या उन्हें ताक पर रख कर गतिविधियां संचालित करने वालों के खिलाफ उचित सख्ती बरती जाए।

हिंसा का सिलसिला

मणिपुर में सरकार के तमाम दावों के बावजूद हिंसा की घटनाओं का सिलसिला थम नहीं रहा है। सामुदायिक संघर्ष, उग्रवादी संगठनों की बढ़ती सक्रियता और सुरक्षाबलों की उदासीनता से राज्य में कानून व्यवस्था फिर से पटरी से उतरती प्रतीत हो रही है। ऐसे में शांति कायम करने की दिशा में राजनीतिक इच्छाशक्ति, गंभीरता और संवेदनशीलता का अभाव भी साफ नजर आता है। यही वजह है कि राज्य में उग्रवादियों के लक्षित हमले, आमजन को बंधक बनाने, निर्दोष लोगों की हत्या करने, आगजनी और इन वारदात के विरोध में सड़कों पर प्रदर्शन की घटनाएं आए दिन सामने आ रही हैं। शुक्रवार को भी कांगपोकपी जिले में एक गांव पर सशस्त्र हमलावरों ने धावा बोल दिया और गोलीबारी में एक महिला समेत तीन लोगों की मौत हो गई। सवाल है कि आखिर हिंसा की यह चिंगारी अंदर ही अंदर क्यों सुलगती जा रही है? दरअसल, यह सिर्फ कानून-व्यवस्था की ही समस्या नहीं है, बल्कि आम लोगों में पनप रहा अविश्वास और असुरक्षा की भावना भी इसकी बड़ी वजह है।

गौरतलब है कि मणिपुर बीते तीन साल से भी अधिक समय से जातीय हिंसा का दंश झेल रहा है, जिसकी वजह से सैकड़ों लोगों की जान जा चुकी है और हजारों लोग बेघर हो चुके हैं। इस बीच राज्य और केंद्र सरकारों की ओर से हालात पर काबू पाने के लिए कई कदम उठाए गए, लेकिन अपेक्षित नतीजे सामने नहीं आए। हालांकि, पिछले कुछ समय में राज्य में हिंसक घटनाओं में कमी देखी गई, लेकिन इन पर पूरी तरह अंकुश नहीं लग पाया है। राज्य सरकार का दावा है कि हिंसक वारदात को अंजाम देने वालों के खिलाफ सख्ती से निपटा जा रहा है, लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि दोषियों पर तत्काल कार्रवाई की मांग को लेकर लोग सड़कों पर प्रदर्शन करते नजर आते हैं। यह बात सच है कि केवल सामाजिक मतभेद इतने लंबे समय तक हिंसा को जीवित नहीं रख सकते। असली समस्या तब पैदा होती है जब लोगों का सरकार और प्रशासन पर भरोसा टूटने लगता है। इसलिए जरूरत इस बात की है कि राज्य में उग्रवादी समूहों पर कड़ी नजर रखी जाए, हिंसक घटनाओं में तत्काल कार्रवाई की जाए और आपसी मतभेदों को दूर करने के लिए सरकार स्थायी समाधान तलाशने का प्रयास करे।

विकास की चमक में गुम बेघर लोग

जब दुनिया तकनीकी प्रगति, आर्थिक विकास और शहरी विस्तार का दावा कर रही है, तब विकास की चमक के पीछे एक बड़ा वर्ग ऐसा भी है, जिसके सिर पर छत तक नहीं है।

देवेंद्रराज सुथार

संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट ने ऐसी वैश्विक समस्या की ओर ध्यान आकर्षित किया है, जो तेजी से आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक संकट का रूप लेती जा रही है। इसके अनुसार विश्व की लगभग चालीस फीसद आबादी, यानी लगभग 3.4 अरब लोग सुरक्षित, पर्याप्त और किफायती आवास से वंचित हैं। इनमें से एक अरब से अधिक लोग कच्ची बस्तियों, झुग्गी-झोपड़ियों अथवा अत्यंत खराब आवासीय परिस्थितियों में जीवनयापन के लिए विवश हैं। यह स्थिति तब है जब दुनिया तकनीकी प्रगति, आर्थिक विकास और शहरी विस्तार का दावा कर रही है। स्पष्ट है कि विकास की चमक के पीछे एक बड़ा वर्ग ऐसा है जिसके सिर पर छत तक नहीं है।

संयुक्त राष्ट्र की 'विश्व शहर रिपोर्ट 2026' का विषय वैश्विक आवास संकट- कार्रवाई के मार्ग है। यह विषय केवल शहरी नियोजन का प्रश्न नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय, आर्थिक समानता, पर्यावरणीय स्थिरता और मानवीय गरिमा से जुड़ा हुआ है। आवास का संकट अब केवल गरीब देशों तक सीमित नहीं है। विकसित देशों में भी घरों की कीमतों, बढ़ते किराए और सीमित आवास उपलब्धता ने लाखों लोगों को प्रभावित किया है। इसलिए आज आवास को केवल एक संपत्ति या आर्थिक वस्तु के रूप में नहीं, बल्कि एक बुनियादी मानव अधिकार के रूप में देखने की जरूरत है। भारत के संदर्भ में यह रिपोर्ट विशेष रूप से महत्त्वपूर्ण है। भारत विश्व की सबसे तेजी से शहरीकरण करने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में शामिल है।

संयुक्त राष्ट्र के अनुमानों के अनुसार 2050 तक भारत की लगभग आधी आबादी शहरों में निवास करेगी। वर्तमान में भी करोड़ों लोग बेहतर रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य और जीवन की संभावनाओं की तलाश में गांवों से शहरों की ओर पलायन कर रहे हैं। मगर शहरी अवसंरचना और आवासीय योजनाएं तेजी से बढ़ती आबादी की आवश्यकताओं के अनुरूप विकसित नहीं हो पाई हैं। ऐसे में एक ओर गगनचुंबी इमारतें खड़ी हो रही हैं, वहीं दूसरी ओर लाखों लोग झुग्गी-झोपड़ियों और अस्थायी बस्तियों में रहने के लिए मजबूर हैं। एक सच यह भी है कि कई लोग अपने लिए घर खरीदने की स्थिति में भी नहीं हैं। वैश्विक स्तर पर मकान की कीमत और आय का अनुपात लगातार बढ़ रहा है। वर्ष 2010 में जहां यह अनुपात 9.3 था, वहीं 2023 में यह बढ़ कर 11.2 हो गया। मध्य और दक्षिण एशिया में यह आंकड़ा 16.8 तक पहुंच चुका है। इसका अर्थ यह है कि औसत आय वाले व्यक्ति के लिए घर खरीदना पहले की तुलना में कहीं अधिक कठिन हो गया है। भारतीय महानगरों में स्थिति और भी गंभीर है।

मुंबई और दिल्ली जैसे शहरों में संपत्ति की कीमतें सामान्य आय वाले परिवारों की पहुंच से बाहर होती जा रही हैं। जमीन की बढ़ती कीमतों, निर्माण लागत और निवेश आधारित 'रियल एस्टेट माडल' ने आवास को बुनियादी आवश्यकता से अधिक निवेश का माध्यम बना दिया है। आवासीय असमानता का प्रभाव केवल घर खरीदने तक सीमित नहीं है। विश्व के लगभग 44 फीसद परिवार अपनी आय का तीस फीसद से अधिक हिस्सा आवास पर खर्च कर रहे हैं। यह स्थिति परिवारों की वित्तीय स्थिरता को प्रभावित करती है। जब आय का बड़ा हिस्सा किराये या गृह ऋण की किस्तों में खर्च हो जाता है, तब शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण और अन्य आवश्यक जरूरतों पर खर्च सीमित हो जाता है। इससे गरीबी का दुश्चक्र और मजबूत होता है। भारत में भी महानगरों में रहने वाले लाखों निम्न और मध्यवर्गीय परिवार इसी समस्या का सामना कर रहे हैं।

> **अनुमानों के अनुसार 2050 तक भारत की लगभग आधी आबादी शहरों में निवास करेगी। वर्तमान में भी करोड़ों लोग बेहतर रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य और जीवन की संभावनाओं की तलाश में गांवों से शहरों की ओर पलायन कर रहे हैं। मगर शहरी अवसंरचना और आवासीय योजनाएं तेजी से बढ़ती आबादी की आवश्यकताओं के अनुरूप विकसित नहीं हो पाई हैं। ऐसे में एक ओर गगनचुंबी इमारतें खड़ी हो रही हैं, तो दूसरी ओर लाखों लोग झुग्गी-झोपड़ियों और अस्थायी बस्तियों में रहने के लिए मजबूर हैं। एक सच यह भी है कि समाज का एक वर्ग अपने लिए घर खरीदने की स्थिति में भी नहीं हैं। वैश्विक स्तर पर मकान की कीमत और आय का अनुपात लगातार बढ़ रहा है।**

भारतीय शहरों में किफायती आवास की उपलब्धता तेजी से घट रही है।

गौरतलब है कि देश के आठ प्रमुख शहरों में किफायती आवास परियोजनाओं की हिस्सेदारी 2018 में 52 फीसद थी, जो 2025 तक घट कर केवल 17 फीसद रह गई। इसके पीछे मुख्य कारण जमीन-जायदाद बाजार का उच्च आय वर्ग की ओर झुकाव है। निजी भवन निर्माता अधिक लाभ कमाने के लिए महंगी आवास परियोजनाओं को प्राथमिकता देते हैं। नतीजा आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों और निम्न आय समूहों के लिए आवास विकल्प सीमित होते जा रहे हैं। यह स्थिति सामाजिक असमानता को और गहरा करती है। भारत के अधिकांश बड़े शहरों में लाखों लोग अनौपचारिक बस्तियों में रहते हैं। इनमें स्वच्छ पेयजल, शौचालय, सीवर, स्वास्थ्य सेवाएं और भूमि स्वामित्व का अभाव होता है। यहां रहने वाले लोग लगातार बेदखली, बीमारी और प्राकृतिक आपदाओं के खतरे का सामना करते हैं। शहरी अर्थव्यवस्था का महत्त्वपूर्ण हिस्सा होने के बावजूद ये नागरिक अक्सर नीतिगत प्राथमिकताओं से बाहर रह जाते हैं।

प्रधानमंत्री आवास योजना (पीएमएवाई) 'सभी के लिए आवास' के लक्ष्य के साथ शुरू की गई थी। इसके अलावा, 'क्रेडिट लिंक्ड सबसिडी' योजना ने मध्य और निम्न आय वर्ग को गृह ऋण प्राप्त करने में सहायता प्रदान की है। किफायती किराए वाले आवास परिसर, स्मार्ट सिटी मिशन, अमृत योजना तथा विभिन्न राज्य स्तरीय योजनाएं भी आवासीय सुविधाओं के विस्तार में योगदान दे रही हैं। हालांकि कई चुनौतियां अब भी बनी हुई हैं। कई बार आवास निर्माण तो हो जाता है, लेकिन रोजगार केंद्रों से दूरी, परिवहन सुविधाओं की कमी और सामाजिक अवसंरचना के अभाव के कारण लोग वहां बसना नहीं चाहते। इसलिए आवास नीति को केवल घर निर्माण तक सीमित न रख कर समग्र शहरी विकास से जोड़ना आवश्यक है। आवास वित्त की समस्या भी गंभीर है।

यथास्थान उन्नयन, सामुदायिक भागीदारी, भूमि अधिकारों की सुरक्षा और बुनियादी सुविधाओं का विस्तार अधिक प्रभावी रणनीति सिद्ध हो सकती है। अहमदाबाद की स्लम नेटवर्किंग परियोजना जैसे उदाहरण बताते हैं कि समुदाय की भागीदारी से बेहतर परिणाम प्राप्त किए जा सकते हैं। भविष्य की आवास नीति में जलवायु परिवर्तन को केंद्रीय स्थान देना होगा। ऊर्जा-कुशल भवन, हरित निर्माण सामग्री, वर्षा जल संचयन, सौर ऊर्जा और आपदा-प्रतिरोधी निर्माण तकनीकों को बढ़ावा देना समय की मांग है। इससे न केवल पर्यावरणीय स्थिरता सुनिश्चित होगी, बल्कि दीर्घकाल में आवास की लागत भी कम हो सकती है। आवास का प्रश्न केवल ईंट, सीमेंट और भूमि का प्रश्न नहीं है। यह मानव गरिमा और सामाजिक समानता का प्रश्न है।

एक सुरक्षित और सम्मानजनक घर व्यक्ति को केवल आश्रय ही नहीं देता, बल्कि शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और सामाजिक सुरक्षा के अवसरों तक पहुंच भी सुनिश्चित करता है। यदि किसी समाज में करोड़ों लोग आवासीय असुरक्षा में जीवन बिताने को विवश हैं, तो उस समाज के विकास को पूर्ण नहीं कहा जा सकता। शहरीकरण को केवल आर्थिक विकास के दृष्टिकोण से नहीं देखा जा सकता। यदि शहरों को भविष्य के विकास इंजन के रूप में स्थापित करना है, तो उन्हें अधिक समावेशी, न्यायसंगत और रहने योग्य बनाना होगा। भारत के लिए भी यह समय है कि वह आवास को कल्याणकारी कार्यक्रम की सीमा से बाहर निकाल कर विकास नीति के केंद्र में स्थापित करे, क्योंकि किसी भी आधुनिक और विकसित राष्ट्र की पहचान केवल ऊंची इमारतों से नहीं, बल्कि इस बात से होती है कि उसके प्रत्येक नागरिक के सिर पर सुरक्षित, सम्मानजनक और किफायती छत उपलब्ध है।

समय के घाव

राजेंद्र मोहन शर्मा

घाव तो वक्त की धूल तले दब जाते हैं, लेकिन समय खुद जो घाव करता है, चाहे वह किसी प्रियजन के बिछड़ने का हो, ढलती उम्र का हो, या हाथ से छूटे हुए सुनहरे अवसरों का, सत्ता या ताकत छूटने का, उसे वह कभी पुराना नहीं होने देता। जब भी हम थोड़ा संभलने की कोशिश करते हैं, वह यादों की गलियों से कोई पुराना कांटा उठाकर फिर से चुभा देता है। यह उसका 'तस्दीक' कराने का तरीका है। बाकी सारे घाव तो किसी न किसी तरह ढक जाते हैं, उन पर वक्त की गर्द जम जाती है, अपनों की झूठी-सच्ची हमदर्दी का लेप लग जाता है और धीरे-धीरे उन्हें पूरी तरह से भरने का एक मुकम्मल भरम भी हो जाता है। हम इंसान उस ढके हुए जख्म की खाल को देखकर मन ही मन तसल्ली की एक लंबी सांस लेते हैं और खुद को गुमराह करते रहते हैं कि चलो, बुरा दौर बीत गया, अब रास्ते सीधे हैं। लेकिन समय जो घाव देता है, वह किसी मरहम की बिसात नहीं मानता। समय अपने दिए जख्मों को हमेशा हरा रखता है। जब भी हमारी जिंदगी अपनी आपाधापी में थोड़ा-सा संभलने की कोशिश करती है, वह चुपके से उन्हें हरा कर देगा।

समय कोई शांत बहती हुई नदी नहीं है, जो किनारों को सहलाकर गुजर जाए। वह एक बेहद शातिर, सजग और बेरहम शिकारी है। जब हम अतीत के मलबे से निकलकर एक नई दुनिया बसाने की कोशिश में मुस्कुराने को हों, जब लगे कि हम वक्त की मार से बहुत आगे निकल आए हैं, ठीक उसी दौरान हमारे निकट से गुजरते पल पुरानी, भूली-बिसरी राहों से चुन-चुनकर नुकीले और जहरीले कांटे बटोर लाता है। वह हमारे कानों के बेहद पास आकर अपनी सर्द सांसों के साथ फुसफुसाता है कि मैंने जो घाव दिए हैं, तुम अपनी पूरी ताकत लगाकर भी उन्हें भरने की कोशिश मत करना। तुम्हारी हर कोशिश मेरी मुट्ठी में है।

ऊपरी तौर पर जमी हुई वह ठंडी परत हमें कुछ पलों के लिए, कुछ दिनों के लिए, या शायद कुछ सालों के लिए एक दिखावे की तसल्ली तो दे सकती है, हमें यह झांसा दे सकती है कि अब सब शांत है, लेकिन वह भीतर की आदिम आग को कभी बुझा नहीं सकती। वह सिर्फ एक अस्थायी आवरण है, एक कमजोर पर्दा है। जैसे ही स्मृतियों की कोई हल्की-सी सरसराहट होती है, या जिंदगी की राह में कोई नया अप्रत्याशित झटका लगता है, वह ऊपरी परत ताश के पत्तों की तरह भरभराकर ढह जाती है। भीतर से खौलता हुआ, लाल-तप्त, पिघला हुआ लावा फिर से पूरी शिद्दत के साथ बाहर उबल आता है और हम इंसान को एक ही झटके में अहसास हो जाता है कि हम जहां से चले थे, आज भी ठीक उसी जगह बेबस खड़े हैं।

अगर इस कड़वाहट को जीवन के यथार्थ पर कसकर देखा जाए, तो समय हमें इतने रूपों में तोड़ता है कि उनका कोई अंत नहीं है। जब वह हमारे किसी बेहद अजीज को, हमारी धड़कन के सबसे करीब रहने वाले इंसान को हमसे हमेशा-हमेशा के लिए छीन लेता है, तो वह जो खालीपन छोड़ जाता है, उसकी भरपाई कोई ताकत नहीं कर सकती। साल पर साल गुजरते जाते हैं, कैलेंडर बदलते हैं, लोग हमारे चेहरे को देखकर झूठा दिलासा देते हैं कि अब तो हमें इसकी आदत हो गई होगी, लेकिन सच सिर्फ हमारा अकेलापन जानता है कि वह दर्द वक्त के साथ कम होने के बजाय और ज्यादा गाढ़ा और गहरा होता चला गया है। उम्र के एक आखिरी पड़ाव पर आकर जब हम थककर पीछे मुड़कर देखते हैं, तो समय के हाथों छूटे हुए बड़े फैसले, गलतियां और खोए हुए सुनहरे अवसर एक स्थायी और कभी न मिटने वाली टीस बन जाते हैं।

समय के ये न भरने वाले घाव ही वास्तव में हमें हमारी अंतिम सांस तक 'मनुष्य' बनाए रखते हैं। अगर समय के दिए सारे जख्म पूरी तरह भर जाते, हम सब कुछ भूलकर पूरी तरह बेफिक्र और चैन से सो जाते, तो हम एक संवेदनशील और जीवंत प्राणी न रहकर पत्थर की एक बेजान मूरत बन जाते। यह कसक, यह लगातार सालने वाली टीस और भीतर चौबीसों घंटे सुलगता हुआ लावा ही हमारी जिंदा चेतना के सबसे बड़े प्रमाण हैं। समय का असल मकसद सिर्फ हमें दर्द देना नहीं है, बल्कि उस दर्द के बहाने हमें हर सुबह यह याद दिलाना भी है कि इस पूरी कायनात में कुछ भी स्थायी नहीं है। न हमारी ये छोटी-छोटी खुशियां, न हमारा झूठा अहंकार, न हमारा यह अस्थायी साम्राज्य और न ही हमारा चाहा हुआ चैन। वह एक निष्ठुर और कठोर उस्ताद की तरह जिंदगी के हर मोड़ पर हमारे पुराने जख्मों की खाल को अपने नाखूनों से कुरेदकर हमें हमारी असली औकात और इस पूरी जिंदगी की नश्वरता का तीखा पाठ पढ़ाता रहता है। हम इंसान के पास समय के इस बिछाए हुए जाल और उसके इस निर्मम चक्रव्यूह के सामने घुटने टेकने के अलावा कोई दूसरा विकल्प बचता ही नहीं है।

रास्ता बस इतना ही रह जाता है कि हम इस डरावनी हकीकत को पूरी शिद्दत के साथ गले लगा लें। जब हम यह पूरी तरह मान लेते हैं कि समय के दिए ये गहरे घाव अब कभी नहीं भरेंगे, तो हम उन्हें जबरदस्ती भरने की वह नाकाम और थका देने वाली व्यर्थ कोशिशें हमेशा के लिए छोड़ देते हैं। हम उस दहकते हुए लावे के साथ, उस उठती हुई कसक के साथ और उस मद्धम दर्द के साथ ही अपनी सांसों का तालमेल बिठाकर जीना सीख लेते हैं। हमारे भीतर छिपी हुई जिजीविषा उस असहनीय दर्द को ही अपनी सबसे बड़ी ढाल और ताकत बना लेती है। घाव भरे न भरे, पर उस दर्द की भट्टी में जलकर जो व्यक्तित्व कुंदन की तरह निखरता है, वही समय के इस अंतहीन अट्टहास को सहने का माद्दा रखता है। समय रोज नए घाव देता रहेगा, भीतर का लावा सुलगता रहेगा और हम इंसान इसी कड़वी हकीकत के साए में मुस्कुराते हुए अपनी सांसों का सफर पूरा करते रहेंगे।

दुनिया मेरे आगे

> **समय के न भरने वाले घाव ही वास्तव में हमें हमारी अंतिम सांस तक 'मनुष्य' बनाए रखते हैं। अगर समय के दिए सारे जख्म पूरी तरह भर जाते, हम सब कुछ भूलकर पूरी तरह बेफिक्र और चैन से सो जाते, तो हम एक संवेदनशील और जीवंत प्राणी न रहकर पत्थर की एक बेजान मूरत बन जाते।**

कानून से बेखौफ

'लापरवाही की लपटें' (संपादकीय, 4 जून) पढ़ा। इसमें सही कहा गया है कि सख्त कानूनों के बावजूद जमीनी स्तर पर भवन निर्माताओं में नियमों के पालन का कोई डर नहीं है। दिल्ली के मालवीय नगर क्षेत्र में एक इमारत में आग लगने से कई लोगों की असमय मौत बहुत दुखद हादसा है। इस घटना के लिए भवन मालिक तो जिम्मेदार है ही, इलाके के संबंधित विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों की लापरवाही से भी इनकार नहीं किया जा सकता। इन सभी के गैर जिम्मेदाराना व्यवहार के कारण निर्दोष लोगों की जान चली गई। दिल्ली पुलिस ने अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ गैर-इरादतन हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। मगर इससे पहले उसको भी कोई गड़बड़ी क्यों नहीं दिखी? खबरों के अनुसार होटल के पास अग्नि सुरक्षा अनापत्ति प्रमाणपत्र नहीं था। इमारत की बनावट को देखते हुए सुरक्षा नियमों के तहत उसे अनापत्ति प्रमाणपत्र मिल भी नहीं सकता था। होटल प्रबंधक ने आग लगने की स्थिति में बचाव के क्या उपाय किए थे, यह तो जांच पूरी होने पर ही पता चलेगा।

– युगल किशोर शर्मा, फरीदाबाद

टूटती उम्मीदें

'बदलाव के बजाय' (संपादकीय 2 जून) पढ़ा। पश्चिम बंगाल में चुनाव पूर्व और बाद में हिंसक घटनाओं का इतिहास रहा है। इन चुनावों में लोगों ने बदलाव के लिए भाजपा को सरकार बनाने का मौका दिया, तो उनमें यह उम्मीद जगी कि राज्य में कानून व्यवस्था में सुधार होगा। मगर पिछले दिनों जिस तरह से तृणमूल कांग्रेस के महासचिव अभिषेक बनर्जी तथा सांसद कल्याण बनर्जी हिंसा के शिकार हुए, यह कोई अच्छा संकेत नहीं है। सरकार को इन घटनाओं को लेकर सख्ती बरतनी चाहिए। गौरतलब है कि चुनाव परिणामों के बाद प्रधानमंत्री ने राज्य में 'बदले के बजाय बदलाव' और 'भय नहीं भविष्य' की बात करने की नसीहत दी थी। बंगाल के सर्वांगीण विकास के लिए यह आवश्यक ही नहीं, अनिवार्य भी है कि राज्य में कानून व्यवस्था को लेकर अब सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए।

– वेद प्रकाश, गुरुग्राम

चिंता के सबब

वर्तमान वैश्विक परिस्थितियों में पूरी दुनिया आर्थिक चुनौतियों का सामना कर रही है। पेट्रोल-डीजल और गैस की लगातार बढ़ती कीमतें आम जनता के लिए चिंता का कारण बन गई हैं। अमेरिका-ईरान तनाव तथा अंतरराष्ट्रीय भू-राजनीतिक संकटों के कारण ऊर्जा आपूर्ति प्रभावित हो रही है। इसका सीधा असर आयात-निर्भर देशों पर पड़ रहा है। भारत अपनी ऊर्जा आवश्यकता का बड़ा हिस्सा विदेश से आयात करता है, इसलिए अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत बढ़ने का प्रभाव देश की अर्थव्यवस्था और आम लोगों के जीवन पर दिखाई देना स्वाभाविक है। महंगाई बढ़ने से परिवहन, कृषि, उद्योग और घरेलू खर्च सभी प्रभावित होते हैं। उर्वरकों, खाद्य पदार्थों और अन्य आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में वृद्धि से आम नागरिकों का बजट बिगड़ता है। सरकार के सामने भी आर्थिक संतुलन बनाए रखने की बड़ी चुनौती होती है।

– हिमांशु शेखर, गयाजी

समर्पण का अभाव

आज पूरी दुनिया जिस मुकाम पर खड़ी है, वह जीने के लिए कोई सुकून भरा वातावरण नहीं दे रही है। मनुष्य ने विकास के नाम पर प्रकृति का विनाश करना शुरू कर दिया है। हरे-भरे वनों को तहस-नहस किया जा रहा है। सीमेंट की सड़कें बन रही हैं। यह विकास के नाम पर छलावा है। चारों ओर सीमेंट के जंगल उग आए हैं। इससे पर्यावरण में असंतुलन दिखाई दे रहा है। इस समय भीषण गर्मी जिस तरह से अपने तेवर दिखा रही है, वह आने वाले समय में और भी मुश्किलें खड़ी करेगी। बारिश के दिन भी अनिश्चित हो गए हैं। कभी अत्यधिक, तो कभी बेहद कम। सर्दी के मौसम में भी कोई संतुलन नहीं है। पर्यावरण के प्रति चिंता तो दिखती है, मगर उसे बचाने का वह समर्पण किसी में नहीं दिखता है। यह स्थिति निराशाजनक है।

– हेमा हरि उपाध्याय, 'अक्षत', उज्जैन

दैनिक जागरण

छल से कुछ प्राप्त करना परमात्मा के विधान का अपमान है

कर्नाटक में कलह

कर्नाटक में मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार के नेतृत्व में सरकार का गठन होते ही मंत्री रामलिंगा रेड्डी ने जिस तरह पसंदीदा विभाग न मिलने से खफा होकर त्यागपत्र दे दिया, उससे नवगठित सरकार के सामने सिर मुड़ाते ही ओले पड़ने जैसी स्थिति बन गई है। रामलिंगा रेड्डी को जल संसाधन मंत्रालय दिया गया था, लेकिन वह उन्हें रास नहीं आया। उनका कहना है कि उन्हें बेंगलुरु विकास विभाग वाला मंत्रालय चाहिए। किसी सरकार में कौन मंत्री बने और उसे कौन सा विभाग मिले, यह तय करना मुख्यमंत्री का विशेषाधिकार होता है, लेकिन शायद रामलिंगा रेड्डी को इसकी परवाह नहीं। उन्हें मलाईदार समझे जाने वाला बेंगलुरु विकास विभाग चाहिए। उन्होंने जिस तरह मनचाहे विभाग की मांग करने के स्थान पर सीधे त्यागपत्र दे दिया, उससे यही पता चलता है कि वे यह मान बैठे थे कि उन्हें वही विभाग मिलेगा, जो उनकी प्राथमिकता में है। यदि अन्य मंत्री भी ऐसी ही चाहत रखने लगें तो फिर डीके शिवकुमार के लिए सरकार चलाना कठिन ही होगा। वैसे उनके सामने समस्या केवल रामलिंगा रेड्डी ने ही खड़ी नहीं की। एक अन्य मंत्री जमीर अहमद भी अपने मंत्रालय से नाखुश हैं। उनके समर्थक उन्हें उप मुख्यमंत्री बनाए जाने के लिए धरना-प्रदर्शन कर रहे हैं। कुछ और मंत्री भी अपने विभागों से असंतुष्ट बताए जा रहे हैं। इसकी भी अनदेखी न की जाए कि किसी महिला को मंत्री नहीं बनाया गया और कई मंत्री ऐसे हैं, जो बड़े नेताओं के सगे-संबंधी हैं। इनमें कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और पूर्व मुख्यमंत्री सिद्दरमैया के बेटे भी शामिल हैं।

कर्नाटक में नई सरकार बनते ही जो कुछ देखने को मिल रहा है, वह मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार की समस्या बढ़ाने वाला ही नहीं, पार्टी में गुटबाजी को नए सिरे से उभारने वाला भी है। कर्नाटक का मामला कुछ-कुछ पंजाब की याद दिला रहा है। वहां भी कांग्रेस नेतृत्व की ओर से मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह को हटाते ही गुटबाजी चरम पर पहुंच गई थी और फिर ऐसी स्थिति बनी कि विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को बुरी तरह पराजय का सामना करना पड़ा। फिलहाल कहना कठिन है कि कर्नाटक में क्या होगा, लेकिन जब विधानसभा चुनाव में दो वर्ष शेष रह गए हैं, तब कलह के बीच नई सरकार के लिए ऐसा कुछ कर पाना कठिन होगा, जिससे कर्नाटक की समस्याओं का समाधान हो और कांग्रेस को मजबूती मिले। कर्नाटक का घटनाक्रम पार्टी नेतृत्व की भी मुसीबत बढ़ाने वाला है, क्योंकि यह कांग्रेस शासित एक प्रमुख राज्य है और यह किसी से छिपा नहीं कि यहां भाजपा उसके लिए एक बड़ी चुनौती है। यह शुभ संकेत नहीं कि जब कर्नाटक की जनता को एक सक्षम सरकार चाहिए, तब डीके शिवकुमार सरकार की शुरुआत कलह से हो रही है।

अब संपर्क पथ ध्वस्त

सड़क संपर्क के मामले में बिहार ने रिकार्ड कायम किया है। पुल-पुलियों का निर्माण हुआ है। सफर आसान हुआ है। लोगों का जनजीवन निश्चित रूप से आसान हुआ है। व्यावसायिक गतिविधियां बढ़ी हैं। लेकिन, हाल के दिनों में पुल-पुलियों और संपर्क सड़कों की बदहाली की सूचनाएं आ रही हैं, वह निर्माण की गुणवत्ता पर सीधे संदेह पैदा कर रही हैं।

सच यह है कि निर्माण कार्यों का प्रथम लक्ष्य मुनाफा कमाना हो गया है

विक्रमशिला सेतु के एक हिस्से के ध्वस्त होने की सूचना पुरानी नहीं हुई है। बक्सर से एक नई सूचना आ गई। बक्सर रेलवे स्टेशन के पूर्वी हिस्से में निर्मित रोड ओवरब्रिज के संपर्क पथ का एक हिस्सा शुक्रवार को धंस गया। इसे महज 15 दिन पहले ही सामान्य यातायात के लिए खोला गया था। राज्य सरकार कह रही है कि यह रेलवे की लापरवाही के कारण हुआ। संपर्क पथ का निर्माण ठीक से हो नहीं पाया था। अब अगली कार्रवाई जांच के नाम पर होगी। लेकिन, बिना जांच किए यह तो कहा ही जा सकता है कि जो कुछ हुआ, वह लापरवाही के कारण हुआ। जांच लंबी चलेगी। कुछ लोग दंडित भी किए जाएंगे। भरोसा रखिए कि इसके बाद भी यह सिलसिला बंद नहीं होगा। सच यह है कि निर्माण का प्रथम लक्ष्य मुनाफा कमाना हो गया है। मुनाफे के हिस्सेदार वे भी होते हैं, जिनपर निर्माण कार्यों की गुणवत्ता बनाए रखने की जिम्मेवारी होती है। ऐसे में सड़क और पुल ढहेंगे ही।

जनसांख्यिकी परिवर्तन की चुनौती

प्रकाश सिंह

मोदी सरकार ने अनुच्छेद-370 हटाने एवं माओवाद खत्म करने में जो प्रतिबद्धता दिखाई, वह घुसपैठ से निपटने में भी दिखानी होगी



अवधेश राजपूत

देश में जनसांख्यिकी परिवर्तन के कारण एवं उससे होने वाले प्रभाव के अध्ययन हेतु भारत सरकार ने एक उच्च स्तरीय कमेटी का गठन किया है। कमेटी घुसपैठ एवं कुछ सामाजिक एवं धार्मिक समुदायों की जनसंख्या में असाधारण परिवर्तन के परीक्षण पश्चात प्रशासनिक एवं कानूनी ढांचे तथा नीतियों में परिवर्तन हेतु आवश्यक संस्तुति करेगी। सुप्रीम कोर्ट के सेवानिवृत्त जज प्रकाश प्रभाकर नवलेकर की अध्यक्षता वाली कमेटी के गठन की घोषणा करते हुए गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि घुसपैठ एवं अन्य कारणों से होने वाले जनसांख्यिकी परिवर्तन से देश की शांति व्यवस्था और राष्ट्रीय सुरक्षा को बड़ा खतरा उत्पन्न हो गया है। गृह मंत्रालय की अधिसूचना के अनुसार देश के कुछ हिस्सों में ऐसे जनसांख्यिकी परिवर्तन हुए हैं, जो सामान्य नहीं हैं। ये अवैध घुसपैठ, अनियमित आवागमन और प्रशासनिक ढिलाई के कारण हुए हैं। यह परिवर्तन विशेष तौर से सीमावर्ती इलाकों, औद्योगिक केंद्रों और सामाजिक तथा आर्थिक दृष्टि से संवेदनशील क्षेत्रों में हुए हैं।

प्रधानमंत्री ने गत वर्ष 15 अगस्त को लाल किले की प्राचीर से जनसांख्यिकी परिवर्तन पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा था, 'एक साजिश के तहत जनसंख्या को बदला जा रहा है। घुसपैठिये देश के युवाओं की रोजी-रोटी छीन रहे हैं, बहनों और बेटियों को निशाना बना रहे हैं, भोले भाले आदिवासियों को गुमराह कर उनकी जमीन पर कब्जा कर रहे हैं। यह बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।' प्रधानमंत्री की इस घोषणा पर कार्रवाई हेतु ही उपरोक्त कमेटी का गठन किया गया है।

भारत में घुसपैठ की कहानी बड़ी लंबी है। 1971 में जब पूर्वी पाकिस्तान बांग्लादेश बन गया तो ऐसी आशा थी कि सांप्रदायिक सौहार्द होगा और बांग्लादेश सरकार आर्थिक क्षेत्र में ऐसे कदम उठाएगी कि किसी को अपना देश छोड़कर जीविकोपार्जन के लिए कहीं और न जाना पड़े, परंतु दुर्भाग्य से ऐसा नहीं हुआ। आर्थिक कारणों से भारी संख्या में लोग में घुसपैठ करते रहे और अनुमान है कि इनमें से 70 प्रतिशत मुसलमान थे। हिंदू मुख्य रूप से वहां प्रताड़ित होने के कारण भारत पलायन कर रहे थे। बांग्लादेश चुनाव आयोग के अभिलेखों को देखने से कुछ दिलचस्प आंकड़े सामने आते हैं। 1991 में बांग्लादेश में कुल 6,21,81,745 वोटर थे, परंतु इस सूची से 1995 में 61,65,567 लोगों के नाम काटने पड़े, क्योंकि उनका कहीं अता-पता नहीं था। 1996 में फिर 1,20,000 व्यक्तियों के नाम मतदाता सूची से हटाने पड़े, क्योंकि उनका भी कुछ पता नहीं चला। इतनी बड़ी संख्या में लोग हवा में नहीं गायब हो रहे थे। ये सब धीरे-धीरे भारत में घुसपैठ कर रहे थे। बांग्लादेश का बुद्धिजीवी वर्ग इस घुसपैठ का बराबर समर्थन कर रहा था।

असम के राज्यपाल रहते लेफ्टिनेंट जनरल एसके सिन्हा ने आठ नवंबर, 1998 को भारत के तत्कालीन राष्ट्रपति को एक पत्र लिखा था, जिसमें उन्होंने चेतावनी दी थी कि असम में जिस तरह घुसपैठ हो रही है, उसे देखते हुए हो सकता है कि असम के सीमावर्ती मुस्लिम बहुल क्षेत्र को बांग्लादेश में मिला दिया जाए। बांग्लादेश में कुछ लोग 'ग्रेटर बांग्लादेश' की बात भी करने लगे थे।

कारगिल युद्ध के बाद भारत सरकार ने चार टास्क फोर्स का गठन किया था। उनमें से एक माधव गोडबोले के नेतृत्व में सीमावर्ती क्षेत्रों की समस्याओं का गहन अध्ययन करने के लिए बनाई गई थी। कमेटी ने अपनी रिपोर्ट 2000 में प्रस्तुत की। उसमें स्पष्ट लिखा है कि घुसपैठियों की संख्या एक करोड़ 50 लाख है। टास्क फोर्स के अनुसार तब प्रतिवर्ष करीब तीन लाख बांग्लादेशी नागरिक भारत में घुसपैठ कर रहे थे। टास्क फोर्स ने सभी दलों को इस समस्या से निपटने में उदासीन बताते हुए लिखा कि इतनी बड़ी संख्या में घुसपैठियों का होना देश की सुरक्षा, सामाजिक सौहार्द और आर्थिक प्रगति के लिए खतरा है। सुप्रीम कोर्ट ने भी 2005 में इस समस्या का संज्ञान लेते हुए इसे 'जनसांख्यिकी आक्रमण' कहा। इस तरह समय-समय पर चेतावनी मिलती रही, पर सरकारों के कान में जूं नहीं रेंगी और समय बीतने के साथ समस्या और गंभीर होती गई।

आज शायद ही कोई ऐसा प्रदेश होगा जहां बांग्लादेशी कुछ न कुछ संख्या में न हों। बंगाल और असम में तो इनकी बाढ़ है। 1951 में बंगाल में मुस्लिम जनसंख्या 51,18,269 थी, 2011 में यह संख्या बढ़कर 2,46,54,825 हो गई। यानी 381.7 प्रतिशत की वृद्धि। असम में 1951 में मुस्लिम जनसंख्या 19,95,936 थी, 2011 में यह उछलकर 1,06,79,345 हो गई। यानी 435.1 प्रतिशत की वृद्धि। आंकड़ों के अनुसार 1971 के बाद से हर दशक में मुस्लिम आबादी 80 से 85 प्रतिशत बढ़ी है। म्यांमार से भारी संख्या में रोहिंग्या भी घुसपैठ कर चुके हैं। ऐसे में उच्च स्तरीय समिति का गठन सही दिशा में एक कदम है, लेकिन कमेटी की रिपोर्ट आने तक घुसपैठियों के विरुद्ध कार्रवाई को रोक नहीं जा सकता। भारत सरकार को तुरंत सभी राज्य सरकारों को निर्देश देना चाहिए कि वे घुसपैठियों की पहचान कर उन्हें अग्रिम कार्रवाई तक होल्डिंग सेंटर्स में रखें। डिटेक्ट, डिटेन और डिपोर्ट एकदम सही नीति है। इस कार्रवाई से भी मुश्किल से 20-25 प्रतिशत बांग्लादेशियों की ही पहचान हो पाएगी। शेष के लिए भारत सरकार घोषणा करे कि घुसपैठिये स्वेच्छा से सामने आएं। उन्हें दो साल का पहचान पत्र/वर्क परमिट दिया जाए। इस आश्वासन के साथ कि वे भारत में रोजी-रोटी कमा सकते हैं, परंतु उन्हें वोट देने का कोई अधिकार नहीं होगा और वे कोई अचल संपत्ति नहीं खरीद सकते। दो साल बाद वर्क परमिट को बढ़ाने/समाप्त करने पर इस आधार पर विचार किया जाए कि उनका आचरण कैसा रहा।

मोदी सरकार ने कश्मीर से अनुच्छेद-370 हटाने और माओवाद की समस्या को समाप्त करने में जो प्रतिबद्धता दिखाई, वह घुसपैठ की समस्या से निपटने में भी दिखानी होगी। अगर ऐसा होता है तो जिस आर्थिक, सामाजिक, और राष्ट्रीय सुरक्षा के खतरे की ओर समय-समय पर हमें आगाह किया गया था, उसका बहुत हद तक निराकरण हो सकेगा।

(लेखक उत्तर प्रदेश पुलिस एवं बीएसएफ के महानिदेशक रहे हैं)

response@jagran.com

सस्ती साबित की जाती लोगों की जान

पीयूष पांडे

दिल्ली के होटल में आग में फिर से वही लापरवाहियां सामने आईं, जो लगभग हर अग्निकांड के बाद सामने आती हैं

तबाही लाता नियम-कानूनों का उल्लंघन। प्रेट्र

वर्ष 2009 की बात है। ब्रिटेन के आक्सफोर्ड में 16 साल के एक स्कूली छात्र ने आत्महत्या की कोशिश से कुछ मिनट पहले फेसबुक पर लिखा, ''मैं अब बहुत दूर जा रहा हूं।'' अमेरिका में बैठी उसकी फेसबुक मित्र ने इस संदेश को पढ़ा तो उसने तत्काल अपनी मां को बताया। मां ने आनन-फानन में मैरीलैंड पुलिस को सूचित किया। पुलिस ने व्हाइट हाउस के स्पेशल एजेंट से संपर्क साधा और उसने फौरन वाशिंगटन में ब्रिटिश दूतावास के अधिकारियों से। उन्होंने ब्रिटेन की मेट्रोपालिटन पुलिस से संपर्क किया और चंद मिनट बाद छात्र के घर का पता लगाकर पुलिस उसके घर जा पहुंची। जब तक वह घर के भीतर दाखिल हुई, छात्र नींद की बहुत अधिक गोलियां खा चुका था। वह बेहोश पड़ा था। पुलिसकर्मियों ने कुछ ही पलों में उसे अस्पताल पहुंचाया, जहां उसकी जान बच गई।

उक्त किस्सा बताता है कि यूरोप-अमेरिका में इंसान का जीवन कितना अनमोल है और सिर्फ एक जिंदगी बचाने के लिए कैसे एजेंसियां जमीन-आकाश एक कर देती हैं, लेकिन दुर्भाग्य से भारत में मौत सिर्फ एक आंकड़ा है। दिल्ली के मालवीय नगर में होटल में आग से 21 लोगों की मौत ने एक बार फिर यह बात साबित की। प्रारंभिक जांच में फिर वही लापरवाहियां सामने आई हैं, जो लगभग हर अग्निकांड के बाद सामने आती हैं। उदाहरण के लिए होटल के पास सिर्फ छह कमरे बनाने की अनुमति थी, लेकिन 25 कमरे बनाए गए। होटल के पास अनिवार्य फायर एनओसी तक नहीं थी। इमारत में प्रवेश और निकास का सिर्फ एक दरवाजा था और कोई आपातकालीन द्वार नहीं था। इस हादसे में कई विदेशी भी मारे गए हैं।

विडंबना यह कि किसी हादसे से सीख नहीं ली जाती। बीते साल दिसंबर में गोवा नाइटक्लब में अग्निकांड हुआ, जिसमें 25 लोगों की मौत हो गई थी। वह हादसा हाल के वर्षों का सबसे बड़ा "सिस्टम फेलियर" केस माना जाता है। इस अग्निकांड की मजिस्ट्रियल जांच में सामने आया था कि क्लब अवैध निर्माण पर चल रहा था, फायर एनओसी नहीं थी, पर्याप्त आपातकालीन निकासी द्वार नहीं थे, स्प्रिंकलर सिस्टम नहीं था और फायर अलार्म सिस्टम तक नहीं था। रिपोर्ट के ये निष्कर्ष इस तरह के लगभग हर अग्निकांड के बाद सामने आते हैं, जो साफ तौर पर नियामकीय विफलता दिखाते हैं। आग की घटनाओं के संदर्भ में तो निश्चित रूप से कहा जा सकता है कि भारत में लोग आग से कम, आग लगने से पहले की गई अनदेखी से ज्यादा मरते हैं। भारत में कई मामलों में मौत यहां कोई असाधारण घटना नहीं, बल्कि प्रशासनिक व्यवस्था का एक नियमित परिणाम है। दिल्ली के जनकपुरी में एक युवक सड़क पर खोदे गए गड्ढे में गिर जाता है। घंटों तक मदद नहीं मिलती और उसकी मौत हो जाती है। नोएडा में एक इंजीनियर की कार खुले नाले में जा गिरती है। उसकी मौत के बाद सुरक्षा प्रबंधों तथा प्रशासनिक लापरवाही पर गंभीर सवाल उठते हैं। दिल्ली के राजेंद्र नगर की एक इमारत के बेसमेंट में चल रहे कोचिंग सेंटर में पानी भरने से तीन छात्र डूबकर मर जाते हैं। इस तरह के सैकड़ों उदाहरण हैं, लेकिन प्रशासनिक विफलता की कहानी वही रहती है।

राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो के आंकड़े बताते हैं कि 2015 से 2020 के बीच खुले गड्ढों और मैनहोल में गिरकर 5,393 लोगों की मौत हुई। यानी औसतन हर दिन दो भारतीय ऐसी मौत मरते हैं, जो पूरी तरह रोकी जा सकती थीं। भारत में हर बड़े हादसे के बाद एक तयशुदा पटकथा चलती है। जांच के आदेश दिए जाते हैं। मुआवजे की घोषणा होती है। कुछ अधिकारियों का तबादला होता है। फिर अगला हादसा हो जाता है। दुखद यह है कि भारत में मौतें अक्सर किसी एक व्यक्ति की गलती से नहीं होतीं। वे कई संस्थाओं की संयुक्त विफलता से होती हैं। ठेकेदार लापरवाह होता है, विभाग आंखें मूंद लेता है, निरीक्षण औपचारिकता बन जाता है और राजनीतिक व्यवस्था केवल हादसे के बाद सक्रिय होती है। परिणामस्वरूप नागरिक मरता है और तंत्र सिर्फ प्रेस कांफ्रेंस करता है। एक स्वस्थ लोकतंत्र की पहचान केवल चुनाव नहीं है। उसकी पहचान यह होती है कि वह अपने नागरिकों को कितनी सुरक्षा देता है।

भारत में नागरिकों को भी इस बात से फर्क नहीं पड़ता कि कहीं कानून का उल्लंघन हो रहा है तो उस जगह से दूरी बनाएं। कई जगह वे खुद भी कानून का उल्लंघन करने से नहीं हिचकते। देश में हर साल लगभग 1.8 लाख लोग सड़क दुर्घटनाओं में मर जाते हैं। इनमें से करीब 30 हजार लोग सिर्फ इसलिए मरते हैं, क्योंकि वे हेलमेट नहीं पहने होते। देश की विशाल आबादी उसकी सबसे बड़ी ताकत भी है और शायद संवेदनहीनता का कारण भी। बड़ी आबादी ने जान की कीमत को इतना कम कर दिया है कि न नागरिकों को और न सिस्टम को समझ आता है कि जीवन अनमोल है। एक विकसित समाज की नैतिकता का बड़ा पैमाना यह भी है कि वह अपने सबसे साधारण नागरिक की जान को कितनी अहमियत देता है। दुर्भाग्य से भारत बार-बार यह संदेश दे रहा है कि यहां मौत सस्ती है और जवाबदेही उससे भी सस्ती।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)

response@jagran.com

ऊर्जा

संवेदनशीलता

संवेदनशीलता एक महत्वपूर्ण मानवीय गुण है। इसका अर्थ है कि दूसरों को सुखी देखकर हमें भी प्रसन्नता हो तथा दूसरों को दुखी देखकर हमारा हृदय द्रवित हो उठे और मन में करुणा के भाव जागृत हों। कहा गया है कि यदि आप पीड़ा को अनुभव करते हैं तो आप जीवित हैं और यदि आप दूसरों की पीड़ा का दर्द अनुभव करते हैं तो आप सचमुच इंसान हैं।

संवेदनशीलता केवल एक भावना नहीं, बल्कि एक जीवनशैली है। इसे हमें अपने हर छोटे-बड़े कार्य में उतारना होता है, चाहे वह वार्तालाप हो, व्यवहार हो या हमारी दैनिक आदतें। बहुत से लोग ऐसे होते हैं, जिनकी संवेदनशीलता उनके व्यवहार से स्पष्ट झलकती है। वे किसी भी परिस्थिति में जल्दबाजी या क्रोध में प्रतिक्रिया नहीं देते, बल्कि सोच-समझकर और परिस्थिति को समझते हुए अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हैं। इसके विपरीत, जिन लोगों में संवेदनशीलता की कमी होती है, वे अक्सर बिना सोचे-विचारे बोलते रहते हैं, जिससे दूसरों की भावनाओं को ठेस पहुंच सकती है।

संवेदनशीलता के दो प्रमुख रूप देखे जा सकते हैं। पहला, किसी पीड़ित व्यक्ति की पीड़ा को महसूस करना और उसकी सहायता के लिए आगे आना। दूसरा, किसी से वार्तालाप करते समय कठोर शब्दों के स्थान पर विनम्र, सम्मानजनक भाषा का प्रयोग करना। जब हम संवेदनशीलता को अपने जीवन में उतार लेते हैं, तभी सच्चे अर्थों में अच्छे और संवेदनशील इंसान कहलाने योग्य बनते हैं। संवेदनशीलता केवल लोगों के प्रति हमारे व्यवहार तक सीमित नहीं है, बल्कि यह वस्तुओं के प्रति हमारे दृष्टिकोण में भी दिखाई देती है। हम वस्तुओं को कितनी सावधानी और व्यवस्थित ढंग से रखते हैं अथवा लापरवाहीपूर्वक इधर-उधर फेंक देते हैं, यह भी हमारी संवेदनशीलता का परिचायक है।

एसएन दुबे 'स्नेही'

राजधानी में सुरक्षा मानकों की अनदेखी

डा. रमेश ठाकुर

दिल्ली की पहचान विकास, सुरक्षा और सुशासन से होनी चाहिए, न कि बार-बार होने वाले अग्निकांडों से

मालवीय नगर में हुए भीषण अग्निकांड ने एक बार फिर यह सवाल खड़ा कर दिया है कि आखिर दिल्ली में आग की घटनाएं कब रुकेंगी? आए दिन किसी न किसी इलाके से आग लगने की खबर आती है और हर बार कुछ निर्दोष लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ती है। यह स्थिति केवल प्रशासनिक विफलता नहीं, बल्कि एक गहरे संकट का संकेत है। दिल्ली में पिछले कुछ वर्षों के दौरान मुंडका, विवेक विहार, पालम, पहाड़गंज, मंडावली और चांदनी चौक जैसी अनेक घटनाओं ने राजधानी को झकझोर दिया है। विवेक विहार स्थित अस्पताल में लगी आग में नवजात बच्चों की मृत्यु हो गई थी, जबकि पालम में एक ही परिवार के कई सदस्य जिंदा जल गए थे। इन घटनाओं के बावजूद व्यवस्था में अपेक्षित सुधार दिखाई नहीं देता।

इन हादसों के पीछे सबसे बड़ा कारण अवैध और अनियोजित निर्माण है। अनेक व्यावसायिक प्रतिष्ठान और होटल निर्धारित मानकों की अनदेखी कर संचालित किए जा रहे हैं। जहां सीमित कमरों की अनुमति होती है, वहां कई गुना अधिक निर्माण कर लिया जाता है। अग्निशमन उपकरण, आपातकालीन निकास द्वार और सुरक्षा व्यवस्था जैसी मूलभूत आवश्यकताओं को नजरअंदाज कर दिया जाता है। दुर्भाग्यपूर्ण तथ्य यह है कि संबंधित विभागों की उदासीनता और भ्रष्टाचार भी ऐसी स्थितियों को बढ़ावा देते हैं। दिल्ली फायर सर्विस के आंकड़े बताते हैं कि राजधानी में हर महीने सैकड़ों अग्निकांड दर्ज किए जाते हैं। गर्मी के मौसम में बिजली की अधिक खपत, शार्ट सर्किट और सुरक्षा मानकों की अनदेखी के कारण घटनाएं और बढ़ जाती हैं। इसके बावजूद न तो भवन स्वामियों में जागरूकता दिखाई देती है और न ही प्रशासन पर्याप्त कठोरता से नियमों का पालन सुनिश्चित कर पाता है।

हर बड़ी दुर्घटना के बाद जांच समिति बनती है, कुछ गिरफ्तारियां होती हैं, अवैध निर्माण पर बुलडोजर चलता है और मुआवजे की घोषणाएं की जाती हैं। लेकिन कुछ समय बाद मामला ठंडा पड़ जाता है और व्यवस्था अगले हादसे का इंतजार करने लगती है। यही कारण है कि जनता का विश्वास लगातार कमजोर हो रहा है। जरूरत इस बात की है कि अग्नि सुरक्षा को केवल औपचारिकता न समझा जाए। सभी व्यावसायिक और आवासीय भवनों का नियमित सुरक्षा आडिट हो, अग्निशमन विभाग को आधुनिक संसाधनों से लैस किया जाए तथा नियमों के उल्लंघन पर कठोर दंड सुनिश्चित किया जाए। साथ ही नागरिकों में भी सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने की आवश्यकता है। दिल्ली की पहचान विकास, सुरक्षा और सुशासन से होनी चाहिए, न कि बार-बार होने वाले अग्निकांडों से। मालवीय नगर जैसी त्रासदियां की अनदेखी भविष्य के लिए घातक सिद्ध होगा।

(लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं)

ममता का बुरा वक्त

'मूल से उखड़ती तृणमूल' शीर्षक से युक्त संपादकीय में तृणमूल कांग्रेस के अधोपतन का विश्लेषण पढ़ा। जिसमें स्पष्ट किया गया कि परिवारवाद और सत्ता के दुरुपयोग ने 'तृणमूल' को उसके 'मूल' से उखाड़ दिया। पार्टी नेताओं के भ्रष्टाचार, मुस्लिम तुष्टीकरण और राज्य में बढ़ती अराजकता के कारण इस बार ममता बनर्जी को करारी हार का सामना करना पड़ा। तृणमूल कांग्रेस के दबंग नेताओं से प्रताड़ित डरे-सहमे जनमानस को जब सुरक्षित माहौल में वोट डालने का अवसर मिला तो उसने ममता बनर्जी के कुशासन का हिसाब चुकता करते हुए भारी बहुमत के साथ बंगाल की कमान भाजपा को सौंप दी। ममता बनर्जी के हाथ से राज्य की सत्ता खिसकते ही उन्हें न केवल जनाक्रोश का सामना करना पड़ा, अपितु उनके लिए तृणमूल कांग्रेस के जीते हुए विधायकों को एकजुट रखना भी मुश्किल हो गया। राज्य की सत्ता गंवाने के बाद पार्टी में इतना बड़ा विघटन ममता बनर्जी के लिए बहुत बड़ा झटका है। विपक्षी नेता के रूप में अब विधानसभा के अंदर और बाहर उनकी दबंगई नहीं चल पाएगी। एक राजनीतिक दल की मुखिया के रूप में ममता बनर्जी का यह सबसे बुरा वक्त है, जब उनके पास न सत्ता है और न ही पार्टी की हनक। वर्तमान में वह बुरी तरह से टूटी-बिखरी तृणमूल कांग्रेस की हताश नेता हैं।

डा. वीपी पाण्डेय, अलीगढ़ (उप्र)

छात्रों पर मानसिक दबाव

नीट की परीक्षा निरस्त होने से हताश और दोबारा देने में असमर्थता जताते हुए एक छात्रा द्वारा आत्महत्या और जांच के आदेश। लेकिन आखिर हर बार गलती होने के बाद ही व्यवस्था क्यों जागती है? जांच हमेशा हादसे के बाद ही क्यों होती है? सबसे हैरानी की बात यह है कि हादसे के बाद अचानक सारी कमियां सामने आने लगती हैं। तब पता चलता है कि कहीं सुरक्षा नियमों का उल्लंघन हो रहा था, कहीं अवैध निर्माण किया गया था, कहीं इमारत जर्जर थी, कहीं पुल में पहले से दरारें थीं। क्या हमारी व्यवस्था अब इतनी संवेदनहीन हो चुकी है कि उसे खतरे की नहीं, मौतों की सूचना चाहिए? क्या किसी काम को आगे बढ़ाने के लिए लोगों का मरना जरूरी हो गया है? एक तरफ करोड़ों रुपये की नई योजनाओं की घोषणाएं होती हैं। नए अस्पताल, नए मेडिकल कालेज, नई इमारतें और नए विकास के वादे किए जाते हैं। लेकिन अगर पहले से खड़ी इमारतों में लोग सुरक्षित नहीं हैं, अगर पुलों की मजबूती पर भरोसा नहीं है तो यह विकास किस काम का।

निकिता जोशी, कानपुर

मेलबाक्स

जैसा कदम अत्यंत निराशाजनक और दुखदाई है। यह हमारी परीक्षा प्रणाली की विफलता, सरकारी मुलाजिमों से लेकर आम आदमी का भ्रष्टाचार में संलिप्त होना और सरकार का गैर जिम्मेदाराना दृष्टिकोण है। चंद लोग पैसों के लालच में अपना ईमान और जमीर बेच, नैतिक मूल्यों को दरकिनार कर प्रश्न पत्र बेच लाखों अभ्यार्थियों के करियर और भविष्य के साथ खिलवाड़ करते हैं। छात्रों की न जाने कितने वर्षों की मेहनत लगी होती है परीक्षा की तैयारी में और माता-पिता का बच्चों की कोचिंग और किताबों पर अथाह पैसा। जिसे कुछ लोग चंद पलों में पेपर लीक कर बर्बाद कर देते हैं। किसी भी अभ्यार्थी के लिए दोबारा से परीक्षा में बैठना और उसे अच्छे रैंक और नंबरों से पास करना बेहद चुनौतीपूर्ण है, साथ ही मानसिक और भावनात्मक दबाव भी है। सरकार को प्रश्न पत्रों की गोपनीयता बनाए रखने और पेपर लीक करने वालों के लिए कड़ी सजा का प्रविधान करना चाहिए।

अभिलाषा गुप्ता, मोहाली

विकास या दिखावा

कभी पुल गिरता है, कभी होटल में आग लग जाती है। कभी कोई इमारत लोगों के ऊपर ढह जाती है, तो कभी एक खुला नाला किसी छात्र का भविष्य निगल लेता है। हर हादसे में सिर्फ कुछ लोग नहीं मरते, उनके साथ मर जाते हैं कई सपने, कई उम्मीदें और कई परिवारों की खुशियां। और फिर शुरू होता है वही पुराना सिलसिला-शोक संदेश, मुआवजे की घोषणाएं

इस स्तंभ में किसी भी विषय पर राय व्यक्त करने अथवा दैनिक जागरण के राष्ट्रीय संस्करण पर प्रतिक्रिया व्यक्त करने के लिए पाठकगण सादर आमंत्रित हैं। आप हमें पत्र भेजने के साथ ई-मेल भी कर सकते हैं।

अपने पत्र इस पते पर भेजें:

दैनिक जागरण, राष्ट्रीय संस्करण,

डी-210-211, सेक्टर-63, नोएडा

ई-मेल: response@jagran.com

संस्थापक-स्व. पूर्णचन्द्र गुप्त. पूर्व प्रधान संपादक-स्व. नरेन्द्र मोहन. नॉन एग्जीक्यूटिव चेयरमैन-महेन्द्र मोहन गुप्त. प्रधान संपादक-संजय गुप्त, जागरण प्रकाशनलि. के लिए: नीतेन्द्र श्रीवास्तव द्वारा 501, आई.एन.एस. बिल्डिंग, रफी मार्ग, नई दिल्ली-110001 से प्रकाशित और उन्हीं के द्वारा डी-210, 211, सेक्टर-63 नोएडा-201309 से मुद्रित, संपादक (राष्ट्रीय संस्करण) -विष्णु प्रकाश त्रिपाठी*
दूरभाष: नई दिल्ली कार्यालय: 011-43166300, नोएडा कार्यालय: 0120-4615800, E-mail: delhi@nda.jagran.com, R.N.I. No. DELHIN/2017/74721 *इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद दिल्ली न्यायालय के अधीन ही होंगे। हवाई/रेल शुल्क ₹-2 अतिरिक्त।

60 प्रतिशत खाद्य तेल आयात करता है भारत, अपनी कुल खपत का। वर्ष 2024-25 में लगभग 1.6 करोड़ टन खाद्य तेल का आयात किया गया, जिसका मूल्य लगभग 1.61 लाख करोड़ रुपये था।

आजकल

दलहन व खाद्य तेलों के उत्पादन पर जोर

वैश्विक हालात, विशेषकर अमेरिका-इजरायल और ईरान संघर्ष से उत्पन्न आर्थिक चुनौतियों के कारण भारत में आर्थिक दबाव लगातार बढ़ रहा है। डालर की तुलना में रुपया निरंतर कमजोर होने और निर्यात की तुलना में आयात कई गुना बढ़ने से व्यापार घाटा भी बढ़ा है। इसलिए आयात की जानी वस्तुओं के उपयोग को कम करने की सलाह प्रधानमंत्री द्वारा दी गई है। दलहन और खाद्य तेलों का भी देश बड़ी मात्रा में आयात करता है। ऐसे में हमें ऐसी नीतियां बनाने की आवश्यकता है जिससे देश में इनके उत्पादन को प्रोत्साहन मिल सके

ज्ञानेश मिश्र
राष्ट्रीय अध्यक्ष, भारतीय कृषि उत्पाद उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल

प्रतीकात्मक

वित्त वर्ष 2025-26 में भारत का वस्तु एवं सेवा क्षेत्र को मिलाकर व्यापार घाटा लगभग 119.3 अरब डालर दर्ज किया गया। इस दौरान देश का कुल आयात 979.4 अरब डालर रहा, जबकि निर्यात 860.09 अरब डालर तक पहुंचा। वाणिज्य मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, वित्त वर्ष 2024-25 में यह व्यापार घाटा 94 अरब डालर से अधिक था, जो कि वर्ष 2025-26 में और बढ़ गया। यदि केवल वस्तुओं के व्यापार की बात करें, तो घाटा और भी अधिक रहा। व्यापार घाटा बढ़ने का मुख्य कारण सोना-चांदी जैसी कीमती धातुओं तथा इलेक्ट्रानिक उपकरणों के आयात में तेजी आना रहा है। देश में पहले कमर्शियल गैस सिलेंडर और उसके बाद पेट्रोल, डीजल व सीएनजी की कीमतें धीरे-धीरे बढ़नी शुरू हो गई हैं। इससे ट्रांसपोर्ट लागत बढ़ेगी और भाड़ा बढ़ने से रोजमर्रा की वस्तुओं की कीमतों में भी वृद्धि होगी।

देश में गेहूं और चावल का उत्पादन पिछले वर्षों में काफी बढ़ा है और वर्तमान में इनकी उपलब्धता पर्याप्त मात्रा में है। फूड कारपोरेशन आफ इंडिया (एफसीआइ) तथा निजी क्षेत्र के पास गेहूं का अच्छा भंडार उपलब्ध है।

दलहल व खाद्य तेल का आयात : भारत में चावल का उत्पादन भी काफी मात्रा में होता है तथा भारत इसका निर्यात भी करता है। फिलहाल देश में गेहूं और चावल की कीमतें स्थिर हैं और निकट भविष्य में इनमें बड़ी तेजी की संभावना भी कम दिखाई देती है। परंतु भारत अपनी कुल खपत का 60 प्रतिशत खाद्य तेल आयात करता है। वर्ष 2024-25 में भारत ने लगभग 1.6 करोड़ टन खाद्य तेल का आयात किया, जिसकी कीमत 1.61 लाख करोड़ रुपये थी। वहीं 2025-26 में यह आयात बढ़कर 1.65 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया।

भारत में आयातित खाद्य तेलों- पाम, सोयाबीन और सूरजमुखी के कच्चे तेल पर कुल प्रभावी आयात शुल्क 16.5 प्रतिशत, जिसमें 10 प्रतिशत मूल सीमा शुल्क और अन्य उपकर हैं, जबकि रिफाइंड खाद्य तेलों पर मूल आयात शुल्क 32.5 प्रतिशत है, जो कि अन्य उपकर को मिलाकर कुल प्रभावी आयात शुल्क 35.75 प्रतिशत है। कुछ समय पूर्व कच्चे खाद्य तेल पाम, सोयाबीन और सूरजमुखी तेल पर मूल सीमा शुल्क 20 प्रतिशत से घटाकर 10 प्रतिशत कर दिया गया है, जो कि अन्य उपकरों को मिलाकर 16.5 प्रतिशत पड़ता है। इसके अतिरिक्त भारत में आयातित खाद्य तेलों के घरेलू बिक्री करने पर पांच प्रतिशत की दर से जीएसटी भी लागू होता है, जबकि दालों में जीरो प्रतिशत है। पांच प्रतिशत जीएसटी से आयातित खाद्य तेलों व देश में निर्मित खाद्य तेल की कीमतें और बढ़ जाती हैं, इसलिए देश में तिलहन व खाद्य तेल में जीएसटी जीरो प्रतिशत होना चाहिए।

नेपाल से शुल्क मुक्त आयात : भारत में कुल खाद्य तेल के आयात का सबसे बड़ा हिस्सा पाम आयल का है, जो मुख्य रूप से इंडोनेशिया और मलेशिया से आता है। सोयाबीन आयल दक्षिण अमेरिकी देशों- अर्जेंटीना और ब्राजील से आता है। सूरजमुखी का तेल रूस और यूक्रेन से आता है। खाद्य तेल में खासकर सोया व अन्य खाद्य तेल भी इन सभी देशों से नेपाल में आने के उपरांत रिफाइंड, प्रोसेस व रीपैक होकर भारत आते हैं। यहां उल्लेखनीय है कि नेपाल और भारत के बीच आयात व निर्यात होने पर 'साफ्टा' के तहत जीरो शुल्क है, इसलिए नेपाल से आने वाले खाद्य तेल पर कोई आयात शुल्क नहीं लगता है। इसलिए नेपाल से काफी मात्रा में रिफाइंड, प्रोसेस व रीपैक होकर खाद्य तेल भारत में आता है। आयात शुल्क नहीं होने के कारण वर्ष 2024-25 की तुलना में 2025-26 में नेपाल से खाद्य तेल का आयात दो गुना हो गया है। नेपाल से आयातित होने वाले खाद्य तेलों पर आयात शुल्क न होने के कारण भारत के तेल उद्योग को दिक्कतों का सामना करना पड़ा है। लिहाजा भारत के तेल उद्योग ने नेपाल से शुल्क-मुक्त आयात पर अपनी आपत्ति भी दर्ज कराई है।

तिलहन उत्पादन में आत्मनिर्भरता से मजबूत होगी आर्थिकी

पिछले कुछ समय से रुपये की तुलना में डालर की कीमत बढ़ने के कारण भारत में आयातित खाद्य तेलों की कीमतों में भी तेजी देखने को मिल रही है। विदेश से आने वाला पाम, सोया और सूरजमुखी तेल लगातार महंगा हो रहा है। आयातित तेल महंगा होने का असर देश में उत्पादित सरसों के तेल पर भी दिखाई दे रहा है, जिसकी कीमतों में भी तेजी आई है। इसी प्रकार दालों के आयात की स्थिति भी चिंताजनक है। भारत अपनी कुल दाल खपत का 20 से 25 प्रतिशत आयात करता है। भारत मुख्य रूप से अरहर, चना, उड़द, मसूर और मटर का आयात करता है। पिछले दो वर्षों में कनाडा से मसूर, आस्ट्रेलिया से चना, म्यांमार और मलेशिया से उड़द व अरहर तथा तंजानिया और मोजांबिक जैसे अफ्रीकी देशों से अरहर का आयात हुआ है। वर्ष 2024-25 में भारत ने लगभग 73 लाख टन दालों का रिकार्ड आयात किया, जिसकी कीमत लगभग 43 हजार करोड़ रुपये रही। वहीं वर्ष 2025-26 में लगभग 60 लाख टन दालों का आयात किया गया, जिसकी कीमत करीब 31 हजार करोड़ रुपये थी।

भारत में दालों का आयात बढ़ने का एक प्रमुख कारण आयात शुल्क में दी गई छूट भी है। अरहर और उड़द पर वर्तमान में शून्य प्रतिशत आयात शुल्क लागू है। इसके अलावा, दिसंबर 2023 से एक नवंबर 2025 तक पीली मटर पर भी शून्य प्रतिशत आयात शुल्क लागू था। बाद में इस पर 30 प्रतिशत शुल्क लगाया गया। चना और मसूर पर अभी केवल 10 प्रतिशत आयात शुल्क लागू है। यदि इन सभी दालों पर आयात शुल्क बढ़ाकर 50 प्रतिशत किया जाए, तो आयात में कमी लाई जा सकती है।

वर्तमान आर्थिक परिस्थितियों को देखते हुए दालों में 50 प्रतिशत आयात शुल्क लगाने और खाद्य तेलों पर पूर्व में लागू 20 प्रतिशत मूल आयात शुल्क पुनः लागू करने की आवश्यकता महसूस होती है, जिससे आयात कम होगा और विदेशी मुद्रा की बचत होगी। हालांकि इससे कुछ महंगाई अवश्य बढ़ेगी। साथ ही, भारत सरकार को दलहन और तिलहन उत्पादन में आत्मनिर्भरता हासिल करने के प्रयास और तेज करने होंगे। वैसे भारत सरकार ने दलहन व तिलहन उत्पादन में देश को आत्मनिर्भर बनाने की कई योजनाएं शुरू की हैं। भारत सरकार द्वारा दलहन (दालों) में आत्मनिर्भरता प्राप्त करने के लिए 11 हजार करोड़ रुपये से अधिक के दलहन आत्मनिर्भरता मिशन की शुरुआत की गई है। इसी तरह तिलहन आत्मनिर्भरता के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं, लेकिन इसके लिए प्रयास और तेज करने होंगे।

वर्ष 2024-25 में देश ने खाद्य तेल और दालों का लगभग 2.04 लाख करोड़ रुपये का आयात किया। वहीं वर्ष 2025-26 में भी दलहन व खाद्य तेल का आयात लगभग 1.96 लाख करोड़ रुपये का रहा। यदि इस आयात को नियंत्रित किया जाए, तो डालर के रूप में विदेशी मुद्रा बचाई जा सकती है। यह भी उल्लेखनीय है कि पिछले दो वर्षों में भारी आयात के कारण देश में दलहन की फसलें न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) से नीचे बिक रही थीं, जिससे दलहन उत्पादक राज्यों के किसान दलहन की बोआई कम करते जा रहे हैं। लेकिन दूसरी तरफ तिलहन की बात की जाए, तो पिछले वर्ष कुछ समय के लिए तिलहन में सरसों व मूंगफली आदि की कीमतें एमएसपी के आसपास रही हैं और वर्तमान में सरसों की कीमत एमएसपी से अधिक है, क्योंकि इस समय खाद्य तेल के आयात में दिक्कतें आ रही हैं। इसलिए देश में तिलहन का उत्पादन और बढ़ाने की आवश्यकता है। इसके लिए किसानों को प्रेरित करने हेतु तिलहन उत्पादक किसानों को प्रोत्साहन राशि सहित बीज व खाद आदि अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराने की जरूरत है।

भारत सरकार को दलहन और खाद्य तेलों पर आयात शुल्क बढ़ाकर इनके आयात को नियंत्रित करने का निर्णय जल्द लेना चाहिए। इससे किसानों को बेहतर कीमत मिलेगी और वे अधिक उत्पादन के लिए प्रेरित होंगे। भारत सरकार तिलहन व खाद्य तेल में लागू पांच प्रतिशत जीएसटी को शून्य करे, जिससे देश के तेल उद्योग को भी प्रोत्साहन मिलेगा। सरकार पहले से ही एमएसपी पर निर्धारित मात्रा में दलहन व तिलहन की खरीद करके किसानों को प्रोत्साहित कर रही है, लेकिन इसे और प्रभावी बनाने की जरूरत है।

दलहन और तिलहन उत्पादक राज्यों के किसानों को विशेष प्रोत्साहन देना होगा। किसानों को प्रोत्साहन राशि, गुणवत्तापूर्ण बीज तथा पर्याप्त उर्वरक आसानी से उपलब्ध कराए जाने चाहिए। सरकार को दाल और खाद्य तेल के प्रतिवर्ष लगभग दो लाख करोड़ रुपये के आयात को नियंत्रित करने, खाद्य तेल का इस्तेमाल कम करने के लिए जागरूकता अभियान चलाने, देश को दलहन एवं तिलहन उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाने तथा किसानों को प्रति एकड़ प्रोत्साहन राशि देने जैसे विषयों पर शीघ्र निर्णय लेना चाहिए। साथ ही, कृषि विशेषज्ञों, किसानों, दाल उद्योग से जुड़े व्यापारियों तथा मंडी के व्यापारी प्रतिनिधियों की एक समिति बनाकर हर तीन माह में सुझाव भी लिए जाने चाहिए। समय रहते सही कदम उठाए गए, तो इससे न केवल किसानों को लाभ होगा, बल्कि देश की विदेशी मुद्रा की भी बचत होगी और भारत आत्मनिर्भर कृषि अर्थव्यवस्था की दिशा में मजबूत कदम बढ़ा सकेगा। (ज्ञानेश मिश्र)

खरी-खरी

बचाव गैंग भी हैंग

राजेंद्र कुमार सिंह

कुछ दिन पहले पेपर लीक प्रकरण ने देश के नौजवानों, खासकर जेन जी को इस कदर झकझोर दिया कि बचाव पक्ष का पूरा गैंग ही हैंग हो गया। जो लोग कल तक हर सवाल का जवाब जेब में लेकर घूमते थे, वे अचानक नेटवर्क से बाहर दिखाई देने लगे। देश में इन दिनों एक नई जंग छिड़ी हुई है। यह जंग धीरे-धीरे ऐसा रंग बदल रही है कि समझदारों की अक्ल भी ठिकाने लग रही है। दोनों पक्ष अपने-अपने मोर्चे पर डटे हैं, लेकिन बचाव पक्ष तो मानो बरसाती मेढक की तरह मौका मिलते ही टर्राने लगता है। मुद्दा चाहे कोई भी हो, उसके समर्थन में तराने तुरंत निकल पड़ते हैं।

पेपर लीक और सीबीएसई परीक्षा के अंकों को लेकर जब छात्रों और अभिभावकों में आक्रोश बढ़ रहा था, तब यही बचाव ब्रिगेड चैन की बंसी बजा रही थी। लेकिन जैसे ही मामला सरकार की छवि पर असर डालने लगा, टीवी मीडिया के कुछ लोग सक्रिय हो उठे। उन्होंने छात्रों की पीड़ा पर चर्चा करने के बजाय उन्हें ही कठघरे में खड़ा करना शुरू कर दिया। कोई उन्हें देशद्रोही बताने लगा, तो कोई उनकी जायज मांगों को राजनीति का रंग देने लगा।

पत्रकारिता के नाम पर यह ऐसा तमाशा था जिसमें खबर कम और चाटुकारिता ज्यादा दिखाई दे रही थी। लगता था मानो कुछ लोगों ने सत्ता की कृपा-दृष्टि पाने के लिए अपनी कलम को गिरवी रख दिया हो। नतीजा यह हुआ कि पत्रकारिता की खाट खड़ी होने लगी और उनके आकाओं का भी माथा ठनक गया। आगे क्या होगा, यह कहना कठिन है, लेकिन इतना तय है कि सरकार की ढुलमुल नीति जनता को भारी पड़ रही है। समस्या का समाधान निकालने के बजाय उसे आगे सरकाने की पुरानी आदत अब जनता को रास नहीं आ रही।

इस्तीफा देना शायद अब राजनीतिक शब्दकोश का अप्रचलित शब्द बन चुका है। लेकिन इस बार मामला थोड़ा टेढ़ा दिखाई देता है। जनता सवाल पूछ रही है, छात्र जवाब मांग रहे हैं और आंदोलन बिना ठोस निष्कर्ष के थमता नहीं दिख रहा। बचाव गैंग चाहे जितना बचाव कर ले, फिलहाल तो वही ज्यादा हैंग होता नजर आ रहा है।

X पोस्ट

एक ऐसे समय जब भाजपा में घुसने के लिए नेताओं की लंबी लाइन लगी हो, अन्नामलाई ने बाहर का रास्ता ले लिया। हालांकि भाजपा और उससे पहले जनसंघ का यह इतिहास है कि इससे अलग होकर कोई नेता पनप नहीं सका। कल्याण सिंह, शंकर सिंह वाघेला, उमा भारती आदि की एक लंबी फेहरिस्त है।
अखिलेश शर्मा@akhileshsharma1

शोध बताते हैं कि नकारात्मक समाचार सकारात्मक समाचारों की तुलना में लगभग 15 गुना अधिक तेजी से फैलते हैं। ब्लूमबर्ग ने भारत के सोना बेचने की अपनी झूठी खबर को वापस ले लिया है, लेकिन अब तक वह व्यापक रूप से फैल चुकी होगी। गढ़ी गई या कृत्रिम रूप से निर्मित नैरेटिव से सावधान रहने की आवश्यकता है।
प्रो. शमिका रवि@ShamikaRavi

दिल्ली अग्निकांड में होटल मालिक गिरफ्तार हो गया, लेकिन वे सारे अधिकारी/बाबू/नेता कब गिरफ्तार होंगे, जिनकी जेबें गर्म कर, सारे नियम तोड़ कर वह होटल चल रहा था? जब तक ऐसे मामलों में इस देश के भ्रष्ट अधिकारी/बाबू/नेता गिरफ्तार नहीं होंगे, तब तक ऐसी घटनाएं बंद नहीं होंगी।
ऋचा अनिरुद्ध@richaanirudh

जागरण जनमत — कल का परिणाम

क्या सूर्य कुमार यादव को टी-20 टीम की कप्तानी से हटाना सही है?



सभी आंकड़े प्रतिशत में

आज का सवाल

क्या आरबीआइ का रेपो रेट को यथावत रखने का फैसला सही है?

परिणाम जागरण इंटरनेट संस्करण के पाठकों का मत है

जनपथ

खेड़ा बाबू आपको बढ़िया मिला इनाम,
नाम न होगा क्या भला जो होंगे बदनाम!
जो होंगे बदनाम बोलकर झूठ दिखाओ,
राज्यसभा की सीट आप घर बैठे पाओ।
उल्टा-सीधा बोल रोज जो करे बखेड़ा,
पाए वही इनाम पा गए जैसे खेड़ा!!
-ओम प्रकाश तिवारी

बिहार डायरी

राबड़ी देवी के आवास पर क्यों मचा शोर

अरुण अशेष
उप राजनीतिक संपादक, बिहार

पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी के सरकारी आवास को लेकर फिल्मी संवाद चल रहा है। राबड़ी देवी कह रही हैं कि वह सरकारी आवास नहीं छोड़ेंगी। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी कह रहे हैं कि कोई माई का लाल सरकारी आवास पर कब्जा नहीं कर सकता है। यह संपत्ति किसी की बपौती नहीं है। राबड़ी देवी के समर्थक और राजद नेता सूची जारी कर रहे हैं। इनमें उन लोगों के नाम हैं, जो मंत्री नहीं हैं। सांसद हैं। पूर्व विधायक हैं। वे उन आवासों में रह रहे हैं, जिनका निर्माण राज्य के मंत्रियों और बड़े सरकारी अधिकारियों के लिए किया गया है।

सरकार की ओर से भवन निर्माण मंत्री लेशी सिंह सफाई दे रही हैं कि राजद की सूची में जिन्हें अवैध कब्जेदार बताया जा रहा है, वे सब बाजार दर पर किराया देकर सरकारी आवासों में रह रहे हैं। सरकारी भवनों के आवंटन के नियम में किराया भी एक आधार है। हां, यह सरकार के विवेक पर निर्भर है कि वह किसे किराया पर आवास देगी। ऐसा नहीं है कि कोई आम आदमी सरकारी कार्यालय में जाए और किराया का भुगतान कर मंत्री वाले आवास में रहने लगे। कुल मिलाकर बात यहां आकर ठहरती है कि सरकार जिसे चाहे, उसे ही किराये पर मंत्री वाला आवास मिल सकता है।

प्रश्न यह भी नहीं है कि राबड़ी देवी के पास राजधानी पटना में रहने का कोई और ठिकाना है या नहीं। उन्हें वर्तमान आवास के बदले दूसरा आवास आवंटित किया गया है। वह आवास छोटा नहीं है। प्रश्न यह भी नहीं है कि राज्य सरकार अगर राबड़ी देवी को वर्तमान आवास में रहने देगी तो राज्य का बहुत नुकसान हो जाएगा। असली मामला राजनीति का है। सरकार ने राबड़ी देवी वाला आवास भाजपा कोटे के मंत्री नंदकिशोर राम के नाम आवंटित कर दिया है। भाजपा कह रही है कि देखिए, राबड़ी देवी किस तरह अनुसूचित जाति की विरोधी हैं। अनुसूचित जाति के मंत्री के नाम पर आवंटित किए गए आवास को खाली नहीं कर रही हैं।

पटना स्थित राबड़ी देवी का आवास, जो आजकल कई कारणों से चर्चा में है। फाइल

उधर राजद की राजनीति यह है कि सरकार जबरदस्ती आवास खाली कराए। उनके सामान को सड़क पर फेक दे। तब कहा जाएगा कि सरकार महिला विरोधी है। पिछड़ा विरोधी है। राज्य की पहली महिला मुख्यमंत्री का सम्मान करना नहीं जानती है। आम लोग तमाशा देख रहे हैं। बीच-बीच में ये खबरें भी आ रही हैं कि सरकार जबरदस्त ढंग से अतिक्रमण हटाओ अभियान चला रही है। बिना वैकल्पिक प्रबंध के गरीबों की झोपड़ियां उजाड़ी जा रही हैं। यह रुचिपूर्ण विषय नहीं है। अधिक रुचि इसमें है कि राबड़ी देवी आवास खाली करती हैं या नहीं।

वस्तुतः सरकारी आवासों पर विवाद कोई नया विषय नहीं है। बचपन की अपनी गरीबी का बखान करते-करते आंसू निकाल लेने वाले लोग जब जन प्रतिनिधि बनकर पटना पहुंचते हैं तो उनकी पहली खोज एक भव्य सरकारी आवास की होती है। अब तो सरकार ने विधानसभा क्षेत्र संख्या के आधार पर आवास का निर्माण और आवंटन कर दिया है। इससे पहले तो नव निर्वाचित विधायक और उनके समर्थक परिणाम की घोषणा होते ही पटना पहुंच कर किसी भव्य आवास पर कब्जा जमाने का प्रयास करते थे। देखा यह जाता था कि वह आवास किसी पराजित विधायक या मंत्री का हो। खैर यह परिपाटी बंद हो गई है। लेकिन, भव्य और सुसज्जित आवास की भूख नहीं गई है। सरकार ने उन लोगों का भी सम्मान किया है, जो कभी मंत्री थे और अब केवल विधायक रह गए हैं। इनके लिए मांग के आधार पर दोहरे आवास की व्यवस्था की गई है। एक तो इन्हें विधायक के नाम पर मुफ्त मिलेगा। दूसरे के लिए इन्हें भुगतान करना होगा। डेढ़ दर्जन से अधिक विधायकों को पूर्व मंत्रियों के नाते यह सुविधा मिली हुई है।

दोष इन जन प्रतिनिधियों का भी नहीं है। लालू प्रसाद मार्च, 1990 में पहली बार मुख्यमंत्री बने। अपनी मां से मिलने गांव गए। उनकी सीधी सरल मां समझ नहीं पाईं कि उनका बेटा कितना बड़ा आदमी बन गया है। लालू प्रसाद का गांव फुलवरिया, गोपालगंज जिले में है। इसी जिले में हथुआ राज भी है। लालू प्रसाद ने अपनी मां को मुख्यमंत्री पद की महत्ता समझाने की गरज से कहा कि वे हथुआ महाराज से भी बड़े ओहदे पर चले गए हैं। मां हथुआ महाराज के प्रताप को समझती थीं। वह अपने पुत्र के प्रताप को समझ गईं। लालू प्रसाद बिंदास प्रकृति के हैं। लेकिन, सभी जन प्रतिनिधि ऐसे नहीं हैं कि अपने मन के राजा को सब जनता के बीच प्रकट कर सकें। राजा हैं तो राज प्रासाद भी चाहिए। अपवाद को छोड़ दें तो ज्यादा जन प्रतिनिधि इसी मनोभाव के हैं।

मंथन

स्वर्ण आयात रोकने की कवायद

वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल के अनुसार, इस वर्ष की पहली तिमाही में भारत ने 150 टन सोने का आयात किया। विदेशी मुद्रा को बचाने के लिए भारत को स्वर्ण आयात रोकना होगा

डा. अश्विनी महाजन
पूर्व प्रोफेसर, पीजीडीएवी कालेज, दिल्ली विश्वविद्यालय

प्रतीकात्मक

भारत में लोगों का सोने की खरीद के प्रति आकर्षण कोई नई बात नहीं है। हजारों वर्षों से देश के लोग आभूषणों के रूप में सोने की भारी खरीद करते रहे हैं। इसलिए प्रधानमंत्री की अपील से कुछ लोगों को ऐसा लगा कि शायद प्रधानमंत्री आभूषणों की खरीद पर अंकुश लगाने की अपील कर रहे हैं। इस संदर्भ में हमें समझना होगा कि पिछले लगभग दो दशकों से देश में आभूषणों के रूप में सोने की खरीद में भारी कमी आई है, फिर भी देश में सोने का आयात बढ़ता जा रहा है। इस गुत्थी को सुलझाने के लिए हमें वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल के आंकड़ों को देखना और समझना पड़ेगा।

वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल के आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2026 की पहली तिमाही में भारत में कुल सोने का आयात 150 टन रहा, लेकिन आभूषणों के लिए सोने की मांग केवल 66 टन ही थी। पूर्व में विश्व स्तर पर आभूषण के लिए सोने की मांग 50 प्रतिशत से ज्यादा होती थी, लेकिन यह घटते हुए वर्ष 2025 तक मात्र 31 प्रतिशत ही रह गई। वर्ष 2025 में पहली बार निवेश के लिए सोने की मांग 2175 टन तक पहुंच गई जो आभूषणों हेतु सोने की मांग से भी ज्यादा थी। यानी देश और विश्व में सोने की मांग इसलिए नहीं बढ़ रही कि स्वर्ण आभूषणों की मांग बढ़ रही है, बल्कि लोग सोने को निवेश के रूप में भी रखना चाहते हैं। यही नहीं, भारतीय रिजर्व बैंक सहित अधिकांश बड़े देशों के केंद्रीय बैंक भी अपने विदेशी मुद्रा भंडारों में सोने का अनुपात बढ़ाते जा रहे हैं। सितंबर 2025 से लेकर अब तक आरबीआइ के पास विदेशी मुद्रा भंडार में सोने का हिस्सा 13.92 प्रतिशत से बढ़कर 16.85 प्रतिशत हो चुका है।

यहां एक बात स्पष्ट करना जरूरी हो जाता है कि हाल ही में कुछ ऐसे समाचार भी आए कि आरबीआइ ने अपना काफी सोना बेच दिया है, लेकिन तीन जून को जारी स्पष्टीकरण के अनुसार आरबीआइ के पास सोने के भंडार 880.52 टन पर कायम है। वस्तुतः पिछले लंबे समय से देश में सोना बड़ी मात्रा में आयात होता रहा है। लेकिन इस संदर्भ में खास बात यह है कि जीडीपी में वृद्धि के साथ सोने का आयात भी बढ़ता रहा है। 1991 के बाद सोने के आयात की प्रवृत्ति बढ़ी है।

वर्ष 1992 में सरकार ने अनिवासी भारतीयों के लिए आयात स्कीम लागू की और 1993 में बैंकों और नामित एजेंसियों के माध्यम से सोने का आधिकारिक आयात होना शुरू हो गया। इसके चलते तस्करी में भारी गिरावट आई और अब आधिकारिक आयात काफी बड़ी मात्रा में बढ़ गया। 1993 से 1994 के बीच दो सौ टन सोने का आयात हुआ और 1995 से 1997 के बीच यह चार सौ से पांच सौ टन तक पहुंच गया। और उसके बाद सोने का आयात सामान्यतः छह सौ से नौ सौ टन वार्षिक तक रहा, जबकि कई वर्षों में तो यह एक हजार टन तक पहुंच गया। बढ़ते आयातों के मद्देनजर 2012-13 तक आते-आते सोने पर आयात नियंत्रण वापस आए और न केवल आयात शुल्क बढ़ाया गया, बल्कि बैंकों पर सोने के आयात को लेकर कई नियंत्रण लगा दिए गए। आयातकों पर यह शर्त लगाई गई कि अपने कुल सोने के आयात का उन्हें कम से कम 20 प्रतिशत पुनर्निर्यात करना होगा। कोरोना के दौरान थोड़े समय के लिए सोने का आयात थमा, लेकिन उसके उपरांत उसमें और ज्यादा तेजी आ गई। 2021 के बाद सोने का आयात तो बढ़ ही रहा था, लेकिन 2024 में आयात शुल्क घटाए जाने के बाद 2025-26 तक यह 72 अरब डालर तक पहुंच गया। हालांकि मात्रा की दृष्टि से 2025-26 में 2024-25 की तुलना में कम सोने का आयात हुआ, लेकिन सोने की कीमतों में अभूतपूर्व वृद्धि के चलते डालर में सोने का आयात पिछले साल की तुलना में ज्यादा हो गया।

लीक से हटकर विचार : समझा जा सकता है कि सोने के बढ़ते आयातों के चलते आज भारत के विदेशी मुद्रा भंडारों पर दबाव पड़ना शुरू हो गया है। सोने का आयात ज्यादातर निवेश के लिए होने लगा है, इसलिए जरूरी है कि लोग निवेश के लिए कुछ अलग प्रकार के उपकरणों का प्रयोग करें। पूर्व में भौतिक रूप से ही सोना खरीदे जाने की संभावना होती थी, लेकिन अब उसके काफी विकल्प शुरू हो चुके हैं। ईटीएफ उसमें से एक है। देश में विभिन्न प्रकार के ईटीएफ का कुल पूंजीगत मूल्य 1.9 लाख करोड़ रुपए तक पहुंच चुका है। आज जो भी सोने में निवेश करना चाहे, वो ईटीएफ में पैसा लगा सकता है, और सोने में मूल्य वृद्धि का लाभ ले सकता है। नेशनल स्टाक एक्सचेंज (एनएसई) ने चार मई 2026 को एक नए ट्रेडिंग सेगमेंट के तौर पर इलेक्ट्रानिक गोल्ड रसीद की शुरुआत की है। यह भारत के विशाल और परंपरा-आधारित सोने के बाजार को आधुनिक बनाने और औपचारिक रूप देने की दिशा में एक अहम कदम है। स्टाक मार्केट में इस प्रकार के उत्पाद आने के कारण अब भौतिक सोने की खरीद कर निवेश करने के दूसरे विकल्प सामने आ रहे हैं, जिससे सोने के आयात की प्रवृत्ति थोड़ी कम हो सकती है। वैसे लीक से हटकर कुछ नए प्रकार की व्यवस्था के निर्माण की जरूरत है, ताकि लोग भौतिक सोने की खरीद से बचें और उन विकल्पों में निवेश करें, ताकि सोने के मूल्य में वृद्धि का लाभ भी उठाया जा सके, और इसके आयात पर अंकुश भी लग सके।

बिजनेस

एमजी ने 470 से अधिक स्थानों पर चार्जर लगाए

मुंबई: जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया ने 'एमजी चार्ज' पहल के तहत देशभर में 470 से अधिक स्थानों पर 1,000 सामुदायिक चार्जर स्थापित किए हैं। कंपनी का दावा है कि इसके साथ ही वह इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) सामुदायिक चार्जिंग अवसंरचना विकसित करने वाली देश की पहली मूल उपकरण विनिर्माता बन गई है। कंपनी के अनुसार, ये चार्जर आवासीय सोसायटी, अस्पतालों, शैक्षणिक परिसरों, होटल और औद्योगिक स्थलों सहित विभिन्न स्थानों पर लगाए गए हैं। (प्रेट्र)

कंपनी इस साल अपने चेन्नई संयंत्र में तैयार दो नए माडल पेश करेगी। इसमें उसका आम लोगों के लिए पहला किफायती इलेक्ट्रिक वाहन भी शामिल होगा।

– तरुण गर्ग, एमडी और सीईओ, हुंडई मोटर इंडिया

सेंसेक्स	74,243.34 ▼ 116.67	निफ्टी	23,366.70 ▼ 49.85	सोना प्रति दस ग्राम	₹ 1,59,900 ▼ ₹ 400	चांदी प्रति किलो ग्राम	₹ 2,60,700 ▼ ₹ 5,000	$ डालर	₹ 95.18 ▼ ₹ 0.56	क्रूड प्रति बैरल	$ 94.93

आरबीआइ ने रेपो रेट स्थिर रखा, महंगाई के अनुमान को बढ़ा 4 .7% किया

जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली : पिछले दो वर्षों से सस्ते ब्याज दरों का जारी दौर अब अंत की तरफ बढ़ चला है। आरबीआइ की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) ने शुक्रवार को रेपो रेट को 5.25 प्रतिशत पर अपरिवर्तित रखने का फैसला किया है। हालांकि, गवर्नर संजय मल्होत्रा ने पश्चिम एशिया संघर्ष, ऊर्जा कीमतों में उछाल और कमजोर मानसून की आशंका को लेकर महंगाई बढ़ने के स्पष्ट संकेत दिए हैं।

सालाना महंगाई लक्ष्य को बढ़ाकर 4.7 प्रतिशत कर दिया गया है। जानकार अब अगस्त, 2026 में ब्याज दर बढ़ोतरी की आशंका जता रहे हैं। पिछले वर्ष आरबीआइ ने रेपो रेट में 125 आधार अंकों (1.25 प्रतिशत) की कटौती की थी, जिससे होम लोन, आटो लोन की दरें काफी कम हुई हैं। आरबीआइ गवर्नर ने कहा कि पश्चिम एशिया का संघर्ष लंबा खिंचने, सप्लाई चेन बाधित होने और तेल की ऊंची कीमतों के कारण महंगाई दबाव बढ़ेगा। इससे लोगों की खरीद क्षमता घटेगी। एमपीसी की राय है कि संघर्ष की अवधि, उसकी तीव्रता, सप्लाई चेन पर प्रभाव और दक्षिण-पश्चिम मानसून की कमजोर उम्मीद (अल-नीनो के साथ) महंगाई व विकास दोनों के लिए गंभीर जोखिम पैदा कर रहे हैं। महंगाई का जोखिम बढ़ गया है, लेकिन एमपीसी ने स्पष्टता आने तक प्रतीक्षा करने का फैसला किया है। हम डाटा पर निर्भर रहेंगे और सामान्य मूल्य स्तर में आपूर्ति पक्ष के दबाव तथा महंगाई अपेक्षाओं पर नजर रखेंगे। फिलहाल तटस्थ रहने की नीति पर कायम रहने का फैसला किया गया है। पश्चिम एशिया संघर्ष के असर का हवाला देते हुए ही आरबीआइ ने वित्त वर्ष 2026-27 के लिए देश की आर्थिक विकास दर अनुमान को घटाकर 6.6 प्रतिशत कर दिया है। अप्रैल में हुई एमपीसी बैठक के दौरान 6.9 प्रतिशत विकास दर का अनुमान लगाया गया था। वित्त वर्ष शुरू होने से पहले आरबीआइ ने 7.1 प्रतिशत विकास दर का अनुमान लगाया था। साफ है कि विकास दर में तेजी बने रहने की संभावनाएं कमजोर होती जा रही हैं।

- **वित्त वर्ष 2026-27 के लिए देश के आर्थिक विकास दर अनुमान को घटाकर 6.6 प्रतिशत किया**
- **ऊर्जा कीमतों में उछाल और कमजोर मानसून की आशंका के चलते महंगाई बढ़ने के संकेत दिए**
- **पश्चिम एशिया संघर्ष और अल-नीनो महंगाई और विकास दोनों के लिए पैदा कर रहे गंभीर जोखिम**

मौद्रिक नीति समिति की बैठक के दौरान लिए फैसलों की जानकारी देते आरबीआइ गवर्नर संजय मल्होत्रा ● प्रेट्र

आगे चलकर ऊर्जा और अन्य इनपुट की कीमतों में वृद्धि, सप्लाई व्यवधान आर्थिक गतिविधियों पर बोझ डालेंगे। आयात विविधीकरण से सप्लाई सुधरेगी, लेकिन लागत बढ़ेगी। पूरा प्रभाव इस बात पर निर्भर करेगा कि मौजूदा संघर्ष कब समाप्त होता है और उत्पादों और कच्चे माल की आपूर्ति कब तक सामान्य होती है। ऊर्जा की ऊंची कीमतों का खुदरा उत्पादों की कीमतों पर असर पहले ही दिखने लगा है। कमजोर मानसून कृषि उत्पादन और ग्रामीण मांग पर असर डालेगा।

-संजय मल्होत्रा, आरबीआइ गवर्नर

पूंजीगत व्यय इकोनमी को देगा सहारा

आरबीआइ ने कहा कि सेवा क्षेत्र की निरंतर गति, जीएसटी तर्कसंगतीकरण का प्रभाव, स्थिर रोजगार स्थिति, शहरी खपत, मजबूत सरकारी पूंजीगत व्यय और बैंक-गैर बैंक से क्रेडिट फ्लो विकास को सहारा देंगे। कारपोरेट सेक्टर की तरफ से उनकी क्षमता के उपयोग का स्तर भी ऊंचा बना है और कारपोरेट निवेश की स्थिति सकारात्मक हैं। सरकार ने एमएसएमई, निर्यात क्षेत्र, घरेलू गैस-कच्चा तेल उत्पादन बढ़ाने और आयात विविधीकरण के उपाय किए हैं जिससे पश्चिम एशिया के झटकों से निपटने में मदद मिलेगी। आरबीआइ ने अप्रैल-जून 2026 की तिमाही में 6.6 प्रतिशत, दूसरी तिमाही में 6.3, तीसरी तिमाही में 6.5 और चौथी तिमाही में 6.8 प्रतिशत वृद्धि का अनुमान लगाया है।

आरबीआइ के फैसलों से रुपया, डालर के मुकाबले 56 पैसे मजबूत

मुंबई, प्रेट्र: आरबीआइ द्वारा विदेशी निवेश को बढ़ावा देने और विदेशी मुद्रा की तरलता (लिक्विडिटी) को मजबूत करने के उपायों के एलान के बाद रुपया डालर के मुकाबले 56 पैसे मजबूत होकर 95.18 पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि आरबीआइ द्वारा किए गए एलानों से निवेशकों का भरोसा बढ़ा है। गुरुवार को रुपया दो पैसे बढ़कर डालर के मुकाबले 95.74 पर बंद हुआ था।

रुपया 95.72 पर खुला, फिर दिन के दौरान 94.89 के उच्चतम स्तर तक पहुंचा और अंत में 95.18 पर बंद हुआ, जो पिछले बंद भाव से 56 पैसे की बढ़त दर्शाता है। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के रिसर्च एनालिस्ट दिलीप परमार के मुताबिक, आरबीआइ के विदेशी निवेश आकर्षित करने के उपायों के बाद रुपये में दो अप्रैल के बाद एक दिन की सबसे ज्यादा तेजी दर्ज की गई। परमार ने कहा, 'डालर में नरमी और क्रूड की घटती कीमतों ने रुपये के बढ़ने में मदद की।

पालिमर नोट लाने पर अभी फैसला नहीं

मुंबई, प्रेट्र : आरबीआइ गवर्नर संजय मल्होत्रा ने कहा कि पालिमर नोट लाने के संबंध में अभी तक किसी तरह का फैसला नहीं लिया गया है और यह विचार अभी शुरुआती चरण में है। उन्होंने कहा कि बैंक फिलहाल इस तरह के कदम की व्यवहार्यता की जांच कर रहा है। मल्होत्रा ने कहा कि इस संबंध में मीडिया में छपी रिपोर्ट में कुछ सच्चाई है, लेकिन अभी तक इस पर कोई फैसला नहीं लिया गया है।

एक नजर में

1,800 करोड़ का आइपीओ लाएगा पारस हेल्थकेयर

नई दिल्ली: पारस हेल्थ ब्रांड के तहत अस्पताल चलाने वाले पारस हेल्थकेयर लिमिटेड ने आइपीओ के जरिये 1,800 करोड़ रुपये तक जुटाने के लिए सेबी में दस्तावेज जमा किए हैं। प्रस्तावित आइपीओ में 500 करोड़ रुपये तक के नए शेयर जारी किए जाएंगे जबकि मौजूदा शेयरधारक 1,300 करोड़ रुपये तक के अपने शेयर बेचेंगे। शेयर बेचने वालों में प्रमोटर धर्मिंदर कुमार नागर और अन्य निवेशक हैं। (प्रेट्र)

चांदी 5,000 घटी, सोना 400 रुपये सस्ता हुआ

नई दिल्ली: अंतरराष्ट्रीय बाजारों में कमजोरी के चलते शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी में सोने की कीमत 400 रुपये घटकर 1,59,900 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। लगातार तीसरे सत्र में गिरावट जारी रखते हुए चांदी की कीमत 5,000 रुपये घटकर 2,60,700 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई। पिछले सत्र में चांदी का भाव 2,65,700 रुपये प्रति किलोग्राम था। अंतरराष्ट्रीय बाजारों में, हाजिर सोने की कीमत घटकर 4,470.79 डालर प्रति औंस हो गई, जबकि चांदी की कीमत एक प्रतिशत से अधिक गिरकर 72.89 डालर प्रति औंस हो गई। (प्रेट्र)

ब्रजेश सिंह ने केनरा बैंक के एमडी का पदभार संभाला

नई दिल्ली: ब्रजेश कुमार सिंह ने केनरा बैंक के प्रबंध निदेशक (एमडी) और मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) का पदभार संभाल लिया है। वह 30 अप्रैल, 2029 तक इस पद पर रहेंगे। ब्रजेश सिंह इलाहाबाद एग्रीकल्चर इंस्टीट्यूट से स्नातक होने के साथ फाइनेंस में एमबीए किया है। उनके नेतृत्व में केनरा बैंक डिजिटल ट्रांसफार्मेशन को तेज करने, वित्तीय समावेश को बढ़ाने, ग्राहक अनुभव को बेहतर बनाने पर अपना फोकस जारी रखेगा। (बि)

ब्रजेश कुमार सिंह

विदेशी निवेश लाने पर आरबीआइ का जोर

एफपीआइ के लिए सरकारी बांड में निवेश की सारी बाधाएं हटाईं, रुपये को स्थिर करने में मिलेगी मदद

जयप्रकाश रंजन ● जागरण

नई दिल्ली : विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआइआइ) के शेयर बाजार से लगातार निकासी और रुपये के कमजोर होने के दबाव को देखते हुए केंद्र सरकार और आरबीआइ ने एक साथ बड़े कदम उठाए हैं। पहले, वित्त मंत्रालय ने विदेशी निवेशकों को सरकारी बांड्स (जी-सेक) में निवेश पर पूंजीगत लाभ कर (कैपिटल गेन टैक्स) और ब्याज आय पर विद्होल्डिंग टैक्स पूरी तरह समाप्त करने का फैसला किया तो वहीं आरबीआइ ने एफपीआइ के लिए सरकारी प्रतिभूतियों में निवेश की राह आसान करते हुए उन्हें केंद्र और राज्य सरकारों की तरफ से जारी बांड्स में ज्यादा निवेश करने की सहूलियत देने का सर्कुलर जारी कर दिया।

विशेषज्ञों का मानना है कि इन कदमों से आने वाले दो वर्षों में 40-50 अरब डालर का विदेशी निवेश सरकारी बांड में आ सकता है। यह रुपये को स्थिर करने और पूंजीगत खाते में घाटे (देश में विदेशी मुद्रा की आय व विदेशी मुद्रा व्यय का अंतर) की स्थिति से निपटने में मदद करेगा।

आरबीआइ ने अपने सर्कुलर में जनरल रूट के तहत एफपीआइ निवेश पर लगी तीन प्रमुख बाधाएं, शार्ट-टर्म लिमिट, सिक्योरिटी-वाइज लिमिट और कंसन्ट्रेशन लिमिट पूरी तरह हटा दी हैं। जनरल और लांग-टर्म श्रेणियों को भी मिला दिया गया है। केंद्र सरकार के बांड्स और राज्य सारकारों के बांड्स के लिए अलग-अलग कुल सीमा तय कर दी गई है। इसके अलावा 15, 30 और 40 वर्ष के नए सरकारी प्रतिभूतियों, पर्यावरण हितकारी परियोजनाओं के लिए सरकारी की तरफ से जारी होने वाले बांड्स (5 से 40 वर्ष अवधि के) और तीन मौजूदा बांड्स को फुली एक्सीसेबल रूट (एफएआर यानी बिना किसी बाधा के) वाले वर्ग में शामिल कर लिया गया है। यहा एफआइआइ के लिए निवेश और निकासी की कोई सीमा नहीं होगी। इसके अलावा आरबीआइ ने गैर निवासी भारतीयों (एनआरआइ) और प्रवासी भारतीय नागरिकों (ओसीआइ) के लिए सूचीबद्ध इक्विटी के उत्पादों में निवेश सीमा भी बढ़ा दी है। इसके लिए प्रतिभूति नियामक के साथ पंजीकरण की आवश्यकता नहीं होगी। यह सुविधा विदेश में रहने वाले अब सभी भारतीयों (पीआरओआइ) के लिए है, जिससे भारतीय शेयर बाजारों तक उनकी पहुंच व्यापक हो गई है।

- **अनिवासी भारतीयों और प्रवासी भारतीय नागरिकों के लिए सूचीबद्ध इक्विटी के उत्पादों में निवेश सीमा बढ़ाई**
- **प्रतिभूति नियामक सेबी में पंजीकरण की नहीं होगी जरूरत, शेयर बाजार तक पहुंच होगी आसान**

सरकारी बांड्स में विदेशी संस्थागत निवेश अब पूरी तरह से होगा टैक्स-फ्री

सरकार ने विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआइआइ) के सरकारी प्रतिभूतियों (जी-सेक) में किए गए निवेश पर दीर्घकालिक पूंजीगत लाभ कर (एलटीसीजी) को समाप्त करने का फैसला किया है। इस संबंध में शुक्रवार को एक अध्यादेश जारी किया गया। सरकार ने दीर्घकालिक एवं स्थिर पूंजी आकर्षित करने के लिए सरकारी प्रतिभूतियों पर पूंजीगत लाभ कर हटाने का फैसला किया है, क्योंकि इन माध्यमों की अवधि लंबी होती है। यह निर्णय ऐसे समय में आया है जब विदेशी निवेशकों ने इस वर्ष अब तक स्थानीय शेयर बाजार से भारी 2.6 लाख करोड़ रुपये की निकासी की है, जो 2025 में निकाले गए 1.66 लाख करोड़ रुपये से कहीं अधिक है। इसकी वजह वैश्विक अनिश्चितता रही है। केवल जून के पहले तीन दिन में ही विदेशी निवेशकों ने शेयरों से करीब 34,000 करोड़ रुपये निकाले, जिससे रुपये पर अतिरिक्त दबाव पड़ा। विदेशी निवेशकों ने हालांकि पूर्ण पहुंच मार्ग (एफएआर) के तहत ऋण बाजार में 17,000 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश किया है।

वर्ष 2013 के बाद देश में डालर आकर्षित करने का यह सबसे व्यापक उपाय है। डालर के मुकाबले रुपये का रुख अब कच्चे तेल की कीमतों से तय होगा। अगर क्रूड लगातार 100 डालरप्रति बैरल से नीचे रहता है रुपया 94-94.5 के स्तर पर टिका रहेगा।

-अनिंद्य बनर्जी, कोटक सिक्योरिटीज

बताई गई ब्याज दर से ज्यादा पर भुगतान करना मंजूर नहीं : गवर्नर

मुंबई, प्रेट्र: आरबीआइ गवर्नर संजय मल्होत्रा ने शुक्रवार को कहा कि पहले से बताई गई ब्याज दर से ज्यादा दर पर भुगतान करना उन्हें मंजूर नहीं है। हालांकि, गवर्नर ने इस दौरान किसी बैंक का नाम नहीं लिया, लेकिन ऐसे आरोप हैं कि निजी क्षेत्र के सबसे बड़े एचडीएफसी बैंक ने बड़ी जमा हासिल करने के लिए अतिरिक्त रकम दी और उसके मार्केटिंग खर्च के तौर पर दिखाया। उन्होंने कहा कि जमा हासिल करने के लिए बैंकों के बीच होने वाली प्रतिस्पर्धा अच्छी है, लेकिन जमा जुटाते समय पारदर्शी रवैया अपनाएं।

माइथोस से जुड़े साइबर खतरों से निपटने के लिए तैयार: आरबीआइ ने कहा कि वह माइथोस प्लेटफार्म से जुड़े साइबर सुरक्षा खतरों से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है और उसने नियामकीय संस्थाओं को जरूरी दिशानिर्देश जारी कर दिए हैं। माइथोस एक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित साइबर सुरक्षा सिस्टम है, जिसे एंथ्रोपिक ने साफ्टवेयर की कमियों और उभरते साइबर खतरों का पता लगाने के लिए डिजाइन किया है। कंपनी ने अप्रैल में इस प्रोजेक्ट के बारे में जानकारी दी थी, लेकिन उसने कहा था कि इस माडल को आम इस्तेमाल के लिए जारी नहीं किया जाएगा, क्योंकि बिना रोक-टोक के इसके गलत इस्तेमाल की आशंका है।

मुद्रा भंडार 11 महीनों के आयात के लिए पर्याप्त

आरबीआइ गवर्नर ने शुक्रवार को कहा कि विदेशी मुद्रा भंडार 682.3 अरब डालर के अच्छे स्तर पर है और यह लगभग 11 महीनों के आयात खर्च को पूरा करने के लिए पर्याप्त है। मल्होत्रा ने कहा, 'हालांकि, हमारा विदेशी मुद्रा भंडार बाहरी झटकों के खिलाफ एक मजबूत सुरक्षा कवच प्रदान करता है, लेकिन जरूरत पड़ने पर कई अन्य साधन भी हैं।

जुलाई मध्य तक अमेरिका से ट्रेड डील : गोयल

जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली : वाणिज्य व उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार को बताया कि भारत व अमेरिका के बीच अगले माह के मध्य तक व्यापार समझौते के पहले चरण पर हस्ताक्षर हो सकते हैं। गत दो से चार जून तक दोनों देशों के बीच व्यापार समझौते को लेकर नई दिल्ली में होने वाली वार्ता सकारात्कम रही। उन्होंने बताया कि गत बुधवार की शाम को अमेरिका के वार्ताकारों से उनकी मुलाकात भी हुई। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भी कहा है कि भारत से जल्द ही व्यापार समझौता हो जाएगा।

अभी अमेरिका में वहां के सुप्रीम कोर्ट के आदेशानुसार सभी देशों पर 10 प्रतिशत का शुल्क लग रहा है जिसकी अवधि आगामी 24 जुलाई को समाप्त हो रही है। इससे पहले अपने व्यापार कानून के सेक्शन 301 के तहत अमेरिका सभी देशों पर फिर से शुल्क लगाने की तैयारी में है। सूत्रों का कहना है कि यही वजह है कि अमेरिका भारत पर 301 के तहत 12.5 प्रतिशत शुल्क लगाने का प्रस्ताव रखा है। मंत्रालय सूत्रों का कहना है कि अमेरिका भारत पर शुल्क लगाने के लिए अभी इस प्रकार के कई और प्रस्ताव ला सकता है। ताकि भारत व्यापार समझौते के लिए पहले से प्रस्तावित 18 प्रतिशत की दर को स्वीकार ले। इन सबके बीच अगले महीने अमेरिका के व्यापार मंत्रालय के शीर्ष प्रतिनिधि भारत आ सकते हैं। सूत्रों का कहना है कि अगर भारत को अमेरिका में प्रतिद्वंद्वी देशों पर शुल्क के मामले में बढ़त मिलती है तो समझौते में कोई हर्ज नहीं है। लेकिन ऐसा नहीं होता है तो भारत इसे नकार भी सकता है।

अगले पांच साल में 30 अरब डालर के मछली निर्यात का लक्ष्य

वाणिज्य व उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार को कहा कि विभिन्न देशों के साथ हो रहे व्यापार समझौते को देखते हुए अगले पांच साल में मछली का निर्यात 30 अरब डालर करने का लक्ष्य रखा गया है। वर्तमान में भारत 8.5 अरब डालर का मछली निर्यात करता है। 170 अरब डालर के वैश्विक मछली निर्यात में भारत की हिस्सेदारी पांच प्रतिशत है। हालांकि मछली निर्यात में पिछले 10 सालों में 60 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। शुक्रवार को विशाखापट्नम में मछली निर्यात बढ़ाने को लेकर रोडमैप तैयार करने के कार्यक्रम में गोयल ने कहा कि आंध्रप्रदेश व अन्य समुद्री राज्य मछली निर्यात में आगे हैं।

विदेशी मुद्रा भंडार 93.8 करोड़ डालर बढ़ा

मुंबई, प्रेट्र: आरबीआइ ने शुक्रवार को बताया कि 28 मई को खत्म हुए सप्ताह में भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 93.8 करोड़ डालर बढ़कर 682.321 अरब डालर हो गया। इससे पहले सप्ताह में यह भंडार 7.511 अरब डालर घटकर 681.384 अरब डालर रह गया था।

इस साल 27 फरवरी को खत्म हुए सप्ताह में यह भंडार 728.494 अरब डालर के अब तक के सबसे ऊंचे स्तर पर पहुंच गया था। हालांकि, इसके बाद पश्चिम एशिया में संघर्ष शुरू होने से कई सप्ताह तक इसमें गिरावट आई, क्योंकि रुपये पर दबाव बना और आरबीआइ को डालर बेचकर विदेशी मुद्रा बाजार में दखल देना पड़ा। केंद्रीय बैंक के आंकड़ों के मुताबिक, 28 मई को खत्म हुए सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार का एक बड़ा हिस्सा यानी विदेशी मुद्रा संपत्ति 3.116 अरब डालर बढ़कर 546.148 अरब डालर हो गई।

आरबीआइ अनुमानों से ज्यादा रहेगी वृद्धि दर

नई दिल्ली, एएनआइ: विश्व बैंक में भारत के नवनियुक्त कार्यकारी निदेशक नीलकंठ मिश्रा का मानना है कि भारत की वृद्धि दर आरबीआइ के अनुमानों से ज्यादा रहेगी। आरबीआइ ने वित्त वर्ष 2026-27 के लिए वृद्धि अनुमान को 6.7 से घटाकर 6.3 प्रतिशत कर दिया है। इस पर मिश्रा का कहना है कि आरबीआइ का अनुमान बहुत ज्यादा सावधानी से भरा है और असल अर्थव्यवस्था सरकारी अनुमानों की तुलना में काफी बेहतर प्रदर्शन कर रही है। मिश्रा ने कहा कि अंदरूनी आकलन से पता चलता है कि फरवरी-मार्च में इकोनमी आठ प्रतिशत की दर से बढ़ी।

महंगाई का दबाव लगातार नहीं बने रहने का हवाला देते हुए मिश्रा ने ब्याज दरों और मौद्रिक नीति में बदलाव नहीं करने के आरबीआइ के फैसले को भी समझाया। उन्होंने कहा कि तेल की ऊंची कीमतों के कारण महंगाई में होने वाली अस्थायी बढ़ोतरी के लिए रेपो रेट में वृद्धि की जरूरत नहीं है, जब तक कि अगले साल कच्चे तेल की कीमत लगातार 130 डालर प्रति बैरल के स्तर को पार न कर जाए। मिश्रा ने करेंसी मार्केट में घबराहट को संभालने के लिए दरों में वृद्धि के इस्तेमाल को एक बेकार और महंगा उपाय बताया। उन्होंने कहा, 'करेंसी मार्केट में घबराहट को रोकने के लिए दरों में बढ़ोतरी करना 15वां विकल्प है, न कि पहला, क्योंकि वृद्धि के नजरिये से वे बहुत महंगे होते हैं। सच कहूं तो वे अक्सर काम नहीं करते। इसलिए मुझे बहुत खुशी है कि आरबीआइ ने रेपो रेट में कोई बदलाव नहीं किया है।' मिश्रा ने कहा कि बड़े वित्तीय बदलावों की उम्मीद करना या नामिनल जीडीपी वृद्धि का सही अनुमान लगाना अभी जल्दबाजी होगी।

नीलकंठ मिश्रा ●

- **विश्व बैंक में भारत के नवनियुक्त कार्यकारी निदेशक ने कहा-अनुमान से बेहतर प्रदर्शन कर रही इकोनमी**
- **महंगाई में होने वाली अस्थायी बढ़ोतरी के लिए रेपो रेट में वृद्धि की जरूरत को बेकार की कवायद बताया**

बिजनेस से जुड़ी खबरों और अपडेट के लिए स्कैन करें या विजिट करें jagran.com

राष्ट्रीय फलक

देश में लांच हुआ ई85 ईंधन, पेट्रोल से 20 रुपये सस्ता मिलेगा नया फ्यूल

नई दिल्ली, प्रेट्र: भारत ने अपनी ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करने के लिए बड़ा कदम उठाया है। सरकार ने आधिकारिक तौर पर ई85 फ्यूल को लांच कर दिया है। यह एक उच्च एथनाल मिश्रण है, जिसे फ्लेक्स फ्यूल गाड़ियों के लिए डिजाइन किया गया है। यह सामान् पेट्रोल के मुकाबले 20 रुपये सस्ता मिलेगा। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप पुरी ने विश्व पर्यावरण दिवस पर राष्ट्रीय राजधानी स्थित एक इंडियन आयल पेट्रोल पंप पर इस ईंधन को लांच किया। इसकी शुरुआत देशभर के 48 पंपों से होगी।

उन्होंने कहा कि सरकार दिसंबर 2026 तक इसे 500 आउटलेट तक और दिसंबर 2027 तक लगभग 5,000 आउटलेट तक बढ़ाने की योजना बना रही है। ई85 में 80-85 प्रतिशत एथनाल और 14-19 प्रतिशत पेट्रोल होता है। इसका इस्तेमाल उन फ्लेक्स फ्यूल गाड़ियों में किया जा सकता है जो ई20 से ई100 तक के एथनाल मिश्रण पर चल सकती हैं। उन्होंने कहा कि ई85 इन्फ्रास्ट्रक्चर के विस्तार से 2030-31 तक देश का कुल एथनाल मिश्रण स्तर 26 प्रतिशत तक बढ़ाने में मदद मिलेगी। कहा कि सरकार ने ई85 की कीमत पारंपरिक पेट्रोल से 20 रुपये प्रति लीटर कम रखी है। इसका मकसद एथनाल का फायदा ग्राहकों तक पहुंचाना है। अगर सभी नए दोपहिया व यात्री गाड़ियों में से आधे फ्लेक्स फ्यूल पर स्थानांतरित हो जाते हैं तो सालाना एथनाल की मांग 312 करोड़ लीटर बढ़ सकती है।

- **दिसंबर 2027 तक 5,000 आउटलेट पर मिलने लगेगा इस तरह का ईंधन**
- **ई85 में 80-85 प्रतिशत एथनाल और 14-19 प्रतिशत पेट्रोल होता**

पूसा रोड स्थित पेट्रोल पंप पर ई 85 पेट्रोल भरते केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप पुरी। जागरण

भारत भारी माल ढुलाई रेल प्रणालियों वाले देशों के क्लब में शामिल

नई दिल्ली, प्रेट्र: भारत भारी माल ढुलाई रेल प्रणालियों का संचालन करने वाले चुनिंदा देशों के क्लब में शामिल हो गया है। भारत माल ढुलाई संचालन की सुरक्षा व दक्षता को बढ़ाने के लिए सर्वोत्तम प्रथाओं व उन्नत प्रौद्योगिकी अपनाने की दिशा में अग्रसर है। यह बात डीएफसीसीआइएल के प्रबंध निदेशक प्रवीण कुमार ने शुक्रवार को कही।

भारतीय समर्पित माल ढुलाई गलियारा निगम लिमिटेड (डीएफसीसीआइएल) के प्रबंध निदेशक प्रवीण कुमार ने यहां आयोजित दो दिवसीय हैवी-हाल सेमिनार-2026 सम्मेलन से इतर पत्रकारों संग बातचीत में यह बात कही। उन्होंने कहा कि यह सेमिनार दुनियाभर के विशेषज्ञों को एक साथ लाने और टेक्नोलाजी के आदान-प्रदान को बढ़ावा देने के लिए आयोजित किया गया है।।

2060 तक जीडीपी हिस्सेदारी में चीन को पछाड़ देगा भारत

नई दिल्ली, प्रेट्र: भारत वर्ष 2060 के आसपास क्रय शक्ति समता (पीपीपी) के आधार पर वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में हिस्सेदारी के मामले में चीन को पीछे छोड़ सकता है जबकि सदी के उत्तरार्द्ध में चीन की हिस्सेदारी घटने की संभावना है। एक रिपोर्ट में यह अनुमान जताया गया। क्रय शक्ति समता (पीपीपी) उन कुल वस्तुओं एवं सेवाओं की मात्रा को मापती है, जिसे किसी देश की मुद्रा की एक इकाई दूसरे देश में खरीद सकती है।

- प्रसाद सुर्वे, सहआयुक्त, दक्षता व अंमलबजावणी, उत्पादन शुल्क विभाग

मुंबई : पुणे विषारी दारू दुर्घटनेनंतर उत्पादन शुल्क विभागाने (हातभट्टी गावठी) दारू विरोधात राज्यव्यापी मोहीम हाती घेतली आहे. एका आठवड्यात ३,३१२ गुन्हे नोंदले असून २,०५७ लोकांना अटक केली आहे. स्वस्त देशी दारूची विक्री केंद्रे मर्यादित असल्याने ग्राहक हातभट्टीकडे वळतो. परिणामी, उत्पादन शुल्क विभागासमोर वाढत्या हातभट्ट्यांवरील कारवाईचे आव्हान आहे.

राज्यात देशी दारूचा खप पहिल्या क्रमांकावर आहे. देशी स्वस्तही आहे, मात्र १९७३ पासून देशी दारू विक्रीचे परवाने बंद आहेत. १३ कोटी लोकसंख्येच्या राज्यात ४,३३४ देशी दारू विक्री केंद्रे आहेत. परिणामी, स्वस्त मद्याच्या शोधात ग्राहक हातभट्टीला जवळ करतो. उन्हाळ्यात ओढे आटल्याने हातभट्टीची टंचाई निर्माण होते. त्यामुळे स्वस्त मेथेनॉल मिसळून गरज भागवण्याकडे कल वाढतो, त्यातून विषारी दारू दुर्घटना घडतात. पुणे प्रकरणात नाचक्की झाल्यानंतर उत्पादन शुल्क विभागाने हातभट्टीविरोधात राज्यव्यापी मोहीम उघडली. यामध्ये ३,३१२ गुन्हे नोंद केले असून २,०५७ लोकांना अटक केली. १०७ वाहने, ९ कोटी ११ लाखांचा मुद्देमाल आणि ७४ हजार लिटर हातभट्टी जप्त केली आहे. सर्वाधिक गुन्हे कोकण, पुणे आणि नागपूर विभागात नोंदले आहेत.

दिनदर्शिका

शनिवार, ६ जून २०२६
भारतीय सौर १६ ज्येष्ठ शके १९४८
मिती अधिक ज्येष्ठ कृष्णपक्ष षष्ठी
उत्तर रात्री ०२ : ४२ पर्यंत.
नक्षत्र : श्रवण ०६ : ०३ पर्यंत.
चंद्र : मकर १९ : ०४ पर्यंत.
सूर्योदय : ०६ : ०२
सूर्यास्त : १९ : १३

- **मेष :** नोकरीत बढती मिळेल.
- **वृषभ :** शुभ संकेत मिळेल.
- **मिथुन :** स्वतःवर नियंत्रण ठेवा.
- **कर्क :** नवीन संधी मिळेल.
- **सिंह :** बेकायदेशीर गोष्टी टाळा.
- **कन्या :** प्रशंसा होईल.
- **तूळ :** भावंडांची भेट होईल.
- **वृश्चिक :** शेजाऱ्यांना मदत कराल.
- **धनू :** खरेदी कराल.
- **मकर :** विवाहाचे प्रस्ताव येतील.
- **कुंभ :** आरोग्याची काळजी घ्या.
- **मीन :** आनंदी दिवस.

शुभ राशी : मेष , धनू.

शब्दकोडे- ६



आडवे शब्द :
(१) वीजकपात (५) लबाड कोल्ह्याला जशास तसे अशी अद्दल घडवणारा पक्षी (६) निरर्थक, जे केले असता फायदा होत नाही असे (९) नीटनेटका, व्यवस्थित (१२) विशिष्ट आकाराचे धातूचे भांडे, गडू (१३) युद्ध, लढाई (१५) सकाळ (१७) वात जळून काळा झालेला भाग (१९) दिराची पत्नी (२१) बोकड (२२) बाणेदार, आपल्या शब्दावर ठाम राहणारा (२३) परंपरा, प्रथा (२४) याचा हिंदी अर्थ शहद (२५) XX घालणे म्हणजे नियंत्रण ठेवणे, निर्बंध घालणे (२६) खर्च (२७)काल्पनिक (२८) हैराण, त्रासलेला

उभे शब्द :
(१) नशीबवान (२) जुन्या काळातील वजनाचे एक माप (३) झाडाभोवती घातलेला ओटा, कट्टा (४) वटवट करणारा (७) फसवणूक, फजिती (८) नॉर्थ अटलांटिक ट्रीटी ऑर्गनायझेशन या इंग्रजी नावातील आद्याक्षरांवरून रूढ झालेली संज्ञा. (९) व्याप्ती, पल्ला (१०) XXX वैजनाथ मंदिर हे बीड जिल्ह्यातील ज्योतिर्लिंग आहे. (११) थकवा (१४) शिकारीचे जनावर (१५) दरवर्षी २६ जानेवारी रोजी भारताचा हा दिन साजरा केला जातो. (१६) बंधू (१८) पाणी (२०)उपासक, भक्त (२१) इकडेतिकडे विखुरलेले, अव्यवस्थित (२२) पद्म, पंकज (२३) मोठा दगड, पाषाण (२५) बाहेरच्या उलट

- मनाली रानडे

सुडोकू - ६

१		७			९			
				६		१	८	
३	६		२			९	१	
७			८		६			५
	४	८			३		६	७
	१	२		८				
			५			४		६

सुडोकू - ५ चे उत्तर

६	२	३	८	४	७	१	५	१
४	१	१	३	५	६	७	२	८
५	७	८	२	१	१	६	३	४
७	५	१	१	३	८	४	६	२
२	३	६	७	१	४	५	८	१
१	८	४	६	२	५	३	१	७
१	१	५	४	६	२	८	७	३
३	६	७	१	८	१	२	४	५
८	४	२	५	७	३	१	१	६

शब्दकोडे - ५ चे उत्तर

सा	ब	र	म	ती	■	न	ज	रा	णा
र	स	■	स	ज	ग	■	प	क्ष	■
या	■	मा	त	■	ज	ग	■	स	म
न	फा	■	त	मा	■	त	■	■	हि
■	र	ग	■	न	ग	■	या	त	ना
व्या	क	र	ण	■	य	म	क	■	■
■	त	ळ	■	अ	■	ठ	■	ग	या
अ	■	■	यो	ज	ना	■	म	ढा	र
क्ष	त्रि	य	■	ग	रा	■	■	■	स
र	■	म	■	र	ज	नी	गं	धा	■

आर्थिक चिंता का समय

विदेशी पूंजी को आकर्षित करने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक और सरकार द्वारा शुक्रवार को एक साथ किए गए उपाय सराहनीय हैं। इन उपायों से तीन लाभ होंगे- विदेशी निवेश का पलायन थमेगा, स्थानीय ऋण बाजार को मजबूती मिलेगी और रुपये की स्थिति सुधरेगी। वैश्विक अनिश्चितता के इस समय में रिजर्व बैंक को ऐसे तमाम उपाय करने ही चाहिए, जिनसे अर्थव्यवस्था को मजबूती मिले। ध्यान देने की बात है, अभी भी भारतीय अर्थव्यवस्था ने विदेशी निवेश के लिए अपने रास्तों को उस तरह से नहीं खोला है, जैसे दक्षिण कोरिया और ताइवान जैसे देश कर रहे हैं। तथ्य है, इन छोटे देशों के शेयर बाजार का मूल्य भारतीय शेयर बाजार से ज्यादा हो गया है। भारतीय शेयर बाजार का मूल्य दो साल पहले दुनिया में तीसरे स्थान पर पहुंचने लगा था, मगर अब गिरकर सातवें स्थान पर आ गया है। सबसे मूल्यवान अमेरिकी शेयर बाजार 80 ट्रिलियन डॉलर के करीब है, तो 16 ट्रिलियन डॉलर के साथ चीनी शेयर बाजार दूसरे स्थान पर है, जबकि भारतीय शेयर बाजार का मूल्य पांच ट्रिलियन से भी नीचे आ गया है। ऐसे में, शेयर बाजार में निवेश की गिरावट को रोकना बहुत जरूरी हो गया है।

विदेशी निवेशकों की ताकत को बढ़ाया गया है। उन्हें ज्यादा कर सुविधा के साथ ही शेयर बाजार में अधिक पहुंच की सुविधा दी गई है। सॉवरेन बॉन्ड में निवेश पर कर छूट, विदेशी निवेशकों के लिए निवेश प्रतिबंधों में ढील और विदेशियों के लिए शेयर निवेश सीमा में वृद्धि से निश्चित ही भारतीय निवेश में बढ़ोतरी होगी। इन उपायों से विदेशी निवेशकों का फायदा बढ़ेगा, पर यह जोखिम भारत को उठाना ही पड़ेगा। हमें व्यापकता में सोचना होगा कि हम अपने देश में निवेश बढ़ाने के लिए क्या ठोस उपाय कर रहे हैं? क्या हम भारत में व्यापार को और आसान बना सकते हैं? क्या हम अपनी पूंजी को विदेश जाने से रोक सकते हैं? वास्तव में, देश के विकास को तेज करने के लिए ऐसा करना ही होगा। अच्छी बात है, शुक्रवार को रुपये का मूल्य अमेरिकी डॉलर के मुकाबले पचास पैसे बढ़ा है। किसी भी स्थिति में कोशिश होनी चाहिए कि डॉलर के मुकाबले रुपया स्थिर रहे। आज एक बड़ी आशंका है कि एक डॉलर की कीमत 100 रुपये से ज्यादा न हो जाए। पेट्रोल की कीमत तो पहले ही 100 रुपये के पार चली गई है।

भारतीय रिजर्व बैंक और सरकार द्वारा घोषित ताजा मौद्रिक व आर्थिक उपाय दीर्घकालिक विकास को बल देने के साथ ही विदेशी मुद्रा भंडार भी बढ़ाएंगे।

अर्थव्यवस्था में गिरावट को रोकना प्राथमिकता बने। वैश्विक गिरावट हमारे लिए बहाना न बने, तो ही अच्छा है। भारत दुनिया में सबसे ज्यादा आबादी वाला देश है, उसकी मौद्रिक नीतियां पिछलग्गू न बनें, यह सुनिश्चित करना होगा। निस्संदेह, घोषित उपाय दीर्घकालिक विकास को बल देने के साथ ही विदेशी मुद्रा भंडार को बढ़ाएंगे। रिजर्व बैंक का एक और उपाय खास ध्यान खींच रहा है। अब निर्यातकों को अपनी विदेशी मुद्रा आय को जल्द से जल्द भारत लाना होगा। भारत के हिस्से की विदेशी मुद्रा और कमाई भारत में ही रहे, इसके उपाय बढ़ाने की जरूरत है। रिजर्व बैंक ने उचित ही बैंक दर या रेपो रेट में कोई बदलाव नहीं किया है। जीडीपी विकास दर 6.9 प्रतिशत से घटाकर 6.6 प्रतिशत कर दी गई है, तो खुदरा महंगाई दर अनुमान को 4.6 प्रतिशत से बढ़ाकर 5.1 प्रतिशत कर दिया गया है। भारत अभी भी संभल या संभाल सकता है। विकास की रफ्तार में आ रही अड़चनों को दूर करना होगा। यह खुशखबरी है कि स्वर्ण के भाव में एक प्रतिशत और चांदी के भाव में दो प्रतिशत की कमी देखी गई है। चुनौतियों के बीच जहां भी सुधार के सुखद संकेत दिख रहे हैं, उनसे प्रेरित होने की जरूरत है।

हिन्दुस्तान Hindustan | 75 साल पहले 06 जून, 1951

अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता

प्रजातंत्र में विरोधी दल का महत्व उपेक्षणीय नहीं, किन्तु भारत में विरोधी प्रवृत्तियों का आरंभ जिस रूप में हुआ है वह इस महान देश की तत्वदर्शी एवं समन्वयकारी प्रकृति के अनुकूल नहीं पड़ेगा। पश्चिम से आई हुई 'विरोध के लिये विरोध' अथवा 'स्वार्थ के लिये विरोध' की प्रवृत्ति सद्य-स्थापित भारत-गणराज्य के भविष्य के लिये शुभ नहीं हो सकती।

गत कुछ दिनों में संविधान (प्रथम संशोधन) विधेयक पर संसद के अंदर और बाहर बहुत-कुछ इसी प्रकार का विरोध दिखलाई पड़ रहा है। यद्यपि अब विधेयक पर वैधानिक रूप से अंतिम पर्दा पड़ चुका है, तथापि कुछ क्षेत्रों में उसकी चर्चा समाप्त नहीं हुई। विरोधियों में सर्वाधिक उग्र कुछ पत्र और पत्रकार हैं, जो महसूस करते हैं कि संशोधन से उनकी स्वतंत्रता पर आघात हुआ है। एक पत्र ने तो यहां तक कहा है कि 'पत्रों के पास सरकार से कम शक्तिशाली शस्त्र नहीं है। उन्हें भाषण तथा अभिव्यक्ति-स्वातंत्र्य की रक्षा के लिए अपने वैध तथा योग्य शस्त्रागारों को खोल लेना चाहिए। कुछ अन्य पत्रों ने नेहरूजी की स्पष्ट किन्तु कटु उक्तियों का ऐसे शब्दों में स्मरण किया है, जिन से मानसिक संतुलन का परिचय नहीं मिलता। शनिवार को संशोधन संबंधी वाद-विवाद का उत्तर देते हुए नेहरूजी ने कहा था : 'डा. मुखर्जी ने जिस प्रकार की आलोचनाएं की हैं, वे अपवाद फैलाने वाली हैं, क्योंकि सत्य से उनका कोई संबंध नहीं है। हमसे बार-बार कहा गया है कि आप पत्रों की स्वतंत्रता का दमन कर रहे हैं।' जो व्यक्ति या पत्र ऐसा कहता है वह झूठ बोलता है और जानता है कि वह झूठ बोल रहा है।'

जहां तक पत्रों की स्वतंत्रता का प्रश्न है, श्री जोकीम अलवा के ये शब्द, जो उन्होंने शनिवार की बहस के दौरान संसद में कहे थे, महत्वपूर्ण हैं: '1946 के पूर्व, जबकि भारतीय पत्रों पर नाना प्रकार के प्रतिबन्ध थे और उन्हें भयानक परिस्थितियों से गुजरना पड़ता था, भारतीय पत्रों का सुनहरा समय था। उस समय पत्रकार देशभक्ति से प्रेरित होकर 'देश का मान बढ़ाने के लिए लिखते थे, रुपये के लिए नहीं। किन्तु 1946 के पश्चात् जबकि 'अखबारी नवाबों' ने पत्रों पर अधिकार करना आरंभ किया, पत्रों ने सोने का सच्चा रंग-पीला- ग्रहण कर लिया और वे रुपया-आना-पाई के पत्र बन गये।'

सुप्रीम कोर्ट ने निर्वाचन आयोग की मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया को सही करार दिया है। इसके बाद भी अनेक राजनीतिक दलों, पूर्व चुनाव आयुक्तों और राजनीतिक विश्लेषकों द्वारा इस कवायद पर लगातार टीका-टिप्पणी की जा रही है। क्या उनका यह व्यवहार उचित है? क्या इससे देश की सांविधानिक संस्थाओं की साख को चोट नहीं पहुंचती? प्रस्तुत है, इस विषय पर दो नजरिया :

एसआईआर की प्रक्रिया पर बेबुनियाद हंगामा

यहां स्कैन करें

नवनीत सहगल | पूर्व चेयरमैन, प्रसार भारती

- बकौल सुप्रीम कोर्ट, यह काम निर्वाचन आयोग की सांविधानिक जिम्मेदारी है।
- चिंताजनक है कि पूर्व चुनाव आयुक्त भी प्रक्रिया पर सवाल उठा रहे?
- संस्थाओं पर बार-बार हमले से दुनिया भर में देश की साख पर असर होता है।

किसी भी जीवंत लोकतंत्र की प्राणवायु उसके नागरिकों के विश्वास में निहित होती है। यह विश्वास इस बात पर टिका होता है कि प्रत्येक नागरिक के वोट का मूल्य समान है और चुनाव प्रक्रिया पूरी तरह से निष्पक्ष। अवैध व फर्जी वोटों की उपस्थिति वास्तविक मतदाताओं के अधिकारों का हनन करती है। ऐसे में, जब भारत का निर्वाचन आयोग मतदाता सूची की इन विसंगतियों को दूर करने के लिए 'विशेष गहन पुनरीक्षण' (एसआईआर) जैसा व्यापक अभियान चलाता है, तो उसके विरुद्ध होने वाला राजनीतिक शोर गंभीर सवाल खड़े करता है। मतदाता सूची को शुद्ध करना महज प्रशासनिक औपचारिकता नहीं है, यह एक स्वतंत्र और निष्पक्ष लोकतंत्र की सबसे प्राथमिक शर्त है।

आजकल राजनीतिक विमर्शों में यह माहौल बनाया जा रहा है, मानो एसआईआर कोई अचानक थोपी गई, नई या लोकतंत्र विरोधी प्रक्रिया हो। तथ्य इसके विपरीत हैं। भारत जैसे विशाल और विविधतापूर्ण देश में चुनाव आयोग नियमित रूप से यह कदम उठाता रहा है। वर्ष 2002 से 2004 के बीच देशव्यापी स्तर पर घर-घर जाकर ऐसा ही सघन सत्यापन अभियान चलाया गया था। इसके पश्चात भी जरूरत के अनुसार विभिन्न राज्यों में एसआईआर होते रहे हैं। यह आयोग की एक वैधानिक और स्थापित कार्यप्रणाली है, न कि कोई राजनीतिक हथियार। विडंबना यह है कि जो लोग मतदाता सूची की शुद्धता की मांग करते रहे हैं, वे ही कई बार दोहराव व निष्क्रिय प्रविष्टियों को हटाने की प्रक्रिया पर सवाल उठाते दिखाई दिए। सवाल यह है, यदि एक व्यक्ति का एक से अधिक स्थानों पर पंजीकरण है, तो उस गलती को सुधारना गलत कैसे हो सकता है? यदि मृत लोगों के नाम हटाना आवश्यक है, तो उस प्रक्रिया का विरोध किस तर्क पर आधारित है?

एसआईआर के विरोध में सबसे मुखर आरोप यह लगाया जाता है कि चुनाव आयोग मनमाने ढंग से लाखों मतदाताओं के नाम काट रहा है। यह आरोप भ्रामक है। किसी भी नागरिक का नाम रातोंरात या बिना सूचना के नहीं हटाया जाता। इसकी एक पारदर्शी त्रि-स्तरीय प्रक्रिया होती है। यह समझना अत्यंत आवश्यक है कि चुनाव आयोग स्वयं घर-घर नहीं जाता। जमीनी स्तर पर यह पूरा कार्य बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ), तहसीलदार और राज्य सरकार के स्थानीय कर्मचारियों द्वारा किया जाता है। सत्यापन के बाद एक प्रारूप सूची सार्वजनिक की जाती है। यदि किसी मतदाता का नाम गलती से कट गया है, तो उसे दावा करने और पुनः अपना नाम जुड़वाने का पूरा कानूनी अधिकार और समय दिया जाता है।

एक स्वस्थ लोकतंत्र में संस्थाओं की आलोचना आवश्यक है, लेकिन आलोचना और अविश्वास पैदा करने में अंतर होता है। पिछले कुछ वर्षों में एक प्रवृत्ति देखने को मिली है, जिसमें चुनावी परिणाम अनुकूल होने पर संस्थाओं की निष्पक्षता स्वीकार कर ली जाती है और प्रतिकूल होने पर सवाल खड़े किए जाने लगते हैं। यह प्रवृत्ति केवल चुनाव आयोग तक सीमित नहीं है। ईवीएम से लेकर मतदाता सूची तक, कई विषयों पर यही रवैया देखने को मिला है।

चिंता की बात यह है कि ऐसे आरोप घरेलू राजनीति तक सीमित नहीं रहते। जब बार-बार कहा जाता है कि चुनाव आयोग निष्पक्ष नहीं है, मतदाता सूची से छेड़छाड़ हो रही है या चुनावी प्रक्रिया पर भरोसा नहीं किया जा सकता, तो उसका प्रभाव वैश्विक स्तर पर भी पड़ता है। दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र होने के कारण भारत की चुनावी प्रक्रिया पर वैश्विक नजर रहती है। ऐसे में, बिना पर्याप्त तथ्यों के लोकतांत्रिक संस्थाओं पर संदेह खड़ा करना देश की संस्थागत साख को प्रभावित कर सकता है।

चिंताजनक बात यह भी है कि कुछ पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त, चुनाव आयुक्त भी इस पूरी प्रक्रिया पर सवाल उठाकर माननीय उच्चतम न्यायालय के फैसले पर प्रश्नचिह्न लगाने का प्रयास कर रहे हैं। वे पूरी प्रक्रिया को भली-भांति जानते हैं और अपने कार्यकाल के दौरान समय-समय पर इस प्रक्रिया का हिस्सा भी रह चुके हैं।

अपने प्रशासनिक जीवन में कई बार चुनावी प्रक्रियाओं का हिस्सा रहने के कारण यह लेखक भली-भांति जानता है कि चुनाव आयोग किसी प्रक्रिया को एक सीमा तक ही प्रभावित कर सकता है, क्योंकि यह अत्यंत व्यापक व्यवस्था है, जिसमें बड़ी संख्या में अधिकारी व कर्मचारी विभिन्न स्तरों पर कार्य करते हैं। ऐसे में, चुनाव की किसी प्रक्रिया को नियमों के विरुद्ध प्रभावित करना व्यावहारिक रूप से संभव नहीं है। चुनाव आयोग पर राजनीतिक दलों के आरोपों और टिप्पणियों को जागरूक नागरिक सहजता से विश्वास नहीं करता, लेकिन जब पूर्व चुनाव अधिकारी ऐसी बयानबाजी करते हैं, तो वे अनजाने में खुद के बारे में बन रही उस धारणा को बल देते हैं कि उनकी टिप्पणियों के पीछे राजनीतिक झुकाव काम कर रहे हैं।

एसआईआर को लेकर चले इस पूरे विवाद पर सर्वोच्च न्यायालय ने स्थिति स्पष्ट कर दी है। न्यायालय के अनुसार, मतदाता सूची को त्रुटिहीन और अद्यतन रखना निर्वाचन आयोग की सांविधानिक जिम्मेदारी है। स्वतंत्र व निष्पक्ष चुनाव के लिए एक सटीक मतदाता सूची अपरिहार्य है। यह स्पष्ट संकेत है कि मतदाता सूची को अद्यतन रखना केवल प्रशासनिक सुविधा का विषय नहीं, बल्कि एक सांविधानिक दायित्व भी है। अतः सवाल वहीं लौटता है, जहां से यह चर्चा शुरू हुई थी। यदि मतदाता सूची में मृत लोगों के नाम बने रहे, यदि एक व्यक्ति कई जगह वोटर बना रहे और यदि वर्षों तक कोई व्यापक सत्यापन न हो, तो क्या चुनाव प्रक्रिया की विश्वसनीयता प्रभावित नहीं होगी? यदि इसका उत्तर 'हां' है, तो फिर उन खामियों को दूर करने की प्रक्रिया को भी निष्पक्ष दृष्टि से देखना होगा।

एसआईआर का समर्थन या विरोध करना राजनीतिक विषय हो सकता है, लेकिन मतदाता सूची की शुद्धता का समर्थन करना लोकतांत्रिक आवश्यकता है, क्योंकि भारत के करोड़ों मतदाताओं का हित इसी में है कि हर वोट वास्तविक हो और हरेक मतदाता वैध हो।

(ये लेखक के अपने विचार हैं)

आयोग भी इस कवायद में कमियां मान रहा

यहां स्कैन करें

फैजान मुस्तफा | कुलपति, चाणक्य राष्ट्रीय विधि विवि

- निर्वाचन आयोग के पास नागरिकता तय करने का अधिकार नहीं है।
- एसआईआर में बाहर किए गए तमाम लोग मौलिक अधिकारों के हकदार।
- बिहार में इस प्रक्रिया का नुकसान गरीब महिलाओं को उठाना पड़ा है।

नागरिकता वास्तव में किसी व्यक्ति और राजनीतिक समुदाय के बीच का संबंध है, पर क्योंकि आज, नागरिकता की आधुनिक अवधारणा में 'बाहरी' लोगों को बाहर रखना महत्वपूर्ण हो गया है, इसीलिए *वसुधैव कुटुंबकम* की प्राचीन भारतीय अवधारणा नागरिकता की संकल्पना से मेल नहीं खाती। क्या नागरिकता के मुद्दे को इस प्रकार सुलझाया जाना चाहिए कि हमारे अपने ही लोग विदेशी घोषित कर दिए जाएं या आजीविका या कल्याणकारी योजनाओं से वे वंचित कर दिए जाएं? यह आज का सबसे गंभीर सवाल है।

आमने-सामने

विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के बाद कई राज्य सरकारों ने उन लोगों को कल्याणकारी योजनाओं से बाहर करना शुरू कर दिया है, जिनके नाम एसआईआर सूची में शामिल नहीं हैं। बिहार एसआईआर से जुड़े मामले में सुप्रीम कोर्ट ने जो फैसला सुनाया, वह विधि सम्मत है, लेकिन नागरिकता तय करने के मामले में यह चुनावों से कहीं अधिक महत्वपूर्ण हो गया है, क्योंकि अदालत ने यह माना है कि निर्वाचन आयोग के पास नागरिकता तय करने का अधिकार नहीं है, पर किसी व्यक्ति का नाम मतदाता सूची में शामिल करने से पहले उसकी नागरिकता को लेकर संतुष्ट होने का इख्तियार आयोग जरूर रखता है।

हालांकि, उदार भारतीय संविधान समानता का अधिकार, जीवन का अधिकार और व्यक्तिगत स्वतंत्रता व धर्म की स्वतंत्रता जैसे कुछ मौलिक अधिकार गैर-नागरिकों को भी देता है, इसलिए एसआईआर के बाद वोटर लिस्ट से बाहर किए गए ये लाखों लोग सांविधानिक रूप से इन मौलिक अधिकारों के हकदार हैं, और बने रहेंगे। अतः उनको कल्याणकारी योजनाओं से बाहर करना भी संविधान की भावना के अनुरूप नहीं हो सकता।

फ्रांस दुनिया का पहला ऐसा देश था, जिसने 1539 में राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर (एनपीआर) को लागू किया था। भारत में भी, साल 2003 में नागरिकता अधिनियम में संशोधन के जरिये एनपीआर का प्रस्ताव सामने आया, जिसके तहत सभी नागरिकों का पंजीकरण और उन्हें राष्ट्रीय पहचानपत्र भी जारी किए जाने थे। किंतु, दुर्भाग्य से असम में, जहां राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर (एनआरसी) का काम सुप्रीम कोर्ट की सीधी देख-रेख में किया गया था, रजिस्टर-प्रकाशन के सात साल बाद भी एक भी व्यक्ति को नागरिकता कार्ड जारी नहीं किया जा सका है। यहां तक कि उन 19 लाख बदकिस्मत लोगों को भी अभी तक 'विदेशी ट्रिब्यूनल' के सामने पेश होने की सूचना नहीं दी गई है, जिन्हें इस प्रक्रिया के बाद बाहर कर दिया गया था। हालांकि, प्रधान न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली सुप्रीम कोर्ट की बेंच ने अपने एसआईआर फैसले में अब चुनाव आयोग को निर्देश दिया है कि वह चार हफ्तों में एसआईआर से बाहर किए गए लोगों की नागरिकता तय करने का मामला गृह मंत्रालय को भेजे।

निस्संदेह, इस फैसले के मुताबिक, चुनाव आयोग नागरिकता का निर्धारण नहीं कर सकता, पर इस फैसले से हमने संदिग्ध या संदेहास्पद नागरिकों की एक नई श्रेणी जरूर बना दी है, जिसके दूरगामी परिणाम होंगे। यह 1997 के चुनाव आयोग के विवादास्पद फैसले की तरह है, जिसमें असम में 'संदिग्ध मतदाताओं' की एक नई श्रेणी बनाई गई थी। दिलचस्प है कि नागरिकता अधिनियम की धारा 6-ए के तहत यह प्रावधान है कि भारतीय मूल के उन विदेशियों को भी, जो 1996 से 1971 के बीच असम में आए और वहीं रह रहे हैं, नागरिकों की तरह सभी अधिकार दिए जाएंगे। बस, उन्हें दस वर्षों तक मतदान का अधिकार नहीं होगा। सुप्रीम कोर्ट ने साल 2024 में इन प्रावधानों को सांविधानिक माना था। ऐसे में, उन वंचित लोगों को कल्याणकारी योजनाओं से बाहर रखना अमानवीय होगा, जो हमारे अपने नागरिक हैं, मगर किसी कारणवश एसआईआर में शामिल नहीं हो सके।

इस बात के भी पुख्ता सुबूत हैं कि बंगाल में जिन लोगों को मतदाता सूची से बाहर रखा गया, उनमें से अधिकतर नागरिक और मतदाता पाए गए। अपीलीय न्यायाधिकरणों से करीब 98 फीसदी लोग मतदाता सूची में शामिल हुए। इसी तरह, बिहार में भी इस प्रक्रिया का नुकसान गरीब महिलाओं को उठाना पड़ा है। वहां अगस्त 2025 की मतदाता सूची में 3.4 करोड़ महिलाएं थीं, जो संख्या जनवरी, 2025 की सूची से 31 लाख कम है।

एसआईआर को मुख्यतः मतदाता सूची की शुद्धता और घुसपैठियों को हटाने के आधार पर सही बताया गया था। किंतु न तो बिहार में और न ही बंगाल में चुनाव आयोग ने उन विदेशियों की सही संख्या बताई, जिन्हें उसने मतदाता सूची से हटाया है। अगर यह संख्या इतनी कम है कि उसका उल्लेख करना भी उचित नहीं, तो इसका यह अर्थ हुआ कि जिन लाखों मतदाताओं को बाहर का रास्ता दिखाया गया है, वे न तो विदेशी हैं और न घुसपैठिए। आदर्श स्थिति तो यही होनी चाहिए कि उनकी नागरिकता साबित करने का बोझ उन्हीं लोगों पर डालना चाहिए, जो यह दावा करते हैं कि वे नागरिक नहीं हैं। विदेशियों विषयक अधिनियम के तहत भी सुबूत का बोझ हम इन लोगों पर नहीं डाल सकते, क्योंकि वे ऐसे विदेशी नहीं हैं, जो अवैध रूप से देश में घुसे हैं। उनके भारत में प्रवेश का कोई प्रमाण नहीं है। चुनाव आयोग ने भी माना है कि वर्तनी की गड़बड़ियों के कारण बंगाल में एसआईआर में विसंगति हो सकती है।

एसआईआर के फैसले में चुनाव आयोग की बड़ी जीत यह थी कि अदालत ने उसके 11 दस्तावेजों की सूची कायम रखी, हालांकि उसने 'आधार' को 12वें दस्तावेज के रूप में स्वयं जोड़ा था। दिलचस्प है, बिहार में लगभग 37 फीसदी वयस्कों के पास इनमें से कोई भी दस्तावेज नहीं था, जबकि 15 से 22 दस्तावेज होने के बावजूद लोगों को असम में एनआरसी से बाहर रखा गया। यहां तक कि मतदाता पहचान पत्र या ईपीआईसी को भी मान्यता न देकर चुनाव आयोग अपनी ही मतदाता सूचियों के खिलाफ जाता दिखा। अब अदालत ने भी माना है कि कोई मतदाता सूची दोषमुक्त नहीं हो सकती।

भारत की संस्कृति बहिष्कार के बजाय समावेशन की रही है। कृपया, इसे कमजोर न करें।

(ये लेखक के अपने विचार हैं)



मनसा वाचा कर्मणा

ज्ञानी होने का मतलब

मुझसे पूछा गया है कि क्या ज्ञानी कभी पाप कर सकता है?

असल में, अज्ञानी ज्ञानी को जब देखता है, तो उसे उसके शरीर से एकरूप मान लेता है। चूंकि वह आत्मा को नहीं जानता और शरीर को ही आत्मा मानता है, तो वह अपनी भूल का ज्ञानी पर भी आरोप करता है। इस तरह वह ज्ञानी को भौतिक आकार मान लेता है। अज्ञानी कर्ता न होने पर भी स्वयं को कर्ता मानता है, अर्थात शरीर की चेष्टाओं को अपने कर्म मानता है। इसी तरह, वह ज्ञानी के शरीर को कर्म करते देख उसे कर्ता मानता है, पर ज्ञानी सत्य जानता है और भ्रम में नहीं पड़ता। ज्ञानी की अवस्था का निर्णय अज्ञानी नहीं कर सकता, अतः यह प्रश्न केवल अज्ञानी को सताता है, ज्ञानी के लिए यह प्रश्न उठता ही नहीं।

ज्ञानी व्यक्ति की विशेषता यह होती है कि वह किसी को अज्ञानी नहीं मानता। उसकी दृष्टि में सभी ज्ञानी हैं। अज्ञान दशा में मनुष्य अपने अज्ञान का आरोप ज्ञानी पर करता है और उसे कर्ता समझता है। ज्ञान दशा में ज्ञानी आत्मा से भिन्न किसी वस्तु को नहीं देखता। आत्मा पूर्ण प्रकाशमय और शुद्ध ज्ञानमय है, इसलिए ज्ञानी की दृष्टि में अज्ञान है ही नहीं। इस प्रकार के आरोप को समझाने के लिए एक दृष्टांत दिया जाता है।

दो मित्र पास-पास सो गए। उनमें से एक ने स्वप्न में देखा कि वे दोनों लंबी यात्रा पर निकले हैं और दोनों को विचित्र अनुभव हुए हैं। जगने पर उसने इन घटनाओं को सुनाकर मित्र से पूछा कि क्या यह सही है? दूसरे ने उसका उपहास करते हुए कहा, वह स्वप्न केवल उसी का था, जो दूसरे किसी को प्रभावित नहीं कर सकता। इसी प्रकार अज्ञानी अपने भ्रमपूर्ण विचारों को दूसरों पर आरोपित करता है।

रमण महर्षि

धर्मेंद्र प्रधान | केंद्रीय शिक्षा मंत्री

स्वस्थ पर्यावरण ही समृद्ध भविष्य की नींव है। हमें टिकाऊ जीवन, प्राकृतिक संसाधनों के जिम्मेदार प्रबंधन और आने वाली पीढ़ियों के लिए एक हरित दुनिया के निर्माण की अपनी सामूहिक प्रतिबद्धता को फिर से पुष्ट करना चाहिए।

यह आग तंत्र की विफलता का प्रमाण

दिल्ली एक बार फिर आग की एक भयावह त्रासदी का गवाह बनी है। 3 जून, 2026 को मालवीय नगर स्थित एक होटल में लगी आग ने 21 लोगों की जान ले ली। कई लोग घायल हुए। कई परिवार हमेशा के लिए टूट गए। यह सिर्फ हादसा नहीं, बल्कि तंत्र की असफलता का प्रमाण है। यह बताता है कि नियमों की अनदेखी कितनी खतरनाक हो सकती है।

सबसे चिंताजनक तथ्य यह है कि जिस भवन को केवल छह कमरों की अनुमति मिली थी, उसमें 25 कमरे संचालित किए जा रहे थे। यह केवल नियमों का उल्लंघन नहीं था। यह लोगों की जान के साथ खिलवाड़ था। सवाल यह है कि यह सब इतने लंबे समय तक कैसे चलता रहा? क्या किसी विभाग ने कभी निरीक्षण नहीं किया? सच यह है कि ऐसे मामले केवल व्यक्तिगत लालच का परिणाम नहीं होते, बल्कि इनके पीछे प्रशासनिक ढिलाई और जवाबदेही का अभाव भी होता है। जब नियमों को कागज तक सीमित कर दिया जाता है, तब दुर्घटनाएं त्रासदी बन जाती हैं। दिल्ली में अनियोजित शहरीकरण भी एक बड़ी समस्या बन चुका है। रिहायशी इलाकों में व्यावसायिक गतिविधियां तेजी से बढ़ी हैं, लेकिन सुरक्षा व्यवस्था उसी अनुपात में विकसित नहीं हुई। जब एक भवन अपनी क्षमता से कई गुना अधिक लोगों को समायोजित करता है, तब खतरा बढ़ जाता है। इसमें केवल सरकार से उम्मीद करना पर्याप्त नहीं होगा। समाज को भी अपनी भूमिका निभानी होगी। नागरिकों को होटल, मॉल या किसी सार्वजनिक भवन में जाते समय सुरक्षा-व्यवस्था पर भी ध्यान देना होगा। यदि इस बार भी हम नहीं चेते, तो अगली त्रासदी बस समय का इंतजार कर रही है।

पुनीत उपाध्याय, टिप्पणीकार

देश भर में ग्रीष्मकाल में होटलों व पर्यटन स्थलों पर भीड़ का बढ़ना नई बात नहीं है। ऐसे में, मालवीय नगर का होटल विगत 3 जून को जानलेवा अग्निकुंड में तब्दील हो गया। होटल की खामियां अग्निशमन विभाग और प्रशासन को उस समय नजर आई, जब अग्निकांड हो चुका। संज्ञान में आया कि होटल मे प्रवेश और निकास के लिए केवल एक ही दरवाजा था, होटल के पास अनिवार्य अनुमति और अग्निशमन विभाग की ओर से फायर एनओसी नहीं थी। व्यावहारिक रूप से देश के महानगरों में छोटी-छोटी जगहों में बने बहुमंजिले होटलों का यदि सर्वेक्षण किया जाए, तो अधिकांश होटलों की यही स्थिति है। समझ में नहीं आता कि हमारा प्रशासन समय रहते होटलों में अग्निशमन हेतु मूलभूत उपकरणों की समुचित जांच क्यों नहीं करता?

सुधाकर आशावादी, टिप्पणीकार

अनुलोम-विलोम

अग्निकांड

जवाबदेही और सुधार से बचेगी जिंदगी

मालवीय नगर की घटना ने पूरे देश को स्तब्ध कर दिया। घटना के दृश्य किसी भी संवेदनशील व्यक्ति के लिए अत्यंत पीड़ादायक थे। यह केवल एक दुर्घटना नहीं थी, यह उस व्यवस्था की विफलता का भयावह प्रमाण थी, जो नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए बनाई गई है। इसके साथ ही इस बात पर ध्यान दिया जाना चाहिए कि हमारे देश की जो आर्थिक-सामाजिक स्थिति है, उसमें इन्हीं आधे-अधूरे संसाधनों से काम चलाना हमारी मजबूरी है। इसलिए जरूरी है कि जो हमारे पास है, उसी को व्यवस्थित कर चौकस तरीके से काम लिया जाए।

देश में इस तरह की घटनाएं आम होती जा रही हैं। दिल्ली की घटना के एक दिन बाद ही बिहार के मुजफ्फरपुर में एक निजी अस्पताल में आग लगने की घटना सामने आई, जिसमें कई मरीजों की मौत हो गई। इसके बाद गाजियाबाद में एक पीजी सह रेस्तरां में आग लगी। असल में, ये घटनाएं हमारे सामाजिक और राजनीतिक तंत्र के उन गहरे संरचनात्मक दोषों की ओर संकेत करती है।

भारत के अधिकांश महानगर आज अव्यवस्थित शहरीकरण की समस्या से जूझ रहे हैं। संकरी गलियां, अवैध निर्माण, क्षमता से अधिक भीड़, पार्किंग की अव्यवस्था और सुरक्षा मानकों की अनदेखी लगभग हर शहर में सामान्य दृश्य बन चुके हैं। ऐसे में, प्रशासन, समाज और तमाम व्यावसायिक समूहों को अतिरिक्त सतर्कता बरतते हुए काम करना चाहिए। हमारे लोग उन्नत और सुविधा वाली व्यवस्था में जाने की स्थिति में नहीं हैं। अगर ज्यादा दबाव डाला गया तो व्यवसायी अपने हाथ पीछे खींच लेंगे, क्योंकि उनके पास आने वाले ग्राहकों की संख्या ही नहीं बचेगी। तब तो जो सुविधाएं कम खर्च करके लोग उठा रहे हैं, वे भी नदारद हो जाएंगी और समाज में और हाहाकार मच जाएगा।

विभा चौधरी, गृहिणी

आरबीआई ने कहा, कमजोर मानसून, अल नीनो और महंगी चीजों का दिखेगा असर

आसार: इस वर्ष महंगाई सताएगी

नई दिल्ली, एजेंसी। भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मलहोत्रा ने इस साल खुदरा महंगाई में बढ़ोतरी की चेतावनी जारी की है। उन्होंने शुक्रवार को मौद्रिक नीति समीक्षा बैठक के नतीजों की घोषणा करते हुए चालू वित्त वर्ष 2026-27 के लिए उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित महंगाई दर का अनुमान 4.5% से बढ़ाकर 5.1% कर दिया। इसके अलावा उन्होंने रेपो रेट में कोई बदलाव न करते हुए इसे 5.25% पर बरकरार रखा है। वहीं, वास्तविक आर्थिक वृद्धि का अनुमान 6.9% से घटाकर 6.6% कर दिया।

उन्होंने कहा कि पेट्रोल की खुदरा कीमतों में मई से अब तक कुल 7.4 प्रतिशत और डीजल में 8.4 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। इस बढ़ोतरी का कुल महंगाई पर करीब 0.36 प्रतिशत का सीधा असर पड़ेगा। इसके साथ दूसरे दौर के प्रभाव आने वाले महीनों में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति में दिखाई देंगे।

वैश्विक ऊर्जा कीमतों में बढ़ोतरी का असर वाणिज्यिक एलपीजी, औद्योगिक कच्चे माल, रसायन, रबड़ और प्लास्टिक उत्पादों जैसे अन्य कच्चे माल पर भी दिख रहा है। साथ ही, कच्चे माल की लागत बढ़ने के दूसरे चरण के प्रभाव आगे चलकर महंगाई पर दबाव डाल सकते हैं। अमेरिकी डॉलर की मजबूती के सामने रुपये की कमजोरी के कारण जरूरी सामानों के आयात पर असर महंगाई को बढ़ाने में मदद करेगी।

इसके अलावा उन्होंने कहा कि अत्यधिक गर्मी और मानसून की अनिश्चितता की वजह से दाल, सब्जियों जैसी खाने-पीने की चीजों की कीमतें बढ़ने का जोखिम बना हुआ है। अल नीनो की वजह से कृषि पैदावार पर भी असर हो सकता है।

इस वित्तीय वर्ष महंगाई का अनुमान



सालाना आर्थिक वृद्धि दर का अनुमान

■ 6.9% से घटाकर 6.6% कर दिया

जून 2026 तिमाही 6.8% से घटाकर 6.6%	**दिसंबर 2026 तिमाही** 7.0 से घटाकर 6.5%
सितंबर 2026 तिमाही 6.7% से घटाकर 6.3%	**मार्च 2027 तिमाही** 7.2% से घटाकर 6.8%

मौद्रिक नीति में पांच प्रमुख ऐलान

1 महंगाई का अनुमान बढ़ाया भारतीय रिजर्व बैंक ने वित्त वर्ष 2026-27 के लिए खुदरा महंगाई का अनुमान बढ़ाकर 5.1 प्रतिशत कर दिया, जो पहले 4.6 प्रतिशत था।

2 रेपो रेट स्थिर रखी रेपो रेट को 5.25 प्रतिशत पर बरकरार रखने का फैसला किया गया है। इसका मतलब है कि आपके मासिक किस्त बढ़ने का फिलहाल कोई आसार नहीं है।

3 जीडीपी का अनुमान घटाया वित्त वर्ष के लिए जीडीपी वृद्धि दर का अनुमान घटाकर 6.6 प्रतिशत कर दिया है। इससे पहले आरबीआई ने 6.9 प्रतिशत वृद्धि दर का अनुमान जताया था।

4 मानसून और अलनीनो का जोखिम आरबीआई ने कहा कि खाद्य महंगाई अब भी चिंता का एक प्रमुख विषय बनी हुई है। केंद्रीय बैंक के अनुसार, आने वाले महीनों में मानसून की स्थिति कृषि उत्पादन और खाद्य कीमतों के रुझान को प्रभावित कर सकती है।

5 प्लास्टिक के नोट लाने पर विचार गवर्नर मल्होत्रा ने कहा कि आरबीआई देश में पॉलीमर यानी प्लास्टिक के नोट लाने पर विचार कर रहा है। उन्होंने कहा कि यह प्रस्ताव अभी विचार के स्तर पर है। और इसके विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की जा रही है।

फैसला

रुपया संभालने के लिए विदेशी निवेशकों को छूट

विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने 2026 में अब तक भारतीय शेयर बाजार से 2.25 लाख करोड़ रुपये से अधिक निकाल लिए हैं जो पूरे 2025 के कुल बाहरी निवेश से भी ज्यादा है।

1. विदेशी निवेशकों को अधिक निवेश अवसर
पूर्ण सुलभ मार्ग से निवेश योग्य प्रतिभूतियों का दायरा बढ़ाया जाएगा। इसमें 15, 30 और 40 वर्ष की अवधि वाली सभी नई सरकारी प्रतिभूतियों को शामिल किया जाएगा। अबतक 10 साल की अवधि शामिल थी।

2. एनआरआई-ओसीआई की निवेश सीमा बढ़ी
गैर-निवासी भारतीयों और विदेश में रहने वाले भारतीय नागरिकों को भारतीय शेयरों और अन्य वित्तीय साधनों में अधिक निवेश की अनुमति दी गई है। यही सुविधा विदेश में रहने वाले सभी व्यक्तिगत निवेशकों को भी प्रदान की जाएगी।

3. विदेशी मुद्रा जमा प्रोत्साहन
बैंकों को विदेशी मुद्रा में एनआरआई जमा जुटाने के लिए हेजिंग लागत पर विशेष सुविधा दी जाएगी, जिससे डॉलर जमा बढ़ाने में मदद मिलेगी।

4. मुद्रा अदलाबदली की छूट
विदेशी मुद्रा जुटाने वाली कंपनियों और बैंकों के लिए रियायती विदेशी मुद्रा अदलाबदली सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी, जिससे डॉलर फंडिंग सस्ती होगी।

5. निर्यात आय अवधि बढ़ी
निर्यातकों के लिए निर्यात आय को भारत लाने की समयसीमा फिर से नौ महीने की गई है। आरबीआई के इस फैसले से कारोबारियों को राहत मिलने की उम्मीद है।

6. सरकारी बॉन्ड में विदेशी निवेशकों के लिए टैक्स छूट
सरकार ने एक अध्यादेश के जरिये विदेशी फंडों के लिए सरकारी बॉन्ड में निवेश पर 12.5% का लॉन्ग टर्म कैपिटल गेन्स टैक्स और ब्याज से आय पर 20% का विदहोल्डिंग टैक्स, दोनों खत्म कर दिए हैं। अगर कोई विदेशी निवेशक भारत के सरकारी बॉन्ड खरीदता है तो उसे अब कोई टैक्स नहीं देना होगा।

बाजार 30s

शेयर बाजार

सेंसेक्स			निफ्टी		
74,243 -116.67			23,366 -49.85		
टॉप गेनर			**टॉप गेनर**		
कंपनी	बंद भाव	बदलाव%	कंपनी	बंद भाव	बदलाव%
हिंदुस्तान यूनि.	2121.80	2.10	अदाणी ईएनटी	3043.00	2.36
अदाणी पोर्ट्स	1823.10	1.82	हिंदुस्तान यूनि.	2121.20	2.01
टॉप लूजर			**टॉप लूजर**		
ट्रेंट	2774.65	-2.21	विप्रो	198.05	-3.07
टीसीएस	2198.25	-1.85	हिंडाल्को	1092.00	-2.99

कमोडिटी

	भाव	बदलाव
सोना	1,59,900	-400
चांदी	2,60,700	-5,000

करेंसी
डॉलर/रुपया
95.18 +0.56

ई85 ईंधन पेश, पेट्रोल से ₹20 सस्ता

नई दिल्ली। सरकार ने फ्लेक्स-फ्यूल वाहनों के लिए तैयार उच्च-एथनॉल मिश्रण वाले ईंधन ई85 को सामान्य पेट्रोल की तुलना में 20 रुपये प्रति लीटर की छूट पर शुक्रवार को पेश किया। यह ईंधन शुरू में चुनिंदा पेट्रोल पंपों पर उपलब्ध होगा और इसका उपयोग केवल फ्लेक्स-फ्यूल इंजन से लैस वाहनों में ही किया जा सकता है। केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर यहां इंडियन ऑयल के एक पेट्रोल पंप पर ई85 ईंधन का अनावरण किया।

विदेशी मुद्रा भंडार 93.8 करोड़ डॉलर बढ़ा

मुंबई। देश का विदेशी मुद्रा भंडार 28 मई को समाप्त सप्ताह में 93.8 करोड़ डॉलर बढ़कर 682.32 अरब डॉलर हो गया। इसके एक सप्ताह पहले यह भंडार 7.51 अरब डॉलर घटकर 681.38 अरब डॉलर रह गया था। इस वर्ष 27 फरवरी को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार 728.49 अरब डॉलर के अपने उच्चतम स्तर पर पहुंच गया था।

रुपया 56 पैसे उछलकर 95.18 प्रति डॉलर पर

मुंबई। रिजर्व बैंक द्वारा विदेशी पूंजी प्रवाह को समर्थन देने और विदेशी मुद्रा तरलता मजबूत करने के उपायों की घोषणा के बाद शुक्रवार को रुपया 56 पैसे मजबूत होकर डॉलर के मुकाबले 95.18 पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की मौद्रिक नीति में की गई घोषणाओं से निवेशकों का भरोसा बढ़ा है। केंद्रीय बैंक ने कहा कि देश का विदेशी मुद्रा भंडार बाहरी झटकों से निपटने के लिए काफी है। रुपया गुरुवार को दो पैसे की बढ़त के साथ अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 95.74 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था।

एक चौथाई परिवार इंटरनेट सुविधा से वंचित

नई दिल्ली। देश में मोबाइल फोन की उपलब्धता लगभग हर परिवार तक होने के बावजूद बड़ी संख्या में परिवार अब भी इंटरनेट से दूर हैं। एनसीईएआर की रिपोर्ट के मुताबिक, 95.1% परिवारों के पास मोबाइल फोन है, लेकिन 27.5% परिवार अब भी डिजिटल दुनिया से नहीं जुड़ पाए हैं। यह स्थिति देश में डिजिटल असमानता को उजागर करती है।

आरबीआई ने केनरा बैंक पर जुर्माना लगाया

मुंबई। भारतीय रिजर्व बैंक ने केनरा बैंक पर 'अपने ग्राहक को जानें' (केवाईसी) समेत कुछ नियमों का पालन नहीं करने पर 41.8 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। 31 मार्च, 2025 तक बैंक की वित्तीय स्थिति के आधार पर किए गए निगरानी मूल्यांकन में यह पाया कि केनरा बैंक ने तय समय-सीमा के भीतर कुछ ग्राहकों के केवाईसी रिकॉर्ड केंद्रीय केवाईसी रिकॉर्ड्स रजिस्ट्री पर अपलोड नहीं किए थे।

विशेषज्ञ बोले, आगे चलकर बढ़ सकती हैं ब्याज की दरें

प्रतिक्रिया

नई दिल्ली, एजेंसी। ब्याज दरों पर यथास्थिति रखने के भारतीय रिजर्व बैंक के फैसले को विशेषज्ञों ने संतुलित कदम बताया।

उद्योग मंडल एसोचैम के महासचिव सौरभ सान्याल ने कहा कि 5.25 फीसदी पर रेपो दर को यथावत रखना कारोबारी धारणा को मजबूती देगा और आर्थिक वृद्धि को गति प्रदान करेगा।

उन्होंने कहा कि मौजूदा वैश्विक अनिश्चितताओं और पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था की वृद्धि मजबूत बने रहने की उम्मीद है। यह निर्णय महंगाई को लक्षित दायरे में रखते हुए आर्थिक वृद्धि को समर्थन देने के बीच संतुलन को दर्शाता है।

बैंक ऑफ बड़ौदा के मुख्य अर्थशास्त्री मदन सबनवीस ने कहा कि महंगाई अनुमान में बढ़ोतरी यह संकेत देती है कि आने वाले समय में एक से दो बार ब्याज दरों में वृद्धि हो सकती है। मानसून और वैश्विक परिस्थितियों का प्रभाव भी अर्थव्यवस्था पर पड़ेगा। विदेशी पूंजी प्रवाह (एफपीआई), बाह्य वाणिज्यिक उधारी (ईसीबी) और एनआरआई जमा पर उठाए गए कदम रुपये को मजबूत करने के लिए एक सकारात्मक पहल है।

सेवा-कारखाना क्षेत्र ने संभाली वृद्धि की रफ्तार

नई दिल्ली, एजेंसी। कारखाना और सेवा क्षेत्र के बेहतर प्रदर्शन ने जीडीपी को सहारा दिया। इसी के दम पर भारतीय अर्थव्यवस्था ने वित्त वर्ष 2025-26 की चौथी तिमाही में अनुमान से बेहतर प्रदर्शन किया है।

शुक्रवार को राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार, इस तिमाही में देश की जीडीपी वृद्धि दर 7.8% रही, जबकि विशेषज्ञों का अनुमान 7.3% था। इससे पहले तीसरी तिमाही की संशोधित जीडीपी वृद्धि दर 8% दर्ज की गई थी।

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय के अनुसार, पूरे वित्त वर्ष 2025-26 में भारत की जीडीपी वृद्धि दर 7.7 फीसदी रही, जबकि फरवरी में इसका अनुमान 7.6% लगाया गया था। पिछले वित्त वर्ष में यह 7.1 फीसदी थी। मजबूत मांग और उत्पादन से अर्थव्यवस्था ने रफ्तार पकड़ी।

ताजा आंकड़े दिखाते हैं कि वैश्विक चुनौतियों के बीच भी भारतीय अर्थव्यवस्था दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में बनी हुई है। सरकार के अनुसार, आधार वर्ष को अपडेट करने के साथ आंकड़ों के स्रोतों का भी विस्तार किया गया है।

सेवा और उत्पादन का दम : आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, जनवरी-मार्च तिमाही में सकल मूल्य वर्धन 7.9 प्रतिशत बढ़ा, जो यह दर्शाता है कि वृद्धि केवल मांग पर आधारित नहीं थी, बल्कि उत्पादन में मजबूती भी रही। उत्पादन और सेवा क्षेत्रों के बेहतर प्रदर्शन ने जीडीपी को सहारा दिया। हालांकि, इस तिमाही के अंतिम महीने मार्च में ही पश्चिम एशिया में छिड़े संघर्ष का असर नजर आया, लेकिन यह तनाव जारी रहने से कच्चे तेल की कीमतों में आए उछाल और आपूर्ति में पैदा हुए गतिरोध का असर आने वाले समय में देखने को मिलेगा।

7.7% रही देश की आर्थिक वृद्धि दर बीते वर्ष

7.8% रही बीते साल की अंतिम तिमाही में दर

आधार वर्ष बदला
जीडीपी को नए आधार वर्ष 2022-23 के पैमाने पर नई श्रृंखला के तहत जारी किया गया है। आर्थिक अनुमानों को ज्यादा सटीक बनाने के लिए जीएसटी नेटवर्क, ई-वाहन डेटाबेस और कुक, ड्राइवर और की सेवाओं से जुड़ा डेटा भी शामिल किया गया है।

लोगों पर असर
नए आधार वर्ष का आम लोगों की जेब पर सीधा असर नहीं पड़ेगा, लेकिन इससे सरकार, निवेशकों और अर्थव्यवस्था को देखने का नजरिया बदल सकता है। सही आंकड़ों से सरकार बेहतर नीतियां बना सकेगी। सही जगह पैसा लगेगा और विदेशी निवेश भी बढ़ेगा।

स्थिर दर से आवास क्षेत्र में मांग बढ़ेगी

नई दिल्ली, एजेंसी। ब्याज दरों में कोई बदलाव न होने से आवास मांग बढ़ने की उम्मीद है। रियल एस्टेट कंपनियों के निकाय क्रेडाई के अध्यक्ष शेखर पटेल ने कहा कि आरबीआई ने रेपो दर को 5.25 प्रतिशत पर बनाए रखने का फैसला सोच-समझकर लिया है। ऐसे माहौल में रियल एस्टेट क्षेत्र में स्थिरता बनी रहने में मदद मिलेगी।

उन्होंने कहा कि दरों में कोई बदलाव न होने से आवास ऋण लेने वालों को राहत मिलेगी और उनकी ईएमआई पर कोई अतिरिक्त बोझ नहीं पड़ेगा।

नेशनल रियल एस्टेट डेवलपमेंट काउंसिल (नारेडको) के अध्यक्ष प्रवीण जैन ने कहा कि ब्याज दर को यथावत रखने का निर्णय अर्थव्यवस्था और रियल एस्टेट क्षेत्र के लिए सकारात्मक है। वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच यह कदम बाजार में स्थिरता बनाए रखने और उपभोक्ता विश्वास को मजबूत करने में सहायक होगा। रियल एस्टेट क्षेत्र के लिए ब्याज दरों में स्थिरता मांग बढ़ाने वाला एक अहम कदम है, क्योंकि यह सीधे तौर पर घर खरीदने वालों की सोच, खरीदने की क्षमता और लंबे समय के निवेश की योजना पर असर डालती है।

इमामी रियल्टी के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी नितेश कुमार ने कहा कि आरबीआई का रेपो दर को यथावत रखने का निर्णय एक संतुलित और दूरदर्शी कदम है। वैश्विक आर्थिक परिस्थितियों को देखते हुए एक संतुलित और सोच-समझकर लिया गया फैसला है।

■ आवास ऋण लेने वालों पर अतिरिक्त बोझ नहीं पड़ेगा
■ रियल एस्टेट के लिए सकारात्मक निर्णय

अतिरिक्त ब्याज से जमा जुटाना गलत

मुंबई, एजेंसी। भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने कहा कि पहले से घोषित दर से अधिक ब्याज देकर जमा आकर्षित करना केंद्रीय बैंक को स्वीकार्य नहीं है।

हालांकि आरबीआई के मुताबिक वरिष्ठ नागरिकों को अधिक ब्याज दिया जा सकता है और जमा की अवधि के आधार पर दरें अलग हो सकती हैं।

उन्होंने हालांकि एचडीएफसी बैंक से जुड़े मामले पर विशिष्ट रूप से टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। आरोप है कि बैंक ने बड़ी राशि जुटाने के लिए अतिरिक्त भुगतान किया एवं उसे विपणन खर्च के रूप में दिखाया।

मत्स्य निर्यात 30 अरब डॉलर पहुंचेगा : गोयल

विशाखापत्तनम, विशेष संवाददाता। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा है कि भारत ने बीते साढ़े तीन वर्षों में नौ देशों के साथ सात मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) किए हैं।

इन समझौतों से 38 विकसित और विकासशील देशों के बाजार भारत के लिए खुल गए हैं। ऐसे में भारत को अगले पांच वर्षों में मत्स्य उत्पाद (सीफूड) का निर्यात बढ़ाकर 30 अरब अमेरिकी डॉलर करने का लक्ष्य हासिल करने का पर्याप्त अवसर है। इन देशों के साथ सभी एफटीए में मत्स्य उत्पादों के निर्यात को बढ़ावा देने के विशेष प्रावधान हैं।

इस कार्यक्रम में केंद्रीय मत्स्य पालन, पशुपालन एवं डेयरी मंत्री राजीव रंजन सिंह ने कहा कि वैश्विक मत्स्य निर्यात में भारत की हिस्सेदारी बढ़ाने की जरूरत है। वहीं, केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू ने कहा कि सरकार देश में हवाई अड्डों की संख्या बढ़ाकर 350 से अधिक करने की दिशा में काम कर रही है। अधिक कार्गो हवाई अड्डे विकसित करने की भी योजना है।

गुणवत्ता से ना करें समझौता : चिराग

केंदीय खाद्य प्रसंस्करण मंत्री चिराग पासवान ने कहा कि भारत में निर्यात को बढ़ावा देने के लिए पर्याप्त संभावनाएं मौजूद हैं लेकिन मौजूदा समय में उत्पादकता बढ़ाने के साथ गुणवत्ता पर भी ध्यान दिए जाने की जरूरत है। उन्होंने उत्पादकों व निर्यात को से आवाहन किया कि मुनाफा भले ही दो प्रतिशत कम कर ले लेकिन गुणवत्ता से कोई समझौता न करें। अगर हम उच्च गुणवत्ता के उत्पाद तैयार करते हैं तो उनकी वैश्विक बाजार में मांग अधिक होगी।

अमेरिका से वार्ता तेजी से आगे बढ़ी

केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा है कि भारत और अमेरिका के बीच प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते को लेकर बातचीत तेजी से आगे बढ़ रही है। अगले महीने के मध्य तक व्यापार समझौते का पहला चरण पूरा होगा।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि दो से चार जून तक व्यापार समझौते को लेकर नई दिल्ली आयोजित बैठकों में अमेरिकी प्रतिनिधि मंडल साथ विस्तृत और सकारात्मक चर्चा हुई।

भारतीय प्रवासियों ने अमेरिका में बनाईं यूनिकॉर्न

उपलब्धि

वाशिंगटन, एजेंसी। अमेरिका में 96 यूनिकॉर्न कंपनियां बनाने में भारतीय प्रवासियों का बड़ा योगदान रहा है। यह जानकारी एक अध्ययन में सामने आई है। अप्रैल 2026 तक अमेरिका की सभी 775 यूनिकॉर्न कंपनियों के संस्थापकों के मूल देशों की जांच की गई। इसमें भारत 96 यूनिकॉर्न के साथ शीर्ष पर रहा।

नेशनल फाउंडेशन फॉर अमेरिकन पॉलिसी के अध्ययन में कहा गया कि भारतीय मूल के उद्यमियों ने या तो 96 अमेरिकी यूनिकॉर्न की स्थापना की है, या उनमें सह-संस्थापक रहे हैं। इनमें एआई आधारित सर्च इंजन परप्लेक्सिटी भी शामिल है। इसकी सह-स्थापना अरविंद श्रीनिवास ने की है। कंपनी का मूल्यांकन 20 अरब अमेरिकी डॉलर है और यह सूची में 12वें स्थान पर है।

अध्ययन के अनुसार, अमेरिका के यूनिकॉर्न स्टार्टअप के प्रवासी संस्थापकों के मूल देशों की सूची में भारत 96 कंपनियों के साथ शीर्ष पर है। इसके बाद इजराइल (60), ब्रिटेन (47), चीन (41), कनाडा (30), रूस (23), फ्रांस (21), जर्मनी (18), यूक्रेन (16), ऑस्ट्रेलिया (14), पाकिस्तान (10) और रोमानिया (10) का स्थान है।

अध्ययन के लेखक स्टुअर्ट एंडरसन के अनुसार, अमेरिका के निजी क्षेत्र में यूनिकॉर्न स्टार्टअप कंपनियों में 59 प्रतिशत (775 में से 455) की स्थापना या सह-स्थापना प्रवासी उद्यमियों ने की है।

रिपोर्ट में कहा गया कि प्रवासी संस्थापकों वाली इन कंपनियों ने औसतन प्रति कंपनी 833 रोजगार सृजित किए हैं।

वहीं, करीब 80 प्रतिशत यूनिकॉर्न में या तो प्रवासी संस्थापक हैं या फिर सीईओ अथवा इंजीनियरिंग उपाध्यक्ष जैसे प्रमुख नेतृत्व पदों पर प्रवासी शामिल हैं। भारतीय मूल के छह संस्थापक मोहित अरोड़ा, ज्योति बंसल, आशुतोष गर्ग, अरविंद जैन, सचिन नायर और अजीत सिंह भी इस सूची में शामिल हैं।

■ नेशनल फाउंडेशन फॉर अमेरिकन पॉलिसी के अध्ययन में दावा
■ इजराइल 60 यूनिकॉर्न के साथ दूसरे नंबर पर रहा

'सुधार एक्सप्रेस' को लेकर प्रतिबद्ध

नई दिल्ली, एजेंसी। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि सरकार वैश्विक चुनौतियों के बीच सकारात्मक आर्थिक गति बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है।

सीतारमण ने सोशल मीडिया पर लिखा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार वैश्विक चुनौतियों के बीच सकारात्मक आर्थिक गति बनाए रखने के लिए निर्णायक नीतिगत उपायों के साथ 'सुधार एक्सप्रेस' को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है।

वित्त मंत्री का यह बयान देश की जीडीपी के आंकड़े अनुमान से बेहतर आने पर आया है।

एलआईसी के भी तीन सौ करोड़ फंसे

नई दिल्ली, एजेंसी। सोने का कारोबार करने वाली कंपनी राजेश एक्सपोर्ट्स पर सेबी की कार्रवाई के बाद एलआईसी को सबसे बड़ा झटका लगा है। सेबी का आरोप है कि इस कंपनी ने फर्जी तरीके से 15.15 लाख करोड़ रुपये का राजस्व दिखाया है।

इस खबर के बाद से लगातार राजेश एक्सपोर्ट्स के शेयरों में गिरावट आ रही है। इस कंपनी में भारतीय जीवन बीमा निगम के करीब तीन सौ करोड़ रुपये फंसे हैं।

सेबी की अंतरिम जांच में कथित तौर पर करीब ₹15.15 लाख करोड़ के राजस्व संबंधी अंतर और गलत प्रस्तुति की बात सामने आई है। हालांकि, कंपनी ने बीएसई पर जानकारी देकर अपना पक्ष रखा। कंपनी ने कहा कि उसने कुछ भी गलत नहीं किया है और उसकी सभी वित्तीय जानकारियां सही हैं। कंपनी ने आगे कहा कि सेबी के अंतरिम आदेश में किसी भी तरह की कोई अनियमितता की रिपोर्ट नहीं दी गई और सेबी ने कंपनी के खिलाफ कोई जुर्माना या कार्रवाई की घोषणा नहीं की।

राजेश एक्सपोर्ट्स में बीमा कंपनी की बड़ी हिस्सेदारी

राजेश एक्सपोर्ट्स में भारतीय जीवन बीमा निगम की बड़ी हिस्सेदारी है। मार्च 2026 तक के आंकड़ों के अनुसार, एलआईसी के पास कुल 10.8 प्रतिशत की हिस्सेदारी है। राजेश एक्सपोर्ट्स का शुक्रवार को बाजार पूंजीकरण करीब तीन हजार करोड़ रहा। ऐसे में एलआईसी की कुल हिस्सेदारी 10.80 फीसदी के हिसाब से करीब 300 करोड़ रुपये फंस गए हैं। वहीं, विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक (एफपीआई) के पास 14.19 प्रतिशत, रिटेल निवेशक के पास 14.55 प्रतिशत, एनआरआई और अन्य निवेशक के पास 4.81 प्रतिशत की हिस्सेदारी है। बाकी 54.55 प्रतिशत हिस्सेदारी कंपनी के मालिकों के पास है।

जरूर जानें एटीएम ऑपरेटरों को मार्च में उनकी जरूरत का सिर्फ 64% और अप्रैल में 57% ही नगद मिला, जबकि भारतीय रिजर्व बैंक एक साल पहले की तुलना में 12% अधिक नगदी की बात कह रहा

नोट कम नहीं, एटीएम तक नगदी पहुंचाने के संकट से जूझ रहे हैं ऑपरेटर

■ कीर्ति झा

नई दिल्ली। एटीएम ऑपरेटर नगदी संकट की चेतावनी दे रहे हैं, जबकि भारतीय रिजर्व बैंक के आंकड़े कुछ और ही कह रहे हैं। आरबीआई के अनुसार, 22 मई तक चलन में मौजूद नोटों का कुल मूल्य रिकॉर्ड ₹42.54 लाख करोड़ था, जो एक साल पहले की तुलना में लगभग 12% ज़्यादा हैं। फिर भी एटीएम ऑपरेटर चेतावनी दे रहे हैं कि कुछ मशीनों में नगदी की कमी हो सकती है।

एटीएम ऑपरेटरों, लॉजिस्टिक्स कंपनियों और सेवा प्रदाताओं का प्रतिनिधित्व करने वाली संस्था 'कॉन्फेडरेशन ऑफ एटीएस इंडस्ट्री' ने नगदी में भारी कमी की ओर इशारा किया है। 'इंडियन बैंक्स एसोसिएशन' को सौंपी गई रिपोर्ट के अनुसार, ऑपरेटरों को मार्च में उनकी नगदी की ज़रूरत का सिर्फ 64% और अप्रैल में 57% ही कैश मिला। ऑपरेटरों को मार्च और अप्रैल में नोट भरने के लिए लगभग ₹94,000 करोड़ की जरूरत थी। मार्च में सिर्फ ₹61,000 करोड़ और अप्रैल में ₹54,000 करोड़ नगद ही उपलब्ध हो पाया। डेटा से पता चलता है कि एटीएम लेनदेन में घटकर 446.5 मिलियन रह गए, जो एक साल पहले 498.4 मिलियन थे।

बैंकिंग प्रणाली में नगदी की कमी नहीं



विशेषज्ञों के मुताबिक एटीएम में नकदी की कमी का मतलब यह नहीं है कि बैंकों के पास धन की कमी हो गई है। देश की बैंकिंग प्रणाली में पर्याप्त नकदी और तरलता मौजूद है। समस्या मुख्य रूप से एटीएम तक नगदी पहुंचाने और उन्हें समय पर भरने की प्रक्रिया से जुड़ी हुई है। बैंकों में ग्राहकों के जमा धन पर किसी तरह का खतरा नहीं है और बैंक सामान्य रूप से काम कर रहे हैं। ऐसे में एटीएम में दिखाई देने वाली अस्थायी कमी को बैंकिंग संकट के रूप में नहीं देखना चाहिए।

नगदी आपूर्ति, रीफिलिंग में दिक्कतें आ रहीं

संगठनों का कहना है कि नकदी प्रबंधन कंपनियों को एटीएम में समय पर नोट भरने में कुछ चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। एटीएम तक नकदी पहुंचाने की पूरी प्रक्रिया में बैंक, करेंसी चेस्ट और कैश लॉजिस्टिक्स कंपनियां शामिल होती हैं। यदि किसी स्तर पर नगदी उपलब्ध कराने या उसके परिवहन में देरी होती है तो एटीएम खाली हो सकते हैं। इसके अलावा ईंधन, सुरक्षा और लॉजिस्टिक्स लागत में बढ़ोतरी ने भी एटीएम संचालन की लागत को प्रभावित किया है।

डिजिटल भुगतान ने घटाई नगदी पर निर्भरता

पिछले कुछ वर्षों में यूपीआई, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड और नेट बैंकिंग जैसी डिजिटल भुगतान सेवाओं का उपयोग तेजी से बढ़ा है। इससे रोजमर्रा के लेनदेन के लिए नगदी पर निर्भरता कम हुई है। यही कारण है कि एटीएम में अस्थायी नगदी कमी का असर पहले की तुलना में सीमित रहता है। अधिकांश उपभोक्ता डिजिटल माध्यमों से भुगतान कर सकते हैं और उन्हें बड़ी मात्रा में नकदी रखने की आवश्यकता नहीं पड़ती।

सावधानी बरतें ग्राहक

विशेषज्ञ सलाह देते हैं कि ग्राहकों को घबराकर बड़ी मात्रा में नगदी निकालने की कोशिश नहीं करनी चाहिए। लोगों को कुछ सावधानियां अपनानी चाहिए।

- यूपीआई, कार्ड और नेट बैंकिंग जैसे वैकल्पिक साधनों का उपयोग करें।
- जरूरत पड़ने पर दूसरे बैंक के एटीएम का भी इस्तेमाल करें।
- आपात स्थिति के लिए सीमित मात्रा में नगदी अपने पास रखें।
- अफवाहों और अपुष्ट सूचनाओं पर भरोसा न करें।
- घबराने के बजाय सतर्क रहने की जरूरत

mint

वीगन खाद्य उत्पादों पर लोगो अनिवार्य

नई दिल्ली, एजेंसी। भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) ने एक जुलाई 2027 से वीगन खाद्य उत्पादों के पैकेट पर वीगन लोगो अनिवार्य कर दिया है। कंपनियों को लोगो का आकार, रंग और पैकेज पर उसकी जगह निर्धारित मानकों के अनुसार रखना होगा।

यह प्रावधान खाद्य सुरक्षा एवं मानक (वीगन फूड्स) संशोधन विनियम 2026 के तहत लागू किया गया है। वीगन खाद्य वह उत्पाद हैं, जिसमें किसी भी प्रकार की पशु-उत्पत्ति वाली सामग्री या अन्य प्रसंस्करण का उपयोग नहीं किया गया हो। ये पूरी तरह से पौधों (अनाज, फल, सब्जियां, नट्स) और खनिजों से बने होते हैं।